www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 6 मई 2024, वर्ष-10 अंक- 26 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

लोकतंत्र के महापर्व को रोचक और मनोरंजक बनाने में निर्दलीय प्रत्याशियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। एक निर्दलीय प्रत्याशी हुआ करते थे धरती पकड़ । जिन्होंने सर्वाधिक चुनाव लड़ने का कीर्तिमान रचा था। जहां भी वे चुनाव लड़ने जाते थे चर्चा का विषय बन जाते थे। इस बार भी लोकसभा चुनाव में कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन भरने के दौरान तरह तरह का करतब दिखाया है। कोई भैंस पर तो कोई गधे पर सवार होकर नामांकन पत्र दाखिल करने गया। ये निर्दलीय प्रत्याशी भले चुनाव नहीं जीत पाते लेकिन अपनी अजीबो गरीब हरकतों से लोगों का भरपूर मनोरंजन जरूर करते हैं।

छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर जीत कर इतिहास बनाएगी भाजपा : साय

■ चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को भाजपा कार्यालय में सीएम विष्णुदेव साय की प्रेसवार्ता

रायपुर/नवप्रदेश (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को दावा किया कि राज्य की सभी 11 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी जीत कर इतिहास बनाएगी। छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता में सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश भर से जिस तरह के फीडबैक आ रहे हैं, लगातार होती रही चुनावी सभाओं में जैसी भीड़ उमड़ रही थी, जिस तरह माताओं-बहनों का स्नेह दिख रहा था, उससे वह इस बात के प्रति आश्वस्त हैं प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में जनता से सीधे जुड़ने का यह पहला अवसर था। इस दौरान 20 मार्च से चार मई तक साय ने छत्तीसगढ़ में 66 बड़ी जनसभाएं की।

सीएम साय ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी, गृह मंत्री अमित शाह जी समेत सभी

लोकप्रिय राष्ट्रीय नेताओं की भी लगातार सभाएं हुई, जिससे भाजपा के पक्ष में और अधिक सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा इस चुनाव में मोदीजी की सरकार की दस वर्ष की उपलब्धियों और प्रदेश सरकार की मोदी गारंटियों को पूरा करने का संदेश जनता तक ले जा पाने में सफल हुई है, यही कारण है कि वह परिणाम के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हैं।

कांग्रेस ने लांघी मर्यादा की सभी सीमाएं

साय ने कहा विशेषकर अपने प्रदेश छत्तीसगढ़ में, जहां की तासीर के बारे में सारा देश जानता है, जो सभ्यता और संस्कृति के लिए देश-दुनिया में प्रशंसित चर्चित है। वहां पर कांग्रेस ने जिस तरह का झूठ, दुष्प्रचार और शालीनता की सीमा पार की, उसे किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। विश्व के सबसे बड़े और लोकप्रिय नेता भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के प्रति जिस तरह की भाषा विपक्ष ने इस्तेमाल की है, उससे हम शर्मिंदा हुए हैं। यह बिल्कुल ही अस्वीकार्य है।

भारत को विकसित देशों की कतार में खड़ा करना है

साय ने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और भारत को विकसित देशों की कतार में खड़ा कर देने के लिए हमारे पास जहां एक बड़ा विजन है। जहां हम अपनी योजनाओं, रोडमैप और उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच थे, वहीं देश भर में कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने नकारात्मकता और दुष्प्रचार, बदजुबानी की सारी सीमाएं लांघ दी।

मध्यप्रदेश में कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने छोड़ी पार्टी

सागर, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के सागर जिले के बीना से कांग्रेस विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे ने आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में राहतगढ़ में आयोजित चुनावी सभा के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। सागर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे डॉ. यादव ने श्रीमती सप्रे को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर जिले के भाजपा नेता और विधायक भी मौजूद थे। डॉ यादव ने चुनावी सभा को भी संबोधित किया। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में श्रीमती सप्रे ने बीना विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विजय हासिल की थी।

पब पर छापेमारी में 160 लोग हिरासत में

हैदराबाद, (वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने बंजारा हिल्स स्थित आफ्टर नाइन पब पर छापा मारकर 160 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि यह छापेमारी शनिवार आधी रात को हुई। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला कि पब में नियमों का उल्लंघन हो रहा है। बंजारा हिल्स पुलिस ने प्राप्त जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया, जिसके कारण 40 महिलाओं और 75 युवकों सहित 160 लोगों को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गये सभी के खिलाफ अपराध प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41(ए) के तहत नोटिस जारी किया गया है। छापेमारी के दौरान खुलासा हुआ कि पब प्रबंधन ने ग्राहकों के लिए विभिन्न राज्यों से युवतियों की भर्ती की थी। युवतियों को सैदाबाद के एक बचाव गृह में भेज दिया गया है। पुलिस परिसर में नशीले पदार्थों के उपयोग के आरोपों की भी जांच कर रही है।

यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का है : जगत प्रकाश

■ सूरजपुर में भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के पक्ष में जनसभा

सूरजपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज रविवार को छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहीं भ्रष्टाचार और कुशासन के लिए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना की।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश संगठन मंत्री रामविचार नेतम, पूर्व सांसाद श्रीमती रेणुका सिंह एवं सूरजपुर से लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज सहित अन्य नेता मंच पर उपस्थित रहे।

नड्डा ने कहा कि गत वर्ष विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत से यह सिद्ध हो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने आदिवासियों को दिया ये सम्मान

आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है और जो नहीं कहती है उसे भी पूरा करती है। मोदी जी ने जनजातीय समुदाय को आत्मसम्मान देने का काम किया और आदिवासी समुदाय की बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आदिवासी समुदाय के लिए बजट में 3 गुना वृद्धि की है जिसके तहत विकास कार्य किए जा रहे हैं, एकलव्य विद्यालयों का बजट 21 गुना बढ़ा है। वन उत्पाद की श्रेणी में पहले केवल 10 चीजें शामिल थी, लेकिन आज 90 चीजें उस श्रेणी में शामिल हो गई हैं।

कांग्रेस शासन में ये होता रहा

कांग्रेस शासन में वोटबैंक, परिवारवाद, जातिवाद, धर्म, तुष्टीकरण, की राजनीति होती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने राजनीति की परिभाषा और संस्कृति को बदल दिया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा का आरक्षण खत्म करने का इरादा : राहुल

■ तेलंगाना में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सभा

निर्मल (तेलंगाना), (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को यहां आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का लोकसभा चुनाव में जीत कर सत्ता में आने पर आरक्षण खत्म करने का इरादा है। गांधी ने गरीबों के अधिकारों को कमजोर करते हुए अमीरों को फायदा पहुंचाने के भाजपा के कथित एजेंडे की आलोचना की।

उन्होंने किसानों के फसल ऋण माफ करने के कांग्रेस के प्रस्ताव की तुलना कॉर्पोरेट जगत के लिए ऋण माफकरने के भाजपा के कार्य से करते हुए प्रतिक्रियाओं में विसंगति पर सवाल उठाया। उन्होंने चुनावों को संविधान की रक्षा करने का लक्ष्य रखने वाली कांग्रेस और इसे बदलने की मांग करने वाले एक अन्य समूह के बीच का विकल्प चुनने का रास्ता बताया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा पर अमीरों का पक्ष लेने का आरोप

गांधी ने कथित तौर पर अमीरों का पक्ष लेने के लिए भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की आलोचना की और उन पर विभाजनकारी राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण की कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहरायी।

सरकार की सुस्त कार्यशैली से हाईकोर्ट नाराज, नई प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश

नैनीताल, (वार्ता)। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अदालत में सरकार की सुस्त कार्य शैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार को नई कार्य संस्कृति विकसित करने के निर्देश दिये हैं। अदालत ने सुनवाई के दौरान यह भी हिदायत दी है कि यदि आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है तो संबद्ध के खिलाफ भारी जुर्माना लगाने में भी अदालत हिचकेगी नहीं।

दरअसल मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार के जवाब से अदालत की नाराजगी

अदालत इससे संतुष्ट नजर नहीं आयी और कहा कि सरकार को चार दिन पहले मामले से जुड़ी कॉपी उपलब्ध कराने के बावजूद सरकारी अधिवक्ता की ओर से संबद्ध महकमे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कटघोरा थाना क्षेत्र में अनियंत्रित हुआ पिकअप, 2 की मौत, 6 घायल

कोरबा, (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा चौकी क्षेत्र में में रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे यह हादसा हुआ। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार जटगा चौकी क्षेत्र में एक तेज रफ़्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर घाट में पलट गई। इस हादसे में वाहन के नीचे दबने से दो लोगों की मौत हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से वाहन के निचे दबे लोगों को बाहर निकाला।

सेना के काफिले पर हमले की खडगे और राहुल ने की निंदा

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर में वायु सेना के वाहन पर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे कायरतापूर्ण कार्रवाई बताया और कहा कि इस तरह के हमलों के खिलाफ हम एकजुट हैं। खडगे ने कहा, जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायुसेना के वाहन पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले से बहुत दुखी हूं। हम इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं और आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्र के साथ खड़े होते हैं।

अवैध कारोबारियों की हिमाकत..

रेत माफिया ने ट्रेक्टर ट्राली से कुचलकर एएसआई को मार डाला

शहडोल/भोपाल, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन में लगे ट्रेक्टरट्राली चालक ने एक सहायक पुलिस उप निरीक्षक (एएसआई) को कुचल दिया, जिससे वे मौके पर ही शहीद हो गए। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और तीसरे की तलाश जारी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात्रि में एएसआई महेंद्र बागरी एक फरार आरोपी को पकड़ने के सिलसिले में जा रहे थे। रास्ते में उन्हें ट्रेक्टर ट्राली दिखायी दी, जिसमें रेत लदी हुयी थी। उन्होंने ट्रेक्टर को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान चालक ने ट्रैक्टर समेत भागने का प्रयास किया और एएसआई उसकी चपेट में आ गए। इस वजह से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी।

दंतेवाड़ा में नक्सली संगठन को लगा तगड़ा झटका

35 नक्सलियों ने एसपी के समक्ष किया समर्पण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नक्सलवाद को तगड़ा झटका लगा है. यहां के दंतेवाड़ा जिले में 35 नक्सलियों ने पुलिस और सीआरपीएफ अफसरों के सामने सरेंडर कर दिया है. नक्सली भी शामिल हैं मुख्यधारा में लौटने पर इन सभी नक्सलियों का अफसरों ने स्वागत किया है। सभी आत्मसमर्पित नक्सली भैरमगढ़ एरिया कमेटी, मलंगीर एरिया कमेटी और कटेकल्याण एरिया कमेटी में नक्सलियों के संगठन में जुड़े हुए थे।

प्रोत्साहन राशि भी दी गई है

: दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय ने बताया कि सरेंडर नक्सलियों में 25 नक्सलियों को डीआरजी दंतेवाड़ा, 06 नक्सलियों को आरएफटी सीआरपीएफ और 04 नक्सलियों को सीआरपीएफ 111 वी बटालियन दंतेवाड़ा के सहयोग से आत्मसमर्पण करवाया गया है, सरेंडर सभी नक्सलियों को 25-25 हजार रुपये छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से प्रोत्साहन राशि भी दी गई है.

नक्सलियों को मुठभेड़ में उठाना पड़ा बड़ा नुकसान

नक्सलियों के खिलाफ लगातार पुलिस एक्शन मोड पर बस्तर में काम कर रही है. लगातार नक्सलवाद के खात्मे को लेकर पुलिस जमकर आत्मसमर्पण नीति का प्रचार-प्रसार नक्सलियों के आधारभूत इलाकों में कर रही है. साथ ही नक्सलियों के बड़े कैडर के मौजूदगी की सूचना मिलते ही ऑपरेशन चलाकर मुठभेड़ में नक्सलियों को मार गिराने में फोर्स कामयाब भी हो रही है. बीते 02 माह में नक्सलियों को अब तक का सबसे बड़ा नुकसान मुठभेड़ में उठाना पड़ा है. लगभग 100 नक्सली कांकेर,बीजापुर, नारायणपुर के सरहदी इलाकों में मुठभेड़ में जवानों ने मार गिराने सफलता हासिल की है. इन्ही सबके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

हम सहीं... भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण- एफएसएसएआई का दावा

भारत में कीटनाशक उपयोग के कड़े मानक विश्व में सर्वाधिक सख्त

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारत कीटनाशक उपयोग के कड़े मानक लागू हैं जो विश्व में सर्वाधिक सख्त हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण- एफएसएसएआई ने रविवार को यहां कहा है कि जड़ी-बूटियों और मसालों में 10 गुना अधिक कीटनाशक अवशेषों की अनुमति देने संबंधी भ्रामक और गलत है जिनका कोई आधार नहीं है। भारत में दुनिया में कीटनाशकों की अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) के सबसे कड़े मानकों में से एक है और कीटनाशकों के एमआरएल उनके जोखिम आकलन के आधार पर विभिन्न खाद्य वस्तुओं के लिए अलग-अलग तय किए जाते हैं।

ये है देश में उपयोग का मापदंड

प्राधिकरण के अनुसार कीटनाशकों के मामले में 0.01 मिलीग्राम प्रति किग्रा का एमआरएल लागू था। यह सीमा केवल मसालों के मामले में 0.1 मिलीग्राम प्रति किग्रा तक बढ़ाई गई थी और यह केवल उन कीटनाशकों के लिए लागू है जो भारत में सीआईबी और आरसी द्वारा पंजीकृत नहीं हैं। दुनिया में विभिन्न मसालों के लिए चरणबद्ध तरीके से 2021-23 के दौरान मसालों पर कीटनाशक अवशेषों पर कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन में मसालों और पाक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मिर्च के लिए सीमा 2 मिलीग्राम प्रति किग्रा

मिर्च के लिए उपयोग किए जाने वाले मायक्लोबुटानिल के लिए कोडेक्स की निर्धारित एमआरएल 20 मिलीग्राम प्रति किग्रा है जबकि एफएसएसएआई की निर्धारित सीमा 2 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। मिर्च के लिए उपयोग की जाने वाली स्पाइरोमेसिफेन के लिए, कोडेक्स सीमा 5 मिलीग्राम प्रति किग्रा है जबकि एफएसएसएआई की सीमा 1 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। इसी तरह, काली मिर्च के लिए उपयोग किए जाने वाले मेटालैक्सिल और मेटालैक्सिल-एम के लिए कोडेक्स मानक 2 मिलीग्राम प्रति किग्रा है जबकि एफएसएसएआई की निर्धारित सीमा 0.5 मिलीग्राम प्रति किग्रा है।

हांगकांग में लगाया गया है आरोप

जोखिम मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न एमआरएल के साथ कई खाद्य वस्तुओं पर एक कीटनाशक पंजीकृत किया जाता है। विभिन्न एमआरएल वाली कई फसलों पर मोनोक्रोटोफॉस के उपयोग की अनुमति है जैसे चावल 0.03 मिलीग्राम प्रति किग्रा, खट्टे फल 0.2 मिलीग्राम प्रति किग्रा, कॉफी बीन्स 0.1 मिलीग्राम प्रति किग्रा और इलायची 0.5 मिलीग्राम प्रति किग्रा और मिर्च 0.2 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। गौरतलब है कि हाल में हांगकांग ने भारत में निर्मित कुछ मसालों को कैंसर कारक होने का आरोप लगाते हुए प्रतिबंध लगाया है।

...दिक्कत सीट में नहीं जहां जाओगे वहां हारोगे

गृह मंत्री अमित शाह की राहुल गांधी को चुनौती

बोडेली/बसदा/दमन। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दो सीटों से चुनाव लड़ने पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह यहां से वहां क्यों भाग रहे हैं। साथ ही कहा, राहुल बाबा मैं आपको बताता हूं कि सीटों में कोई दिक्कत नहीं है, दिक्कत तो आप में है। आप जहां जाओगे, वहां हारोगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में मुकाबला मुंह में चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए शहजादे और एक चायवाले के बीच है। केंद्रीय गृह मंत्री ने ये बातें गुजरात के छोटा उदयपुर और वलसाड के अलावा दमन एवं दीव में चुनावी रैलियों को संबोधित करने के दौरान कहीं। उन्होंने कहा, राहुल बाबा की हालत आज क्या हो गई है। पहले अमेठी से लड़ते थे, स्मृति ईरानी से हारे तो भागकर वायनाड चले गए। इस बार वायनाड में जोखिम लग रहा तो अब रायबरेली आ गए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी रायबरेली में बुरी तरह हारने वाले हैं।

आदिवासी बहुल छोटा उदयपुर जिले के बोडेली कस्बे में चुनावी रैली के दौरान शाह ने विपक्षी गठबंधन पर दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए निर्धारित कोटा को लूटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, राहुल बाबा एंड कंपनी यह झूठ फैला रही है कि अगर नरेंद्र मोदी एक और बार प्रधानमंत्री बने तो आरक्षण खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी के पास 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत था। लेकिन, उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण को कभी नहीं छुआ। शाह ने आगे कहा, यह मोदी की गारंटी है कि जब तक भाजपा सत्ता में है कोई आरक्षण को हाथ भी नहीं लगा सकता। यह तो कांग्रेस है जिसने दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के लिए तय कोटे को लूटा। कर्नाटक में उन्होंने ओबीसी के लिए निर्धारित आरक्षण में मुस्लिमों को कोटा दे दिया और तेलंगाना में भी मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण दिया।

मोदी सरकार ने आतंकियों को घर में घुसकर मारा..

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल में देश से आतंकवाद को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा, एक समय था जब पाकिस्तान से आए घुसपैठिए आए दिन देश में बम धमाके करके भाग जाते थे। पिछली कांग्रेस सरकारों ने कभी कदम नहीं उठाए, उन्हें डर था कि इससे उनका वोट बैंक प्रभावित हो सकता है। यह मोदी सरकार ही हैं जिसने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा।

एक तरफ घोटालेबाज, दूसरी तरफ साफ-सुथरा ट्रैक रिकॉर्ड

आदिवासी विरोधी रही कांग्रेस...शाह ने कहा, विपक्ष सत्ता में आया तो पिछड़ी, एससी-एसटी के लिए निर्धारित कोटा छीनकर मुसलमानों को दे देगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस शुरू से ही आदिवासी विरोधी थी, यही कारण है कि उसने लगभग 70 वर्षों तक आदिवासी समुदाय के किसी सदस्य को देश का राष्ट्रपति नहीं बनाया।

तुष्टीकरण करने वालों के वोट बैंक से नहीं डरते

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण रोकने की कोशिश की और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 निरस्त करने का विरोध किया।

राम मंदिर अभिषेक के लिए राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और यहां तक कि अरविंद केजरीवाल को भी निमंत्रण भेजा गया था। लेकिन कोई नहीं आया। शाह ने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि वे अपने वोट बैंक से डरते हैं। आप जानते ही होंगे कि उनका वोट कौन है। साथ ही जोड़ा कि भाजपा तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों के वोटबैंक से नहीं डरती है।

'मोदी वॉशिंग मशीन' में धुल रहे भ्रष्टाचारियों के दाग

■ 'जेल का जवाब वोट से' अभियान के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया

नई दिल्ली, (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दुनिया की सबसे भ्रष्ट पार्टी करार देते हुए रविवार को कहा कि'मोदी वॉशिंग मशीन' में भ्रष्टाचारियों के दाग धुल रहे हैं। 'आप' ने आज यहां राजेंद्र नगर में 'जेल का जवाब वोट से' अभियान के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया।

इस दौरान 'आप' सांसद संजय सिंह ने कहा, लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का वॉकथॉन एक बहुत अच्छा तरीका है। हम लोग जनता के बीच जा रहे हैं और बता रहे हैं कि किस तरह मोदी वॉशिंग मशीन 2014 के बाद पूरे देश के भ्रष्टाचारियों को भाजपा के साथ मिलकार, उनका सहयोग लेकर और मंत्री बनाकर उनके भ्रष्टाचार के दाग को धुल रही है। यह कोई छोटा मामला नहीं है। खुद प्रधानमंत्री ने अशोक चौव्हान के लिए कहा कि कारगिल के विधवाओं के फ्लैट के पैसे खाए।

दागदार लोगों को मिला लिया गया पार्टी में

सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री ने अजीत पवार के लिए कहा कि 70 हजार करोड़ रुपए का सिंचाई घोटाला किया। खुद प्रधानमंत्री ने प्रफुल्ल पटेल के लिए कहा कि उनका संबंध इकबाल मिर्ची से है, जो दाउद इब्राहिम का आदमी है। ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री ने अपनी पार्टी में मिला लिया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्वा सरमा पर घोटाले का आरोप लगाकर बुकलेट जारी करती है। इसके बाद उसे भाजपा में मिला लेते हैं और मुख्यमंत्री बना देते हैं।

इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा ने रिश्वत लिया

उन्होंने कहा,÷इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा ने रिश्वत लिया और धंधा दिया। जिन कंपनियों से रिश्वत ली गई, उनको मोदी सरकार द्वारा तीन लाख आठ करोड़ रुपए का ठेका दिया गया है। कंपनियों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के छापे मारे गए और और उनसे रिश्वत ली गई। भाजपा ने इतना भ्रष्टाचार किया है कि भ्रष्टाचार के मामले में भाजपा पाताल में घुस गई है। दुनिया की सबसे भ्रष्ट पार्टी का नाम भाजपा है और दुनिया के सबसे बड़े भ्रष्ट नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामने आए हैं।

बिना किसी सबूत जेल में डाल दिया

'आप'के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा, भाजपा ने प्रचंड बहुमत से चुने हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बिना किसी सबूत के चुनाव के बीच उठाकर जेल में डाला दिया है। दिल्ली के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों समेत समाज का हर तबका मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से बेहद दुखी है। दिल्ली की जनता पूछ रही है कि भाजपा अपने काम के आधार पर वोट मांगने की जगह काम करने वाले मुख्यमंत्री को उठाकर जेल में क्यों डाल दिया?

आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले-

चार जून के बाद कांग्रेस के होंगे दो धड़े एक राहुल गांधी का... दूसरा प्रियंका का

संभल। कांग्रेसी रह चुके आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि चार जून के बाद कांग्रेस पार्टी के दो धड़े हो जाएंगे। एक धड़ा राहुल गांधी का होगा तो दूसरा प्रियंका गांधी वाड्रा का। आचार्य का कहना है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं के दिल में एक ज्वालामुखी रही है जो चार जून के बाद फ्ट जाएगा।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि प्रियंका गांधी के साथ साजिश हो रही है। प्रियंका गांधी को पार्टी का अध्यक्ष बनने और राज्यसभा में जाने से रोका गया। कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी नहीं दी गई। यह साजिश उनके खिलाफ कई वर्षों से चल रही है। राहुल गांधी का खेमा चाहता है कि प्रियंका गांधी राजनीति से बाहर हो जाएं। इस वजह से प्रियंका गांधी के समर्थक दुखी हैं। इसके चलते ही चार जून के बाद कांग्रेस के दो धड़े होने वाले हैं।

सरकार ने हर वर्ग को रोने विवश कर दिया: सैलजा

■ कांग्रेस (इंडिया समूह) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने रतिया के गांवों का दौरा किया

चंडीगढ़/रतिया, (वार्ता)। हरियाणा के सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया समूह) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने रविवार को रतिया विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा कर वोट की अपील की। सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सरकार ने गलत नीतियों को लागू कर पूरे देश के लोगों को ठगा है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हर वर्ग को लोगों को रोने के लिए विवश कर दिया है। मगर अब समय बदल रहा है, देश में लोग भी बदलाव चाहते हैं, लोकतंत्र में मतदाता बड़ी शक्ति होती है। पूरे देश में कांग्रेस की जबरदस्त लहर चल रही है और लोग वोट की चोट से मोदी सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना चुके हैं।

लोकतंत्र में कोई भी आदमी छोटा नहीं होता

उन्होंने गांव भिरडाना में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में कोई भी आदमी छोटा नहीं होता, सबकी आवाज बराबर होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासन ने देश को काफी पीछे धकेल दिया है। किसान, बेरोजगार, सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कर्मचारी, सभी हकों के लिए सड़को पर आकर लड़ाई लड़ रहे हैं। पर अहंकार में डूबी इस सरकार को कुछ भी दिखाई नहीं देता है।

समर्पण के साथ आपके हर सपने संवारूंगी

उन्होंने कहा कि उनके पिता चौ. दलबीर सिंह की चिट्ठियों को जिस प्रकार लोगों ने इतने प्यार से संभालकर रखा है मेरा वचन है कि मैं उतने ही समर्पण से आपके हर सपने को संवारूंगी। ये वक्त कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का और देश को मजबूत करने का है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश की जनता के साथ सबसे बड़ा धोखा किया है। उन्होंने कहा कि आज सिरसा ही नहीं देश बदलाव के लिए तैयार है और बदलाव आएगा।

...तो राहुल गांधी वायनाड सीट खाली कर देंगे

रायबरेली से भी चुनाव लड़ने के फैसले पर हैरान नहीं यहां की अवाम

तिरुवनंतपुरम. राहुल गांधी के उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ने के फैसले के बाद केरल के वायनाड में लोगों की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आईं हैं. वायनाड लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को चुनाव हुए थे. जहां कुछ लोगों ने कहा कि उनके लिए रायबरेली से चुनाव लड़ना भी गलत नहीं है, वहीं कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने राहुल गांधी के इस कदम को गलत करार दिया.

वायनाड में एक सड़क किनारे की दुकान पर एक व्यक्ति ने कहा कि राहुल गांधी के दो सीटों से चुनाव लड़ने के फैसले में कुछ भी गलत नहीं है. उसने कहा, ÷वह 'इंडिया' ब्लॉक का नेतृत्व कर रहे हैं और इसलिए इसमें कुछ भी गलत नहीं है,÷ जबकि एक अन्य शख्स ने कहा, ÷अगर वह दोनों सीटों से जीतते हैं, तो सबसे अधिक संभावना है कि वह वायनाड सीट खाली कर देंगे. और अगर वह ऐसा करते हैं, तो यह हमारे लिए अच्छा नहीं लगेगा. वैसे भी हमें इंतजार करना चाहिए.

हालांकि, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) नेता पीके कुन्हालीकुट्टी ने आईएएनएस से कहा कि रायबरेली से चुनाव लड़ने के उनके फैसले में कुछ भी गलत नहीं है. आईयूएमएल के वरिष्ठ नेता ने कहा, ÷मामले का तथ्य यह है कि हमने (आईयूएमएल) कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से अनुरोध किया था कि राहुल को वायनाड के अलावा एक और सीट से चुनाव लड़ना चाहिए. क्या पीएम मोदी ने अतीत में दो सीटों से चुनाव नहीं लड़ा था? हमें लगता है कि इस फैसले से 'इंडिया' ब्लॉक को बढ़ावा मिलेगा.÷

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. अमेठी से 15 साल तक सांसद रहे राहुल ने कहा था कि उनके लिए अमेठी और रायबरेली अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही उनका परिवार हैं. राहुल ने रायबरेली सीट पर नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से मुश्किल से घंटा भर पहले अपना पर्चा दाखिल किया.

कांग्रेस ने इससे पूर्व रायबरेली सीट पर उम्मीदवारी को लेकर बने रहस्य से पर्दा हटाते हुए शुक्रवार सुबह यहां से राहुल गांधी को मैदान में उतारने की घोषणा की थी. रायबरेली पिछले दो दशक से उनकी मां सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र रहा है. नामांकन पत्र दाखिल करते समय राहुल के साथ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी वाद्रा तथा उनके पति राबर्ट वाद्रा भी मौजूद थे. राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी इस दौरान गांधी परिवार के साथ थे।

कांग्रेस सरकार में 15 साल रहे मंत्री का मोहभंग

■ 2 पूर्व विधायकों ने भी भाजपा का दामन थाम कर लिया देश के लिए संकल्प

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है. दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार में लगातार 15 वर्षों तक मंत्री रहे राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नसीब सिंह एवं नीरज बसोया और अमित मलिक ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया.

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, संजय मयूख और भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में अरविंदर सिंह लवली, राजकुमार चौहान, नसीब सिंह, नीरज बसोया और अमित मलिक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कांग्रेस के नेताओं का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि यह लग रहा था कि रायबरेली से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी, लेकिन राहुल गांधी ने रायबरेली से नामांकन भर दिया. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' लेकिन कांग्रेस का नारा 'बेटा बचाओ बेटा बढ़ाओ' है.

तावड़े ने कहा कि राहुल गांधी ने पहले वायनाड को अपना घर बताया और फिर रायबरेली चले गए और ऐसे लोगों के साथ रहना अरविंदर सिंह लवली और उनके साथियों को पसंद नहीं था। इसलिए उन्होंने अपने साथियों के साथ पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रहे विकसित भारत अभियान के साथ जुड़ने के लिए भाजपा में शामिल होने का फैसला किया.

वहीं हरदीप सिंह पुरी ने केजरीवाल सरकार पर दिल्ली में विकास कार्य ठप करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने शीला दीक्षित की सरकार के समय अरविंदर सिंह लवली और राजकुमार चौहान का काम देखा है और भाजपा इन सभी नेताओं की क्षमता का सदुपयोग करेगी.

वीरेन्द्र सचदेवा ने इन सभी नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें यकीन है कि सब मिलकर दिल्ली में भ्रष्टाचार वाली सरकार को उखाड़ फेंकेंगे. भाजपा में शामिल होने के बाद अरविंदर सिंह लवली ने पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को राष्ट्र निर्माण और दिल्ली की लड़ाई में सहयोग का मौका देने के लिए धन्यवाद कहा।

चींटी भी हाथी को हराती है...

■ धनबाद से नामांकन में आई भीड़ देख बोलीं सुनैना किन्नर

■ गाजे-बाजे संग निकला समर्थकों का हुजूम

धनबाद। झारखंड का धनबाद लोकसभा इकलौता क्षेत्र है जहां तीनों जेंडर के प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे हैं. राष्ट्रीय पार्टी कॉग्रेस से अनुपमा सिंह, भाजपा से ढुलू महतो सहित आधा दर्जन से अधिक निर्दलीय महिला पुरुष प्रत्याशी नामांकन पर्चा दाखिल किए हैं. वहीं, थर्ड जेंडर सुनैना सिंह भी चुनाव लड़ने की घोषणा की थी. आज थर्ड जेंडर सुनैना सिंह ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया.

सुनैना सिंह के नामांकन के बाद उनके समर्थन में किन्नरों का हुजूम उमड़ पड़ा. नॉमिनेशन दाखिल करने से पहले आवास मनईटांड से रोड शो करते हुए बरवाअड्डा समाहरणालय भवन पहुंचीं. सैकड़ों साथी थर्ड जेंडर समर्थक गाजे- बाजे के साथ नाचते गाते झूमते थर्ड जेंडर सुनैना सिंह की मनोबल को बढ़ाने का काम किया. नॉमिनेशन सेंटर तक सैकड़ों समर्थक खुशी उमंग के साथ साथ पहुंचीं. किन्नर सुनैना के साथ पहुंचे आम लोग व किन्नर समाज के लोगों में खासा उत्साह दिखा. इस दौरान सुनैना किन्नर ने डीसी कार्यालय परिसर में मौजूद लोगों का हाथ जोड़ कर अभिवादन किया. बता दें कि सुनैना किन्नर ने अपनी स्नातक की पढ़ाई पीके रॉय कॉलेज से की है. वहीं, सुनैना किन्नर की साथी किन्नर ने कहा कि धनबाद की सभी समस्याओं को दूर करना लक्ष्य है. सभी का सहयोग मिल रहा है. सुनैना किन्नर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि धनबाद में अनेकों समस्याएं हैं. जीत के बाद सभी समस्याओं का निदान करेंगी. उन्होंने कहा कि लड़ने से पहले हार नही माननी चाहिए. एक मामूली चींटी भी हाथी पर भारी पड़ती है. मैं तो इंसान हूं. जनता के बीच जा रही हूं लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है।

बरेली लोकसभा सीट पर बसपा मैदान से बाहर

■ दलित-मुस्लिम वोटरों के रुख पर टिकी जीत

बरेली आला हजरत दरगाह की गली में कलाम गूंज रहे हैं। मोहल्ला सौदागरान में जियारत चल रही है। इसके बीच सियासी चर्चाएं भी जारी हैं...। यह माहौल बता देता है कि बरेली में चुनावी माहौल कैसा है। मुसलमान किसी तरह की गफ्लत में नहीं है। भाजपा के गढ़ में अपने वोट से देश को संदेश देने की बात कर रहे हैं। सवाल पर शबीबुल्लाह दबी जुबान में कहते हैं, देश में सांप्रदायिक सौहार्द नहीं बचा है। शबीबुल्लाह को यहां बदलाव की उम्मीद है।

बसपा के मैदान से बाहर होने के बाद भाजपा और सपा के बीच यहां सीधी जंग है। यही नहीं धीरे-धीरे तस्वीर भी साफ हो चली है। बसपा प्रत्याशी का नामांकन खारिज होने के बाद पार्टी के आधार वोटबैंक पर दोनों दलों की नजर है। यही कारण है कि करीब डेढ़ लाख मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

शहर के प्रमुख कारोबारी मनु ढींगरा कहते हैं कि शुरू में संतोष गंगवार का पर्चा कटने को लेकर बहुत नाराजगी थी, लेकिन अब लगता है कि कोई नाराजगी नहीं है। पिछले 10 वर्ष के बदलाव और प्रदेश में सुरक्षित माहौल को ही हमने मुद्दा बनाया है। काशी धर्मपुर के बसपा कार्यकर्ता हरिश कुमार अपने उम्मीदवार का नामांकन खारिज होने पर कहते हैं, इतने चुनाव हुए अभी तक हमारे उम्मीदवार का पर्चा रद्द नहीं हुआ, लेकिन इस बार रद्द करवा दिया। हमारे वोट के अधिकार पर चोट हुई है। इसका जवाब हम देंगे। बहेड़ी विधानसभा सीट से दो बार विधायक और पेशे से शिक्षक रहे हैं। अपनी जीत के लिए मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि पर निर्भर हैं।

मत प्रतिशत तय करेगा जीत का आधार

बरेली कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग की प्रो. वंदना शर्मा का मानना है कि संतोष गंगवार का टिकट कटने से गंगवार मतदाताओं में जो नाराजगी थी, भाजपा ने गंगवार उम्मीदवार मैदान में उतार कर उसे खत्म कर दिया। वहीं, बसपा के गंगवार उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने से यहां गंगवार मतों के बंटवारों की आशंका भी खत्म हो गई है।

मुकाबला रोमांचक होने के आसार

भाजपा पहली बार इस सीट पर इतना जोर लगा रही है। इससे साफ़है कि यहां मुकाबला दिलचस्प और कांटे का है। अच्छी तादाद में मुस्लिम मतदाता होने के बावजूद वर्ष 1989 के बाद हुए अब तक नौ चुनावों में महज एक बार वर्ष 2009 में कांग्रेस जीत सकी थी। इस बार संतोष गंगवार का टिकट कटने के बाद भाजपा में मचे सियासी घमासान से विपक्ष की उम्मीदें जाग गईं।

जातीय समीकरण

कुर्मी	-	05 लाख
मुस्लिम	-	05 लाख
एससी	-	1.50 लाख
मौर्य	-	1.50 लाख
लोधी	-	01 लाख
सिख	-	01 लाख
ब्राह्मण	-	01 लाख
कायस्थ	-	80 हजार
यादव	-	70 हजार
वैश्य	-	60 हजार

19,16,986 कुल मतदाता

नोट: *आंकड़े अलग-अलग राजनीतिक दलों के दावों पर हैं। इनमें बदलाव संभव है।*

बातों...बातों...में...! साप्ताहिक स्तंभ...सुकांत राजपूत

खेड़ा के कई बखेड़े....

माता कौशल्या की भूमि में महिला का अपमान... दुशील और महिला हूं, लड़ रही हूं... जैसी बातें सियासी गलियारों

से लेकर खबरों तक में खूब सुर्खियां बटोरी। किस्सा-ऐ-वारदात की सिर्फ और सिर्फ एक ही पात्र हैं जिसे प्रदेश कांग्रेस के लोग खेड़ा का बखेड़ा कहने लगे हैं। बातों ही बातों में राजीव भवन के एक चिंतित सदस्य ने बताया खेड़ा के ऐसे एक नहीं और भी कई बखेड़े हैं। सियासत में कच्ची उम्र लेकिन पक्की नेता बनने के लिए पूर्व में पंजाब के एक युवा पार्टी नेता से भिड़ गईं थीं। दूसरा वाक्या छत्तीसगढ़ के पूर्व एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष संजीव से भी दिल्ली के पार्टी दरबार में तीखी नोक-झोंक कर चुकी है। खुद को अबला बताना और आमतौर पर पुरुषों से ही भिड़ंत के तीन किस्से सब कुछ बयां कर देते हैं। राजीव भवन में भी दिल्ली से थोपी गईं बखेड़े ने पहली गलती खुद कीं जो बिना पीसीसी संचार अध्यक्ष को बताये प्रेस वार्ता आहूत कर गईं। जब उन्हें उनका अधिकार क्षेत्र और सीमाएं बताने की कोशिश की गई तो वो दुशील, माता कौशल्या और कई तरह से ऐन चुनावी माहौल में विपक्ष को बैठे-बिठाये मुद्दा दे दीं। साफहो जाता है कि वो कितनी परिपक्व बखेडेबाज हैं।

स्टिंगबाज कांग्रेसी कौन....

एक नहीं दो दफा बिना जानकारी दिए प्रेस वार्ता बुलाने से उपजा विवाद तब बढ़ गया जब खेड़ा और दुशील की तीखी बहस हो गई। मौके में जो दो कांग्रेसी प्रवक्ता यह सब देख

रहे थे तो उन्होंने बखेड़ेबाज का बेजा फायदा उठाते हुए छुपकर स्टिंग भी किया और वीडियो वायरल भी कर दिया। बातों ही बातों में राजीव भवन की हर खबर रखने वाले नेता ने दावा किया कि सियासत पर सियासी चालें उस दिन चली गईं। कांग्रेस भवन में अगर पिन भी गिर जाये तो उसकी आवाज़ सुन लेने का दावा करते हुए स्टाफ ने बताया खेड़ा, शुक्ला की जब बहस हो रही थी उस वक्त भंसाली और तिवारी भी मौके पर थे। शुक्ला के अनुभवी और कर्णप्रिय शब्दों को सुनकर आपा खो चुकी खेड़ा को दिल्ली फोन करने का सुझाव और बाहर खड़े होकर फोन में बताई जा रही पूरी बातों का स्टिंग कर लिया गया...दरअसल आपदा में अवसर उसे ही मिला जिसकी बहस रेलवे स्टेशन में कैमरा फ्रेम को लेकर हुई थी। इसलिए भी कहते हैं सियासत में इश्क और मुश्क छिपाये नहीं छिपता।

सुचारिता महंती का फंड....

पैर में कुल्हाड़ी मारने वाली कहावत तो सुनीं हैं, लेकिन कांग्रेस चुनाव में आपे पैर कुल्हाड़ी मारती ही है। इसका ताजा उदहारण सूरत और इंदौर है। इसी तरह ओडिशा की

पूरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने भी ऐन वक्त में पार्टी टिकिट लौटा कर कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति के उन कुल्हाड़ीमारों को फिर सबक सिखाया है। हालांकि सूरत और इंदौर प्रत्याशियों से ओडिशा की महिला प्रत्याशी की वजह अलग है। बातों ही बातों में कांग्रेसी राजनीति के 'बाबा मोज' ने बताया सुचारिता महंती पत्रकार हैं और टाइम्स जैसी संस्थान में रह चुकी हैं। पूर्व सांसद की पुत्री भले ही हैं वे लेकिन इतना नहीं है कि लोकसभा टिकिट के लिए और फिर चुनाव लड़ने के लिए भी खुद का घर-बार दांव पर लगाएं। वर्ष 2014 में भी उन्हें कांग्रेस से जबरिया टिकिट स्वर्गीय मोतीलाल वोरा जी ने दिलवाये थे। काफी ना नुकुर और पैसों का अभाव बताने के बाद भी वोरा जी ने पार्टी से फंड दिलाने का कहकर उन्हें मना तो लिया पर वादा पूरा नहीं किया और वे चुनाव हार गई थी। इस बार भी पत्रकार सुचारिता के सामने फंड का ही फंडा आया और वो इंतज़ार करती रहीं लेकिन हाथ खाली रहा...मजबूरन उन्होंने ई मेल कर क्विट कर लिया...करें भी क्यों ना आखिर वो मूलतः पत्रकार हैं, बिरादरी के अन्य लोगों की तरह होती तो खर्च भी करतीं और लड़ती भीं...!

बीजेपी के दो खतरे में....

इस बार छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति ने दो सांसदों की टिकिट छोड़कर 9 सीटों में नयों को मौका दिया है। इसमें दुर्ग लोकसभा सीट में विजय बघेल और राजनांदगांव से संतोष पांडेय को सिर्फ

रिपीट किया गया। जबकि विजय बघेल सांसद रहते हुए भी पाटन विधानसभा से 19 हजार के करीब वोटों से हार गए। वैसे विजय बघेल ही ऐसे सांसद हैं जिन्होंने पिछले लोकसभा में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले प्रत्याशी थे। खैर, बात कर रहे हैं इन दो को रिपीट करने के पीछे पार्टी की मंशा क्या थी और क्या दोनों प्रदेश में सबसे ताकतवर नेता हैं ?...बातों ही बातों में रायपुर लोकसभा सीट से दो लाख मतों से जीत दर्ज करने वाले सुनील सोनी की टिकिट काटकर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को लोकसभा प्रत्याशी घोषित करने के पीछे की वजह एक पार्टी नेता ने जो बताई वो चौंकाने वाली थी। वैसे भी भाजपा और बृजमोहन दोनों एक दूसरे के पर्याय ही हैं और इस बार शर्त बाजों का दावा है...भैया 4 लाख पार का रिकार्ड बनाएंगे..!

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

पूरे प्रदेश में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि तीसरे चरण के चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन है। हमारे छत्तीसगढ़ के 7 सीटों के लिये परसो मतदान होना है। दो चरणों में 4 लोकसभा क्षेत्रों का मतदान हो चुका है। पहले दो चरणों के मतदान में छत्तीसगढ़ 4 सीटों के साथ पूरे देश में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लिये मतदाताओं का रूझान साफ दिखा। तीन चरणों के मतदान के रूझान के बाद मोदी और भाजपा घबरा गये उनके भाषणों का रूख बदल गया। वे अपनी 10 साल की कोई भी उपलब्धि नहीं बता पा रहे है। चुनाव को हिन्दू, मुस्लिम, मंगलसूत्र, मछली, मटन, मीट तक ले जाने की तमाम कोशिशे मोदी और उनके साथियों ने किया। इस चुनाव में भाजपा का हिडन एजेंडा संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने का बेनकाब हुआ। जनता यह समझ गयी कि संविधान बदलने के लिये भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। लोग यह भी जान गये कि यह संविधान इसलिये बदलना चाह रहे कि बाबा साहब ने वंचित वर्गों के लिये जो प्रावधान संविधान में किया है वह संविधान बदलकर समाप्त किया जा सके। लेकिन भाजपा की यह बदनीयती खुलकर जनता के सामने आ गयी। इस चुनाव के प्रचार को कांग्रेस पार्टी ने सकारात्मकता के साथ किया। हमने अपने न्याय पत्र को जनता के सामने रखा है। यही कारण है कि देश भर में जनता बदलाव के लिये मतदान कर रही है।

किसान, मजदूर, महिलाएं देश में कांग्रेस की सरकार बनाने लामबंद है। किसान, मजदूर भी केंद्र में बदलाव के पक्षधर हो गये है। जनता को कांग्रेस के वादों से आशा की नई किरण दिख रही है। कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दिया है। नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचो न्याय घोषित होने के बाद से ही देश के हर वर्ग के मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति नजरिया बदला है लोगों को कांग्रेस की सरकार में अपना भविष्य दिख रहा है।

कांग्रेस के हाथ सिक्खों के खून से रंगे हैं : मनजिंदर सिंह सिरसा

■ **देश का हर एक सिक्ख भाजपा के लिए वोट करेगा, मोदी जी सिक्ख कौम का मान बढ़ाया**

रायपुर। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आज आयोजित पत्रकार वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के हाथ सिक्खों के खून से रंगे हैं। उन्होंने 1984 में हुए दंगे का भी जिक्र किया। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में सिख कौम शत प्रतिशत मतदान करें इसके लिए हम सभी पंजाबी और सिख समाज से एक वार्ता रखीं हैं। जिसमें गुरूद्वारा कमेटी के प्रबंधक और अध्यक्ष शामिल हो रहें हैं।? छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें जीताकर मोदी जी को दें तो उसमें हमारे समाज के वोटों की भी भागीदारी सुनिश्चित हो। 75 साल के इतिहास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने असंभव के बराबर काम किए हैं।? कांग्रेस ने सिखों के पवित्र स्थल दरबार साहिब में टैंकों से हमला कराया था। हमारे पवित्र स्थल अकाल तख्त को गिराने का प्रयास किया। गुरू ग्रंथ साहिब के सीने में गोलियां तक उतारी। बेगुनाहों को दरबार साहिब में कुचला।

भाजपा राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि देश में 8 हज़ार सिखों को मरवाने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इन दंगों में शामिल जगदीश टाइटलर, सच्चर, और कमलनाथ जैसों को जेल में डालने का काम किया। गुरू नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व पर करतारपुर साहिब को खोलवाया अब दुनिया का कोई भी व्यक्ति बिना पासपोर्ट के दर्शन करने जा सकतें हैं। श्री सिरसा ने आगे कहा कि दिल्ली में बाबर, अकबर और औरंगजेब रोड इनका इतिहास किताबों में पढ़ाया जाता था इनका नाम बदलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह संदेश दिया कि यह देश इनके नहीं गुरुनानक देव जी और गुरु तेग बहादुर जी के नाम से जाना जाएगा।

निजी संस्थाओं से मतदाताओं की सेवा पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग से जताई आपत्ति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 7 सीटों पर दिनांक 07.05.2024 को होने वाले मतदान दिवस के दिन निजी संस्थाओं को पोलिंग बूथ के आस-पास

नींबू पानी व्यवस्था हेतु एजेंसी के रूप में कार्य करने की अनुमति दिये जाने पर कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से शिकायत किया। आपत्ति दर्ज कराया।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में सम्पुर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ में 7 सीटों पर दिनांक 07.05.2024 को होने वाले मतदान दिवस के दिन निजी संस्थाओं को पोलिंग बूथ के आस-पास नींबू पानी व्यवस्था हेतु एजेंसी के रूप में कार्य करने की अनुमति दिये जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग घोर आपत्ति/शिकायत करती है।

चूकिं आगामी लोकसभा चुनाव हेतु मतदान केन्द्रों में जो भी आवश्यक व्यवस्था एवं मतदान दलों के सहयोग हेतु भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार केवल निर्वाचन आयोग को ही सम्पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गयी है। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ में 7 सीटों पर दिनांक 07.05.2024 को होने वाले मतदान दिवस के दिन निजी संस्थाओं को पोलिंग बूथ के आस-पास नींबू पानी व्यवस्था या अन्य व्यवस्था हेतु एजेंसी के रूप में कार्य करने की अनुमति दिये जाने पर सभी पार्टीओ के मध्य आपास में विवाद होने की संभावनाओं से इंकार नही किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार का 350 करोड़ का आयुष्मान घोटाला उजागर : डॉ. राकेश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने छत्तीसगढ़ में

बदहाल हो रही स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा है कि पिछले 5 साल जब तक कांग्रेस की सरकार थी स्वास्थ्य व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रही। प्रदेश में स्वास्थ्य का इंफ्रास्ट्रक्चर कांग्रेस की सरकार के दौरान बेहतर हुआ।

कहीं कोई समस्या जांच, इलाज, दवा या आयुष्मान के भुगतान के संदर्भ व्यवस्थित प्रबंध किए गए थे लेकिन जैसे ही सरकार बदली, भारतीय जनता पार्टी की सरकार में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था दम तोड़ने लगी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने कहा है कि एक तरफ विष्णुदेव सरकार का दावा है कि आयुष्मान योजना में 350 करोड़ रुपए का भुगतान निजी अस्पतालों को किया गया है, लेकिन आईएमए और भारतीय जनता पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का ही आरोप है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद से अब तक आयुष्मान योजना के तहत किसी भी निजी चिकित्सालय को एक भी रुपये का भुगतान नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ सरकार बताएं कि 350 करोड़ रुपए की यह राशि किसकी तिज़ोरी में गए? फंड रुक जाने के चलते छत्तीसगढ़ के लगभग 1500 से ज्यादा निजी अस्पतालों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया।

भाजपा गौ मांस निर्यातकों से चंदा लेकर चुनाव लड़ रही : धनंजय सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सांसद संतोष पांडेय के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा फर्जी गौ सेवक है। गौ मांस निर्यातकों से चंदा लेकर चुनाव लड़ती है।

भाजपा को वोट देने का मतलब बीफ कंपनियों के सहयोगियों को मद्द करना है। भाजपा का एक ही काम है गौ माता के नाम से वोट मांगना और बीफ कंपनियों से चंदा लेकर चुनाव लड़ना। भाजपा का गौ विरोधी चरित्र पूरा देश ने देख लिया है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा को बीफ कम्पनियो ने 250 करोड़ रुपए का चंदा इलेक्टोरल बांड के माध्यम से दिया है। बीफकम्पनियो को फायदा पहुंचाने के लिये भाजपा की सरकार ने प्रदेश में गौ सेवा के लिए चल रही गोधन न्याय योजना को बंद कर दी। जिसका परिणाम है प्रदेश में गौ तस्करी तेजी से बढ़ी 4 महीने में हजारों गायए एवं पशुधन की तस्करी हुई है। रोड एक्सीडेंट में पशुधन की मौत हुई है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान गायो की सुरक्षा देख रेख के लिये 10,000 से अधिक गौठान बनाए गए थे। जिसके माध्यम से पूरे प्रदेश में तीन लाख एकड़ जमीन सुरक्षित हुआ था। जहां पशुधन के खाने पीने रहने दवाई पानी का प्रबंध था।

318 से अधिक चाकूबाजों की परेड लेकर दी गई समझाईश

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखने के साथ ही अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने एवं सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने - अपने थाना क्षेत्रों के चाकूबाजों सहित अपराधिक तत्वों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

जिसके तारतम्य में आज दिनांक 04.05.24 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन पटले के नेतृत्व व समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने - अपने थाना क्षेत्रों में निवासरत् 318 से अधिक चाकूबाजों सहित अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई तथा उनको समझाईश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें।

पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। अभियान कार्यवाही के तहत् 14 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट, 08 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट तथा 140 अपराधिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। अभियान कार्यवाही के तहत् 02 दिवस में कुल 292 गुण्डा/निगरानी बदमाशों, चाकूबाजों एवं अपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में दिनांक 04.05.2024 को थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत कांशीराम नगर स्थित ओव्हर ब्रीज के नीचे एक व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन श्री अनुराग झा (अ.पु.अ.) द्वारा थाना प्रभारी तेलीबांधा निरीक्षक विनय सिंह बघेल को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी तेलीबांधा के नेतृत्व में थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम शेख रहमान कुरैशी निवासी कांशीराम नगर तेलीबांधा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पासमों रखा होना पाया गया। उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने/बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज या अन्य कागजात प्रस्तुत करने कहने पर उसके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज या कागजात प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था।

चिकित्सा महाविद्यालय और अम्बेडकर अस्पताल की बैठक में व्यवस्था के निर्देश

■ **स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने ली बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर एवं इससे संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल एवं डीकेएस अस्पताल की आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर उच्च अधिकारियों की बैठक ली तथा मरीजों की जाँच एवं उपचार व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उनके साथ विशेष सचिव स्वास्थ्य चंदन कुमार, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी, चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया एवं सीजीएमएससी

की एमडी पद्मिनी भोई साहू भी मौजूद रहीं। अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों की उपचार व्यवस्था एक अति आवश्यक सेवा में से एक है, इसलिए विभिन्न बीमारियों की खून संबंधी वे सभी जाँच जो वर्तमान में रीएजेंट्स की कमी के कारण नहीं हो पा रहे हैं, उनके लिए आदर्श आचार संहिता के मद्देनज़र छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम को ध्यान में रखते हुए सीजीएमएससी के साथ समन्वय स्थापित कर अतिशीघ्र व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने एक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से दूसरे शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अति आवश्यक कन्स्यूमेबल एवं रीएजेंट्स के लिए इंटर मेडिकल कॉलेज ट्रांसफर (अंतर चिकित्सा महाविद्यालयीन स्थानांतरण) व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डी के एस अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिप्रा शर्मा, उप अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल आदि मौजूद थे।

घर पहुंच दिया पीला चावल और आमंत्रण पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह मतदाताओं को कलेक्टर की पाती देकर मतदान का आग्रह कर रहे हैं। आज कलेक्टर ने वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु द्विवेदी के घर पहुंच कर आमंत्रण पत्र और पीला चावल भेंट कर मतदान का आग्रह किया। इसके अलावा कलेक्टर डॉ सिंह ने कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव एस.भारतीदासन और नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक कुंदन कुमार को कलेक्टर की पाती और पीला चावल भेंट कर मतदान के लिए अपील किया।

धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना गुढ़ियारी पुलिस को सूचना मिली कि कुंदरापारा बच्चन चौक में एक व्यक्ति लोहे का खुखरीनुमा धारदार चाकू लेकर लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते हुए आरोपी विक्रम कुमार जेना पिता कान्हुचरण जेना उम्र 29 साल साकिन- कुंदरापारा बच्चन चौक थाना गुढियारी जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रूप से रखे 01 लोहे का खुखरीनुमा धारदार बडा चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गुढियारी में अपराध क्रमाक 365/2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

समर कैंप में चुनाव के लिए किया जागरूक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्रपति शिवाजी किड्स स्कूल रावतपुरा कॉलोनी में चल रहे समर कैंप में बच्चों ने चुनाव के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए पोस्टर बनाएं और घर जाकर अपने आस पड़ोस में एवं अपने माता-पिता को वोट डालने के लिए प्रेरित किए।

सुविचार

दिमाग से बनाए गये रिश्ते बस कुछ समय तक ही कायम रह पाते हैं लेकिन दिल से बनाए गये रिश्ते श्मशान तक चलते हैं। - अज्ञात

अब उड़ीसा में भी कांग्रेस को बड़ा झटका

संक्रमण काल से गुजर रही कांगेस पार्टी को इस लोकसभा चुनाव के दौरान लगातार झटके पर झटके लगते जा रहे हैं। पहले तो कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने चुनाव लड़ने से ही इंकार कर दिया था। नतीजतन पार्टी को भाजपा के दमदार प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए सक्षम प्रत्याशियों की तलाश में नाको चने चबाने पड़े थे। जैसे तैसे टिकट बांटे गए तो अब कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी एक के बाद एक मैदान छोड़ रहे हैं। पहले गुजरात के सूरत लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना गलत नामांकन पत्र दाखिल कर नामांकन रद्द करा लिया। इस घटना के सदमें से कांग्रेस पार्टी उबर भी नहीं पाई थी कि मध्यप्रदेश के इंदौर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र ही वापस ले लिया और भाजपा प्रत्याशी को वॉकओवर दे दिया। इसके बाद अब उड़ीसा में भी कांग्रेस को करारा झटका लगा है। जगन्नाथ पुरी लोकसभा क्षेत्र से जहां भाजपा के दिग्गज नेता संबित पात्रा चुनाव लड़ रहे हैं। वहां से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता मोहंती चुनाव लड़ने से इंकार करते हुए टिकट लौटा दिया है। सुचारिता मोहंती इस सीट से एक बार पहले भी चुनाव लड़ चुकी है। इस बार कांग्रेस ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया तो उन्हें चुनाव लड़ने के लिए पार्टी से फंड देने का वादा किया था। किन्तु कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता मोहंती ने जब पार्टी से फंड की मांग की तो उन्हें टक से जवाब दे दिया गया कि वे अपने बल बूते पर चुनाव लड़े पार्टी उन्हें कोई राशि नहीं दे पाएगी। इसके बाद सुचारिता मोहंती ने टिकट वापस करते हुए चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। जो कांग्रेस पार्टी के लिए चिंता का विषय बन गया है। कांग्रेस जैसी देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी जिसने लगभग 7 दशकों तक देश में एकछत्र राज किया हो उसकी ऐसी स्थिति होना वाकई शोध का विषय है। 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद से कांग्रेस पार्टी लगातार कमजोर हो रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव मे भी उसे करारी शिकस्त उठानी पड़ी थी और अब 2024 के लोकसभा चुनाव में भी वह शर्मनाक पराजय की ओर बढ़ती नजर आ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एक के बाद एक कांग्रेस से किनारा कर रहे हैं और इनमें से अधिकांश नेता भाजपा का दामन थाम रहे हैं। इसके बावजूद कांग्रेस हाईकमान कोई सबक नहीं ले रहा है। उसी का दुष्परिणाम है कि अब कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी भी चुनाव मैदान छोड़ कर भाग रहे हैं। यदि यही स्थिति बनी रही और कांग्रेस हाई कमान अपनी पार्टी के भीतर नेताओं और कार्यकर्ताओं में उपजते असंतोष को दूर करने लिए समय रहते कारगर कदम नहीं उठाती है तो इस बार के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के हाथ असफलता लगने के ही ज्यादा चांस दिख रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर सबसे ज्यादा असंतोष है कि उत्तरप्रदेश, बिहार और दिल्ली सहित कई अन्य राज्यों में कांग्रेस पार्टी क्षेत्रीय पार्टियों के दबाव के सामने झुक रही है। जिसकी वजह से कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी का जनाधार कमजोर हो रहा है। कांग्रेस पार्टी के भीतर गुटबाजी और अंतर्कलह के चलते भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी असंतुष्ट हैं। कांग्रेस के कर्णधारों को इस पर चिंतन करना चाहिए की आखिर पार्टी के ही नेताओं और कार्यकर्ताओं का पार्टी के प्रति मोहभंग क्यों हो रहा है?

छत्तीसगढ़ में गहराता पेयजल संकट

जैसे -जैसे तापमान बढ़ रहा है। वैसे- वैसे छत्तीसगढ़ के गांव कस्बों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में भी पेयजल आपूर्ति व्यवस्था गड़बड़ाने लगी है। गर्मी बढ़ने के कारण नदियों में जल स्तर कम होने लगा है। वहीं भूजल स्तर के गिरने कारण हैंड पंप भी जवाब देने लगे हैं। खासतौर पर समस्या मूलक गांवों में तो अभी से पानी के लिए त्राहि त्राहि मचने लगी है। नदी नाले और तालाबों के सूखने के कारण निस्तार की समस्या भी विकराल रूप धारण करने लगी है। अभी तो गर्मी और बढ़ने वाली है। ऐसे में आने वाले समय में स्थिति किस कदर भयावह होगी इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। दरअसल हर साल गर्मी में जल संकट की स्थिति निर्मित होती है। और शासन प्रशासन प्यास लगने पर ही कुआं खोदने वाली कहावत को चरितार्थ करता नजर आता है। गर्मी का मौसम शुरू होने के पहले ही यदि पेयजल और निस्तार की समस्या का समाधान करने के लिए कारगर कदम उठा लिए जाएं तो ऐसी विकट समस्या उत्पन्न नहीं होती। भू-जल स्तर का अंधाधुंध दुरूपयोग भी पेय जल संकट का एक बड़ा कारण बनता रहा है। खेती किसानी के अलावा औद्योगिक संस्थानों व्दारा भू-जल स्तर का मनमाना दोहन लगातार किया जा रहा है। भू-जल स्तर बढ़ाने के प्रयास भी नहीं हो रहे हैं। यही वजह है कि हर साल जब गर्मी ज्यादा पड़ती है तो भू-जल स्तर पाताल में चला जाता है। और इस वजह से पेयजल व्यवस्था चरमराने लगती हैं। भू-जल का दुरूपयोग रोकने के लिए भी कड़े कदम उठाने की जरूरत बड़ी सिद्दत के साथ महसूस की जा रही है। किन्तु प्रशासन इस दिशा में उदासीन है। बहरहाल शासन प्रशासन को चाहिए की वह पेयजल संकट की स्थिति से लोगों को उबारने के लिए युद्ध स्तर पर कारगर कदम उठाए और साथ ही इस समस्या से स्थाई समाधान के लिए वृहद कार्य योजना बनाएं।

प्रेरक प्रसंग

लोहे के टोप में पानी

नादिरशाह करनाल के मैदान में मुहम्मदशाह की सेना को परास्त करके दिल्ली पहुँचे। वहाँ दोनों ही बादशाह एक ही सिंहासन पर आसीन हुए। नादिरशाह ने मुहम्मदशाह से पानी पीने की इच्छा व्यक्त की। मुगल बादशाहों के आडंबर से सभी परिचित हैं। माँगा पीने के लिए पानी था और वहाँ बजने लगा नगाड़ा, जैसे किसी उत्सव की शुरूआत होने जा रही हो। दस-बारह सेवक उपस्थित हो गए। किसी के हाथ में रूमाल था तो किसी के हाथ में खासदान। दो-तीन सेवक चाँदी के बड़े थाल को लेकर आगे बढ़े, उसमें मानिक का कटोरा जल से भरा रखा था। ऊपर से दो सेवक कपड़े से उस परात को ढके हुए बराबर चल रहे थे। नादिर की समझ में यह नाटक न आया, वह घबरा गया, माँगा पानी था और यह क्या तमाशा होने जा रहा है। उसने पूछा यह सब क्या हो रहा है? मुहम्मदशाह ने उत्तर दिया- आपके लिए पानी लाया जा रहा है। नादिर ने ऐसा पानी पीने से साफ इनकार कर दिया। उसने तुरंत अपने भिश्ती को आवाज लगाई। भिश्ती हाजिर हुआ, नादिर ने अपना लोहे का टोप उतारकर भिश्ती से पानी भरवाकर प्यास बुझाई। पानी पीने के बाद बड़े गंभीर स्वर में कहा- यदि हम भी तुम्हारी तरह पानी पीते तो ईरान से भारत न आ पाते।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:52, सूर्यास्तः 18:55
चन्द्रोदयः 28:18, चन्द्रास्तः 16:09
अयन उत्तरायण, ऋतुः ग्रीष्म
शकसम्वतः1 946 (क्रोधी)
विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल
संवत्सर क्रोधी संवत्सर (उत्तर) कालयुक्त
युगाब्द (कलिसंवत) 5126
मास वैशाख , पक्ष-कृष्ण
तिथि त्रयोदशी, नक्षत्र रेवती
योग प्रीति प्रथम करण कौलव (07:11 तक)
द्वितीयकरण तैतिल (17:42 तक)

॥ गोचरग्रहाः ॥
सूर्यमेष , चंद्रमीन
मंगल कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुधमीन (उदित, पूर्व, वक्री)
गुरुवृष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी)
शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
राहुमीन , केतुकन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 11:58 से 12:50
राहुकाल 17:17 से 18:55
यमगण्ड 12:24 से 14:02
दुर्मुहूर्त 17:11 से 18:03
अमृतकाल 15:35 से 17:02
सर्वार्थसिद्धि योग 05:30 से 19:57
विजय मुहूर्त 14:28 से 15:22
गोधूलि मुहूर्त 18:56 से1 9:17
सायाह्न सन्ध्या 18:57 स 20:00

छत्तीसगढ़ में भी सरकारी धारावी हैं

कनक तिवारी

तो मुझे हाउसिंग बोर्ड का चेयरमैन बनाकर क्षतिपूर्ति की गई थी। सवाल है कि लोग गफलत, ज़लालत, गंदगी, अधिकारविहीनता और बदहाली में षामिल हो गई निराषा में कब तक जीना चाहते हैं। इससे बेहतर है कि हाउसिंग बोर्ड जैसी संस्थाओं का विर्सजन कर दिया जाए। जब इसे निजी बिल्डरों द्वारा ही तय होना है। निजी अस्पतालों के वेंटिलेटर पर ही दम तोड़ना है। निजी षिक्षा संस्थानों में दुगुनी चैगुनी फीस देकर बच्चों का भविष्य बनाना है कि वे आगे चलकर खुद इसी जंजाल मे फंसकर आम आदमी का षोषण करने का पुर्जा बन जाएं। जब पांच किलो प्रतिमाह अनाज को लोकतंत्र का अधिकार समझा जाता है। तो हर माह के भिखारियों जैसे बना दिए गए नागरिकों के एक छोटे रेवड़ को हाउसिंग बोर्ड के नाम से रायपुर ही नहीं छत्तीसगढ़ के अन्य षहरों में भी निर्मित सरकारी धारावी कॉलोनी क्यों नहीं कहा जा सकता।

मैं छत्तीसगढ़ के दुर्ग में सरकारी उपक्रम छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा निर्मित कॉलोनी में रहता हूं। एक अतिरिक्त मकान रायपुर में मण्डल द्वारा ही कचना फेज़-2 में निर्मित है। कचना फेज़-2 की कॉलोनी आठ दस वर्ष पहले पूरी हो चुकी है। हितग्राहियों और आवंटियों ने रहायषी भवन और दुकान आदि एलॉट कराकर उपभोग करना षुरू कर दिया है। हाउसिंग बोर्ड निजी संस्थान नहीं है और न ही स्वयंसेवी संगठन है। उसे तत्कालीन मध्यप्रदेष में 1972 में गृह निर्माण मण्डल अधिनियम के तहत स्थापित किया गया है।

हाउसिंग बोर्ड का मकसद आम जनता को, (अमीरों को नहीं) यथासंभव सस्ती दरों और ज़्यादा से से ज़्यादा सुविधाओं और सहूलियतों के साथ भवनों और प्लॉट आदि का इस तरह आवंटन करना है जिससे एक आधुनिक साफ सुथरी, व्यवस्थित और नई तरह की नगर संस्कृति विकसित करती कॉलोनी लगभग हर प्रमुख षहर में षहरी आवास की समस्याओं को वैज्ञानिक और सामाजिक आधारों पर हल करती दिखाई दे। षुरुआत में मण्डल ने ऐसे कई उपक्रम हाथ में लिए। उन्हें असफल नहीं कहा जा सकता था।

धीरे धीरे मकानों की गुणवत्ता, प्लॉट्स की उपादेयता, भवनों के आवंटन, स्थल चयन वगैरह को लेकर मंत्रियों, नौकरषाहों, विधायकों के गिरोह द्वारा साजिषी गिरावट षुरू की गई। खमियाज़ा उन्हें भुगतना पड़ा जो सरकार की नीयत और आष्वासन पर भरोसा कर कई बार अपने पुराने आवास छोड़कर ऐसी कॉलोनियों में उम्मीद लेकर आए थे। हालांकि सभी कॉलोनियों में लोग पूरे नाउम्मीद नहीं भी हुए।

हाउसिंग बोर्ड ने निजी डेवलपरों से निपटने के लिए एक सामाजिक मकसद का ऐलान किया था कि इच्छुक आवेदकों को भवन निर्मित होते ही आवंटित कर दिए जाएंगे। उनसे लगभग अधिकृत बीस प्रतिषत दाम लेकर बाकी अस्सी प्रतिषत को लगभग 15 वर्षों की किष्तों में (हालांकि सामान्य ब्याज लेते हुए) वसूला जाएगा। यह लोगों को मुफीद लगा क्योंकि नौकरीपेषा और व्यापारी वर्ग की भी आय और खर्च का आधार अमूमन मासिक ही होता है। मैं तीन वर्षों तक अविभाजित मध्यप्रदेष में हाउसिंग बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया था। तब बोर्ड ने राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार हासिल किए थे। हमने सुनिष्चित किया था कि नागरिकों की षिकायतों का तुरंत निपटारा किया जाए। अध्यक्ष को काफी अधिकार होते हैं। उन अधिकारों का इस्तेमाल करते वक्त मेरा स्वभाव अधिकारियों और सत्तानषीन नेताओं वगैरह के मामले में भी सख्त और कड़ियल हो जाता था। इस सिलसिले में मैंने कांग्रेस में रहते हुए भी प्रदेष के उपमुख्यमंत्री, एक ताकतवर सांगठनिक नेता और कई अधिकारियों के द्वारा अनाधिकृत चेष्टाओं के खिलाफ फैसले किए थे। कर्मचारियों की सुविधाओं का ख्याल भी रखा था। खैर वह अतीत हो गया।

रायपुर में कचना हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी मेरा आश्रयस्थल है। हाउसिंग बोर्ड अधिनियम और नगर पालिक अधिनियम की अमलकारी धाराओं को कॉलोनी निर्मित होने के तुरन्त बाद बिजली, पानी, सफाई, स्वास्थ्य, आमोद प्रमोद, खेल के मैदान, स्कूल आदि जितने हो सकें सबकी देखभाल अनिवार्य रूप से संबंधित नगर निगम को करनी है। उसके ऐवज में निगम संपत्ति कर, जल कर, सफाई कर आदि कई करारोपण करता है। उससे नागरिक बच नहीं सकते। हाउसिंग बोर्ड के कमिष्नर और रायपुर नगरपालिक निगम के कमिष्नर और उनसे उच्चतर अधिकारियों की आपसी गफलत और हठधर्मी तथा अनदेखी के कारण कॉलोनी में नागरिक सुविधाओं का प्रबंधन अधिनियमों को ठेंगा दिखाते हुए हाउसिंग बोर्ड द्वारा ही बराएनाम ही किया जा रहा है। कॉलोनी में भीषण गंदगी का आलम है। जगह जगह घरों से निकाला हुआ कचरा सड़कों पर बिखरा दिया गया है। आवारा पषुओं और मनुष्यों के आने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। कचरे से उत्पन्न दुर्गंध हाउसिंग बोर्ड के नागरिकों को दैनिक भेंट है। जलप्रदाय का प्रबंधन निजी हाथों में है। सभी तरह के टैक्स की वसूली बोर्ड और निगम द्वारा की ही जा रही है।

बोर्ड के अधिकारी तो इतने नादिरषाह हैं कि सहायक इंजीनियर से लेकर हाउसिंग कमिष्नर तक किसी भी नागरिक का टेलीफोन वे नहीं उठाते। जवाब देना तो उनकी षान के खिलाफ है। विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री तो अभी नींद से जागे ही नहीं हैं। सांय सांय ही हो रहा है। बोर्ड की गिरावट लगातार उसकी स्थापना से की जा रही है। जानबूझकर कई वे स्थल छोड़ दिए गए हैं। वहां अच्छी आवासीय कॉलोनी बसाई जा सकती थी। संदेह है कि निजी बिल्डरों से सांठगांठ के मामले में हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी और मंत्री वगैरह ढिलाई नहीं रखते। हालत यह है कि नगर निगम भी अपने कर्तव्यों को लेकर मूंछों पर ताव देता नाकारा रहा है। महापौर एक तरह के छत्रप होते हैं। नगर को उनकी रियासत समझते हैं।

दिक्कत तो उन नागरिकों से भी है जिन पर इस तरह का जुल्म हो रहा है। वे खुद ही संगठित नहीं हैं। अपने अधिकारों को लेकर आगे आने की उनकी जिजीविषा ही नहीं है। हाउसिंग बोर्ड की रायपुर की कई कॉलोनियां तो किसी 80-85 साल के बूढ़े व्यक्ति की देह की तरह जर्जर हो गई हैं। वर्षों से उनमें प्लास्टर तक नहीं हुआ है। टूट फूट की मरम्मत नहीं हुई है। नागरिक सुविधाओं को नहीं देते ऐंठना हाउसिंग बोर्ड के चरित्र का हिस्सा हो गया है। ऐसी कॉलोनियों में मौजूदा सरकार के सलाहकार और बीबीसी के संवाददाता सहित कई प्रमुख नागरिक भी रहते हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जुझारू नेता मुझे बताते हैं कि खम्हारडीह की हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी को देखकर कोफ्त होती है। घिन आती है। गुस्सा भी आता है। सवाल उठता है कि लोगों को कॉलोनी में बसाने के नाम पर सभ्यता के विकास का चोचला जनता की छाती पर क्यों लादा गया। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि मंत्रियों, नौकरषाहों, अधिकारियों वगैरह की दिलचस्पी, ठेकेदारों के ठेके फाइनल करते समय तक अपने कमीषन तक ही रहती है। उसके बाद योजना और नागरिक जाएं भाड़ में। कोई हमारा क्या बिगाड़ेगा। हम अपनी किसी अगली दलाली की चिंता क्यों नहीं करें। हाउसिंग बोर्ड चेयरमैन भी वे राजनेता बनते हैं जिन्हें या तो विधायक, सांसद का टिकट नहीं मिलता। या वे किसी मंत्री के मुंहलगे होते हैं। मैंने भी प्रदेष के तीन नौजवान मंत्रियों को समझा बुझाकर, सलाह देकर एक सत्तानषीनी में मदद की थी।

आज का इतिहास

2015 में आज ही के दिन भारतीय फिल्म अभिनेता सलमान खान को गैर इरादतन हत्या के लिए 5 साल जेल की सजा सुनाई गई थी, बाद में हाईकोर्ट ने अपील पर उन्हें तत्काल जमानत पर रिहा कर दिया था।

2010 में आज ही के दिन मुंबई पर हमला करने वाले आतंकवादियों में से जिंदा पकड़े गए एकमात्र आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी की सजा सुनाई गई थी।

2002 में आज ही के दिन भूपिंदर नाथ कृपाल भारत के 31वें मुख्य न्यायाधीश बने थे।

2001 में आज ही के दिन पोप जॉन पॉल द्वितीय ने सीरिया में मस्जिद का दौरा किया था और वह किसी मस्जिद में जाने वाले पहले पोप थे।

1999 में आज ही के दिन महाराष्ट्र राज्य के सभी कृषि विश्वविद्यालयों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण का निर्णय लिया गया था।

1997 में 6 मई को ही बैंक ऑफ इंग्लैंड को स्वायत्तता दी गई थी।

1910 में आज के ही दिन जॉर्ज पंचम, पिता एडवर्ड सप्तम की मृत्यु के बाद ब्रिटेन के सम्राट बने थे।

1857 में आज ही के दिन ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल नेटिव इंफैंटरी की 34वीं रेजिमेंट को भंग किया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

किसान फसल बोता है

किसान फसल बोता है, खाद डालता है, पानी देता है, पालता है। फसल पकती है, छः महीने की मेहनत का फल मिलने को होता है, लहलहाती पकी फसल बारिश ओलों से बिछ जाती है, खराब हो जाती है । अथवा अचानक आग की लपटों से घिर जाती है, जलकर नष्ट हो जाती है । इस पीड़ा को महसूस किया जा सकता है, कुछ किया नहीं जा सकता ! - **अर्पित अनाम**

मन का रेगिस्तान

मन का रेगिस्तान यादों की तपती धूप और अकेली चली जा रही हूँ मैं मौन निःशब्द अचानक ठंडी हवा के झोकों सी मीठी यादें छम-छमा कर बरसी और भिंगो गई तन-मन गीली आँखें गीला मन सिक्त हृदय तृप्त आत्मा।

- **डेजी जयसवाल**

खास पाती | एक से भले दो जरूर कह गए अब

एक से भले दो जरूर कह गए अब कहाँ वो फितूर रह गए । महल ऊँची कैसे हमारे कद से तकलीफ जब से मजदूर सह गए । जिसके कंधे पर आर्थिक ढांचा हो आर्थिक स्वरूप से वो दूर रह गए। कोई गिराने में कोई भुनाने में लगे अहम इतना कि कुर्सी से उतर गए । ताने फ़जिते कितने भावों में बहे अच्छे अच्छे इश्क में मजदूर रह गए ।

- **सुरेश वैष्णव**

इस जगत में प्रेम से बढ़कर कोई चुनौती नहीं

इस जगत में प्रेम से बढ़कर कोई चुनौती नहीं। बिना किसी को कष्ट दिए प्रसन्नता पूर्वक रहना दुनिया की बिकटतम चुनौती है।अकेले शांति पूर्वक जीना सरल है, किसी दूसरे के संग बिना उसे सताए शांति पूर्वक जीना और जीने देना महा कठिन। सत्य, प्रेम, करुणा तो खै़र बड़ी बात हुई, हम तो पेड़, पहाड़, नदी, समुद्र, पर्यावरण यहाँ तक कि इस सृष्टि को भी निगल जाना चाहते हैं।

- **राकेश मिश्रा**

इक भरम दिल में बना रहने दो खूवाब आँखों में

इक भरम दिल में बना रहने दो खूवाब आँखों में बसा रहने दो मुझको दीवाना बना रहने दो और कुछ देर नशा रहने दो आखि़री बार मिल रहा है मुझे उसको सीने से लगा रहने दो यह निकलकर भी दर्द ही देगा तीर इस दिल में चुभा रहने दो रास आई है जफ़ा भी मुझको अब यह आदाब ए वफ़ा रहने दो मत भरो इनको , दवा रहने दो मेरे जख्मों को हरा रहने दो।

- **अनु मित्तल**

दो पल का सुकून तलाशती है जिंदगी

दो पल का सुकून तलाशती है जिंदगी सुख,दुख सबको संवारती है जिंदगी आशा की किरणें आँचल में समेटकर खुशियों की राह निहारती है जिंदगी कभी आँखों में ठहरा ये वक्त लगता है कभी बातों में उलझा कमबख्त लगता है मैं ऊँगलियों पर गिनती रही उम्र अपनी और पल में हजार उम्र गुजारती है जिंदगी मैं बेबाक,लापरवाह,वो सुलझी सयानी है अंजान हर रुसवाई से,मेरी इतनी ही कहानी है हूँ अल्हड़,उलझी, नासमझ मैं मेरी नादानियां पर मुस्कुराती है जिंदगी रखती है खयाल मेरा,मुझे जीना सीखाती है संभालती है कदम मेरे,चलना सीखाती है सहलाकर,समझाकर,देकर थपकियां अपनी गोद में मुझको सुलाती है जिंदगी

- **माया देवांगन**

तुम कुंहासों की घनी धुंध में इधर आते

तुम कुंहासों की घनी धुंध में इधर आते हुए दिखा गये ! थे थके थके से चराग सब चराग मुस्करा दिये ! किसको सुनाएं वो दर्देदिल हमें किसने कितने जख्म दिये कितनी शामआंधियों ने यहां आ करनए रंजोगम दिये तुमने नए गुल महका दिए उदास चराग खिलखिला दिये देखा चराग... तड़पती रही सिसकती रही दुनियां सदा रेगिस्तान सी जलती जलती हुई थार की किसी नदी की दास्तान सी थारों में भी गुल खिला दिए उदास चराग झिलमिला दिये देखाचराग

- **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

जुस्तजू जिसकी थी वो मिला ही नहीं

जुस्तजू जिसकी थी वो मिला ही नहीं, अब खुदा से भी कोई गिला ही नहीं ! दर्द के नूर से रूह रौशन रहे, सलिए ज़ख्म दिल का सिला ही नहीं!

- **कविता सिंह**

QUIZ TIME

1) पंचायती राज की तीन स्तरीय प्रणाली किस राज्य द्वारा पहली बार अपनाई गई थी?

2) पारिवारिक न्यायालय को कौन तैयार करता है?

3) अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 का विषय क्या है?

4) सामान्य इच्छा का सिद्धांत किसने प्रस्तुत किया था?

5) हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने ग्रैंडमास्टर की उपाधि से किसे सम्मानित किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) राजस्थान (2) राज्य / केंद्र शासित प्रदेश सरकार (3) बदलती जलवायु में कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिये विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। सेहत में विकार रहने से दिन के आरम्भ से ही आपका स्वभाव उखड़ा हुआ सा रहेगा।

वृषः आज का दिन लाभदायक रहने वाला है लेकिन अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना भी आवश्यक है आज आप सुखोपभोग के लिए आवश्यक कार्यो की अनदेखी करेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपका व्यवहार अत्यंत मधुर रहेगा लेकिन आज आप जैसा व्यवहार करेंगे अंदर से उसके एकदम विपरीत रहेंगे।

कर्कः आज का दिन लगभग सामान्य ही रहेगा आध्यात्मिक कार्यो में रुचि रहने से मानसिक रूप से सुदृढ़ रहेंगे।

सिंहः आज दिन के पहले भाग को छोड़ शेष समय उठापटक में बीतेगा। सुख प्राप्ति की इच्छा प्रबल रहेगी।

कन्याः आज का दिन आपके लिये आर्थिक एवं व्यावसायिक रूप से शुभ फलदायी रहेगा। स्वभाव से लापरवाह रहेंगे।

तुलाः आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से लगभग ठीक ही रहेगा प्रातः काल के समय आलस्य अवश्य रह सकता है।

वृश्चिकः आज के दिन आपका व्यवहार बीते कल की तुलना में विपरीत रहेगा अपने मतलब की बातों पर ही ध्यान देंगे जहां खर्च अथवा निजी स्वार्थ नही होगा उन कामो की अनदेखी करेंगे।

धनुः आज के दिन आपके व्यवहार एवं परोस्थितियो में काफी बदलाव आएगा। आपके व्यक्तित्त्व में विकास होगा सार्वजिनक क्षेत्र पर आपकी छवि सुधरेगी।

मकरः आज का दिन आपके लिये कम समय और परिश्रम में अधिक लाभ दिला सकता है लेकिन किसी भी कार्य एवं व्यवसाय में आपकी कार्य शैली अत्यंत धीमी रहने के कारण इसका पूरा लाभ उठा पाना संदिग्ध हो सकता है।

कुंभः आज का दिन भी सामान्य से उत्तम रहेगा आज आपका मिलनसार व्यवहार अवश्य ही कुछ ना कुछ लाभ दिलाएगा।

मीनः आज के दिन आपको मनचाहा सुख मिलने से मानसिक संतोष होगा लेकिन इसके लिये इंतजार करना ही आज भारी पड़ेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -048

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्माननीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे
1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानदंड, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

1		2	3	4		■	■	5
	■	6			■	7		
8	9	■	■	10	11		■	
■		■	12	■	13			
14		■	15				■	■
■	16			■	■	■	17	18
19	■	■	20	21	22	■	23	
	■	24	■	25		26		■
27					■	28		

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 047 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सी
ह	■	या	च	क	■	म	न्त	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

चुनाव प्रचार का शोरगुल थमा, अब घर-घर दस्तक, कल मतदान

इस बार 37 प्रत्याशी चुनावी मैदान पर, महीनेभर चले प्रचार अभियान में पार्टियों ने झोंक दी ताकत

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार आज शाम पांच बजे खत्म हो गया। माहभर से अधिक चले इस प्रचार अभियान में पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। इस बार के चुनाव में बैनर-पोस्टर कम ही दिखे, पार्टियों ने जनसभाओं और नुक्कड़ सभाओं के साथ जनसंपर्क पर ज्यादा जोर दिया है।

बिलासपुर सीट के लिए प्रमुख पार्टियों भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों समेत कुल 37 प्रत्याशी मैदान में हैं। परंपरा से इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही सीधा मुकाबला होता आ रहा है। इस बार भाजपा ने अपने पूर्व विधायक तोखन साहू को अपना प्रत्याशी बनाया है तो कांग्रेस ने इस बार नया प्रयोग करते हुए बड़े नेता के रुप में भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव को मैदान में उतारा है। भाजपा ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद उम्मीदवारों की पहली ही सूची में अपने उम्मीदवार तोखन साहू के नाम की घोषणा कर दी थी और तभी से पार्टी का प्रचार शुरु हो गया था। कांग्रेस ने उम्मीदवार की घोषणा काफी देर से की इसलिए चुनाव प्रचार के लिए भी पार्टी उम्मीदवार को कम समय मिला, लेकिन एक बड़े नेता के

रुप में देवेन्द्र यादव ने प्रचार के लिए कम समय की भरपाई के लिए पूरे निर्वाचन क्षेत्र में समर्थकों की पूरी फौज उतार दी। जिले के पार्टी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर-भिलाई के उनके समर्थकों ने प्रचार में रात-दिन एक कर दिया। दोनों ही पार्टियों के प्रचार ने मतदाताओं को कितना प्रभावित किया है, इसका पता तो चार जून को नतीजे आने के बाद चलेगा, मगर इतना जरुर है कि दोनों ही पार्टियों ने अपने प्रचार अभियान में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

इस सीट में विधानसभा की 8 सीटें है जिनमें बिलासपुर, तखतपुर, कोटा, बिल्हा, मस्तूरी, बेलतरा और मुंगेली जिले की मुंगेली और लोरमी की सीट शामिल हैं। इन 8 विधानसभा सीटों में सिर्फ दो सीटें कोटा और मस्तूरी कांग्रेस के पास हैं, जबकि सभी 6 सीटें भाजपा के पास। चूंकि विधानसभा चुनाव को स्थानीय मुद्दों से प्रभावित जबकि लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर होते हैं इसलिए विधानसभा सीटों ने समीकरण को लोकसभा चुनाव के नतीजे के दृष्टि से बहुत मायने नहीं रखते। फिर भी चुनावी रुझान का कुछ अंदाजा तो लगता ही है। बिलासपुर सीट पिछले 7 चुनावों से भाजपा जीतती आ रही है। इस बाजी को पलटने के लिए कांग्रेस ने इस बार अपने बड़े नेता को उतारने का जो दांव चला है वह कितना असरदार होता है वह देखने वाली बात होगी। कांग्रेस ऐसा पहले भी कर चुकी है। भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आईं अटल बिहारी बाजपेयी की भतीजी करुणा शुक्ला को यहां से लड़ा चुकी है मगर उसे सफलता नहीं मिली। भाजपा से यहां से अपने बड़े नेता दिलीप सिंह जूदेव को लड़ाया था और उन्होंने इस सीट से पार्टी की

विधानसभा चुनावों जैसा उत्साह नहीं

पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान विधानसभा चुनावों जैसा उत्साह कम ही नजर आया। बड़े नेताओं चुनावी रैलियों और सभाओं में लोगों की कुछ भीड़ तो दिखाई दी, लेकिन छोटी-मोटी नुक्कड़ सभाओं में कम ही लोग दिखाई दिए। करीब 20 लाख मतदाताओं वाली बिलासपुर सीट पर 70 फीसदी तक औसतन मतदान होता आया है। अगर इस बार भी इसी के आसपास मतदान हुआ तो करीब 14 लाख मतदाता नए सांसद के लिए मतदान करेंगे। हालांकि प्रशासन ने शत-प्रतिशत मतदान की कड़ी कोशिश की है। स्वीप कार्यक्रम के जरिए लोगों खासकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का भरपूर प्रयास किया गया है।

न्यूज गैलरी

12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज से कर सकेंगे मतदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा- आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है।

दरगाह की दान पेटी चोरी के 2 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मिर्जा असरफ बेग निवासी करैहापारा रतनपुर ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि हजरत मूसा सरीफ दरगाह जूनाशहर रतनपुर में दान पेटी रखे हुआ है। जिसे साल में दो बार उर्स के पहले व बाद में खोलते हैं। जिसमें से करीबन 35 हजार से 40 हजार रू. के आसपास खोलने पर पैसा निकलता है। 2 मई की दरमियानी रात को दो अज्ञात व्यक्ति दिवाल फांदकर दरगाह अंदर मे रखे दान पेटी को चोरी कर पैसा निकालकर पेटी को वही छोड़कर भाग गये। कि रिपोर्ट पर थाना रतनपुर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी रतनपुर अजय कुमार भापुसे(प्रशिक्षु) द्वारा टीम गठित कर, घटना स्थल में लगे सीसीटीव्ही फुटेज में दिखाई दे रहे दो अज्ञात चोर का पतासाजी दौरान आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ रघुबीर गोस्वामी व विनय लहरे दोनों निवासी बिलासपुर की होने की जानकारी पर आरोपियों के सकुनत टिकरापारा बिलासपुर व सिरगिट्टी से पकड़कर थाना लाया गया जिनसे हिकमत अमली से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा दानपेटी में नगदी 9336 रू. चोरी कराना व पैसों को आपस में बाँटकर खर्च करना बताने से आरोपियों के कब्जे से 300 रूपये व 210 रूपये तथा घटना में उपयोग किये गये स्कूटी हीरो मेस्ट्रो को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी अजय कुमार (प्रशिक्षु) भापुसे, सउनि चन्द्रकांत डहरिया, प्र.आर. सत्यप्रकाश यादव, आर. प्रफुल यादव, दीपक मरावी, राकेश आनंद, दुर्गेश प्रजापति का विशेष योगदान रहा।

खड़े ट्रेलर से टकराई बस, 15 गंभीर

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर रोड में अंबिकापुर से रायपुर जा रही बस सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से जा टकराई। हादसे के वक्त ज्यादातर यात्री नींद में थे। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। इस हादसे में 15 लोगों को चोटें आई है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रतनपुर थाना प्रभारी व आइपीएस अजय कुमार ने बताया कि रायल बस शुक्रवार की रात करीब 30 यात्रियों को लेकर अंबिकापुर से रायपुर के लिए निकली थी। यात्रियों से भरी बस रतनपुर रोड में दर्रीपारा के पास बीएलटी कालेज के सामने पहुंची थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बस सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकराई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। इस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा है। तीन यात्रियों उमा नंदी निवासी विश्रामपुर, सावित्री निवासी सूरजपुर, दीपक अग्रवाल निवासी रायपुर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शेष यात्रियों को मामूली चोट आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। घटना के बाद बस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। यात्रियों ने पुलिस को बताया कि रात को वे रायपुर जाने के लिए निकले थे। रात करीब दो बजे बस में सवार ज्यादातर यात्री नींद में थे। अचानक झटका लगने पर उनकी नींद खुली। इस दौरान बस में सवार यात्रियों के बीच चीख पुकार मची थी। कुछ लोगों को चोटें आई थी। घटना के बाद आसपास के लोग और ट्रक के ड्राइवर भी मौके पर पहुंच गए। इसी बीच किसी ने हादसे की सूचना पुलिस को दे दी। कुछ ही देर में पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। तब तक घायल यात्रियों को बस से उतार लिया गया था। पुलिस ने तत्काल घायल यात्रियों को रतनपुर स्थित अस्पताल पहुंचाया।

सचिव नगरीय प्रशासन को हाईकोर्ट ने किया तलब

बिलासपुर/नवप्रदेश। नोटिस के बाद दस्तावेजों के साथ उपस्थित न होने पर नाराज हाईकोर्ट ने पिथौरा नगर पंचायत के सीएमओ को दोबारा नोटिस जारी कर संपूर्ण दस्तावेजों के साथ 11 जून को कोर्ट के समक्ष उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक सेवानिवृत कर्मचारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सीएमओ की लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई। कोर्ट ने सचिव नगरीय प्रशासन विभाग को नोटिस जारी कर इस पूरे मामले में शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। विनोद शेल्के ने अधिवक्ता अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं दुर्गा मेहर के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा है कि 30 अप्रैल 2020 को 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सहायक राजस्व निरीक्षक के पद से नगर पंचायत-पिथौरा से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) नगर पंचायत पिथौरा ने उसे ग्रेच्युटी एवं अवकाश नकदीकरण राशि के भुगतान का आदेश जारी किया। चार वर्ष की समयावधि बीत जाने के बाद भी उसे उक्त देयक का भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया गया है। मामले की सुनवाई जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता पांडेय ने कहा कि छग सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 में प्रविधान है कि किसी भी शासकीय कर्मचारी के सेवानिवृति के दिन उनके समस्त सेवानिवृत्ति देयक का भुगतान किया जाना है। परन्तु याचिकाकर्ता के सेवानिवृति को चार वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें देयक का भुगतान न कर परेशान किया जा रहा है।

फंदे पर लटकती मिली प्रधान आरक्षक की लाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। हेड कॉन्स्टेबल ने थाने से काम के अधिक दबाव और अधिकारियों के सस्पेंड करने की धमकी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। हेड कॉन्स्टेबल ने अपने घर के पास पेड में लटककर फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पीएम के बाद बॉडी परिजनों को सौंप दी। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। जानकारी मिली है कि गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के रहने वाले लखन मेश्राम 53 वर्ष सरकंडा थाना में हवलदार के पद पर पदस्थ थे। थाने में उनके पास मालखाने का इंचार्ज था। खबरों के

मुताबिक गुरुवार शाम लखन मेश्राम ड्यूटी से घर लौटे और अपना मोबाइल बंद कर लिया था। जानकारी मिली है कि गुरुवार देर रात करीब 12 बजे के आसपास वह परिजनों को बिना बताए घर से बाहर चले गए थे। तड़के जब परिवारवालों की नींद खुली तो लखन मेश्राम बेड पर नहीं थे। तब उन्होंने तलाश शुरू की। हालांकि वे निश्चिंत थे कि वे थाने गए होंगे, लेकिन जब थाने से पता चला कि वे थाने नहीं पहुंचे। हवलदार के गायब होने की खबर मिलते ही पुलिस भी शुक्रवार की सुबह उनके घर पहुंचे। जहां उन्होंने भी तलाश शुरू की। परिजन भी तलाश करते रहे। परिजन जब घर के पीछे पहुंचे तो लखन की लाश पेड़ पर लटकी मिली। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में किसी बड़े कारण की पुष्टि का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बेटे का थाना और प्रशिक्षु डीएसपी पर आरोप

हवलदार लखन मेश्राम के बेटे कृष्णाकांत मेश्राम ने बताया कि उसके पिता घरेलू समस्याओं से कभी परेशान नहीं रहे। वे सहज और शांत स्वभाव के थे। कृष्णाकांत ने आगे जानकारी दी कि थाने के काम को लेकर अक्सर परेशान रहते थे। थाने से उन्हें बार-बार फोन आता था, वह परेशान होकर जाते थे। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी और थाना प्रभारी पर भी आरोप लगाया है।

चरित्र शंका में पत्नी के प्रेमी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पत्नी पर चरित्र शंका को लेकर युवक ने पत्नी की प्रेमी की चापट से गले में वारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी कोटा को सूचना मिली कि 20 अप्रैल से 21 अप्रैल के मध्य घटनास्थल ओंकार फार्म हाउस के अंदर मृतक रामफल यादव पिता स्व. लखन यादव 48 साल निवासी बेलटुकरी मृत अवस्था में चारपाई पलंग के अंदर जला हुआ शव जमीन पर पड़ा हुआ है। रिपोर्ट प्राप्त होते ही थाना प्रभारी व राजपत्रित अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। प्रथम दृष्टया हत्या का अपराध पाए जाने से थाना कोटा में धारा 302 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर रजनेश सिंह द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए इस अंधेकत्ल को सुलझाने हेतु निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा विवेचना कार्यवाही दौरान लगातार घटनास्थल गांव में कैंप किया गया। सैकड़ो लोगों से पूछताछ किया जा रहा था एवं आसपास गांव के संदिग्धों एवं ग्रामीणों से भी पूछताछ किया जा रहा था। आसपास की सीसीटीवी फुटेज भी देखा जा रहा था एवं घटनास्थल के टावर डंप, संदिग्ध व्यक्तियों, संदेहियों के कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही थी। घटनास्थल के आस पड़ोस के लोगों से पूछताछ दौरान पड़ोसी भगेला केंवट से भी पूछताछ की गई जिसमें वह गोलमोल जवाब देने लगा, मुखबिर सूचना के आधार पर भी उसकी एक्टिविट संदिग्ध लगी। जिस पर संदेही भगेला केंवट साकिन घोघाडीह से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपनी पत्नी के चरित्र शंका पर मृतक रामफल यादव की लोहे की गडासर (चापट) से गले में वारकर हत्या करना एवं साक्ष्य छिपाने के लिए डीजल से मृतक को जला देना स्वीकार किया।

फरार कांग्रेस नेता पर पांच हजार ईनाम

एसपी ने जारी किया आदेश, छापामारी के बाद भी नहीं आया हाथ

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसपी रजनेश सिंह ने आदेश जारी कर फरार कांग्रेस नेता को पकड़ने वाले या सूचना देने वाले को ईनाम पांच हजार देने का एलान किया है। आदेश में बताया गया कि मुखबिर की सूचना पर अलग अलग ठिकानों पर धावा बोला गया। बाजजूद इसके आरोपी फरार होने में कामयाब रहा। तमाम परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस कप्तान रजनेश सिंह ने आदेश जारी कर फरार कांग्रेस नेता की सूचना देने या पकड़वाने वाले को ईनाम देने का एलान किया है।

आदेश में बताया गया है कि सरकण्डा थाना क्षेत्र स्थित चांटीडीह में कुछ महीने पहले रज्जब अली ने जमीन विवाद में सुसाइड करने से पहले कांग्रेस नेता तैय्यब हुसैन और अकबर खान पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद पूर्व पार्षद और ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष तैयब हुसैन के खिलाफ

अपराध दर्ज किया। अपराध दर्ज होने के बाद दोनो आरोपी फरार चल रहे थे। पिछले कुछि दिनों पहले ही सरकन्डा थाना प्रभारी रोशन आहुजा ने मुखबिर की सूचना पर अकबर खान को यदुनन्दननगर मे धर दबोचा। कार्रवाई के दौरान अकबर बुर्का पहनकर भागने की कोशिश करते पकड़ा गया। पुलिस प्रशासन ने बताया कि कुछ मिनटों की देरी होने से तैयब हुसैन भागने में कामयाब रहा। इसके बाद तैयब हुसैन की लगातार पतासाजी की जा रही थी। मामले में पुलिस कप्तान ने शनिवार को आदेश जारी कर बताया कि तैयाब के खिलाफ सिविल लाइन और सरकन्डा थाना में आईपीसी की धारा 306, 342, 94, 506, 451, 34 के तहत अपराध दर्ज है। मसानगंज निवासी तैय्यब हुसैन के ठिकाने पर 15 अप्रैल 2024 को धावा बोला गया। लेकिन हाथ नहीं आया। इसी दौरान जानकारी मिली कि तैयब किराए के मकान में अपने दूसरे घर कुम्हारपारा में छिपकर रह रहा है। पुलिस ने 25 अप्रैल 2024 को भारती नगर स्थित मकान में धावा बोला। लेकिन कामयाबी नहीं मिली।इसके अलावा भी पुलिस ने संभावित स्थानों में दबिश दिया है। पुलिस कप्तान कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार पुलिस रेग्युलेशन के पैरा 80 (ए) के तहत आरोपी के बारे में सूचना देने या गिरफ्तारी करवाने वाले को 5,000 रूपए ईनाम दिया जाएगा। इस दौरान पुलिस का सहयोग करने वालों की जानकारी को गुप्त भी रखा जाएगा।

कोयला स्टॉक, साइलो, साइडिंग आईटी उपायों का किया निरीक्षण

सतर्कता निरीक्षण अभियान के दूसरे दिन एसईसीएल सीवीओ पहुंचे रायगढ़ क्षेत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल सतर्कता विभाग द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के दूसरे दिन सीवीओ जयंत कुमार खमारी रायगढ़ क्षेत्र पहुंचे। दौरे के दौरान वे रायगढ़ क्षेत्र की छाल ओसीएम गए जहां उन्होने खदान में सभी जगह जाकर कोयला स्टॉक की जांच की। वे साईडिंग तथा साइलो भी

गए तथा कोयला डिस्पैच गतिविधियों की समीक्षा की। छाल खदान के उपरांत श्री खमारी धरम खदान भी गए जहां उन्होंने डी1 एवं डी2 स्टॉक का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कोयला मंत्रालय के दिशा-निर्देशन में यह अभियान देश भर में कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य के कोयला उत्पादन, भंडारण, एवं प्रेषण गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाते हुए उनमें पारदर्शिता लाना है जिससे गुड गवर्नेंस को बढ़ावा मिले।

भाजपा प्रत्याशी तोखन के पक्ष में डॉ. बांधी ने किया प्रचार

मस्तूरी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में किया जनसंपर्क

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर की प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में जनसंपर्क कार्यक्रम मस्तूरी में सतत जारी है। कल पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमुर्ति बांधी ने मस्तूरी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनसमपर्क किया।

इस दौरान उन्होंने किसान परसदा, हरदी, कोकड़ी समेत दर्जनों ग्रामों में सतत जन संपर्क किया और लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू को वोट देकर भारी मतो से जिताने की अपील की, साथ अन्य जनसंपर्क दलो के द्वारा गांव का सतत जनसंपर्क कर लोगों से भारतीय जनता पार्टी के कमल के फूल में वोट देने हेतु आग्रह किया गया जनसंपर्क के दौरान डॉ. बांधी कहा कि भारतीय जनता पार्टी में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास कार्य हो रहे हैं उनके द्वारा महिलाओं के लिए महतारी बंदन की गारंटी दी गई थी जो छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार आते ही महतारी वंदन का पैसा महिलाओं बहनों के खाते में आ गया है एवं उसकी दूसरी किस्त भी खातों में आ गई है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णु देव साय की सरकार बनते ही 18 लाख आवास छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के द्वारा रोक दिया गया था उसको पुनः चालू करवाया गया।

मार्गदर्शन फेसबुक लाइव से बढ़ रहा छात्रों का मनोबल, दक्षता विकास प्रशिक्षण के तहत जिला प्रशासन की अभिनव पहल

आत्मविश्लेषण करें और अपनी रुचि से आगे बढ़ें: एएसपी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा फेसबुक लाइव कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें बच्चों को तनाव मुक्त करने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों एवं मनोवैज्ञानिकों द्वारा दक्षता विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस क्रम में आज बिलासपुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप द्वारा बच्चों से संवाद किया गया।

श्री कश्यप ने अपने संबोधन में बच्चों, पालकों, शिक्षकों और प्राचार्य सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की। पालकों से उन्होंने कहा कि बच्चों पर अनावश्यक दबाव ना डाला जाएं। परीक्षा परिणाम को लेकर बच्चे के मन में आता है कि यदि मैं सफल नहीं हो पाया तो मेरे माता-पिता का सम्मान कम हो जाएगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि एक एग्जाम में नंबर कम आने पर ग्रोथ नहीं रुकता यदि पढ़ाई में आपके अच्छे नंबर नहीं आते हैं, तो आप विश्लेषण कीजिए और अपनी रुचियों को सामने लाकर उस क्षेत्र में आगे जाने का प्रयास करें।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पालकों और बच्चों से अपील की कि यदि फेक कॉल करके कोई भी व्यक्ति बच्चों को किसी प्रकार से ब्लैकमेल करने की कोशिश करता है अथवा दबाव डालता है तो इसकी सूचना सबसे पहले संबंधित थाने को दें। उन्होंने बताया कि आगामी शिक्षा सत्र से बच्चों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग के साइबर मितान अभियान चलाया

जाएगा जिसके माध्यम से स्कूली बच्चों को साइबर अपराधियों की गतिविधियों के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे के पास इजी नंबर या ईजी मनी का लालच देकर के कॉल करता है और किसी भी प्रकार की राशि की डिमांड करता है तो तत्काल बच्चे और पालक सतर्क हो जाएं। इसकी सूचना पुलिस के साइबर सेल में दें। बच्चों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर श्री कश्यप ने कहा कि यदि कोई बच्चा तनाव ग्रस्त होकर असामान्य हरकत करें जैसे-एकाएक चुप हो जाए, किसी से बात ना करें, खाना बंद कर दे या बहुत अधिक खाएं, चुपचाप गुमसुम बैठा रहे और अपने मित्रों से यदि नकारात्मक बातें करें, तो माता-पिता को फौरन सतर्क होने की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में तत्काल बच्चों के साथ घुल मिलकर के उन्हें सहज करने का उपाय करें और स्थिति अधिक गंभीर होने पर मनोचिकित्सक के पास बच्चों को लेकर के जाएं और काउंसलिंग करें। शाम के सत्र में भारत माता उत्तर मा. विद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य फादर सलीम ने बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच दिया,उन्होंने कहा कि बच्चे अपना एफर्ट दें पर रिजल्ट को लेकर चिंतित न हों, रिजल्ट को लेकर किसी भी तरह का तनाव न पालें। बच्चों के क्षमता विकास फेसबुक लाइव कार्यक्रम के अंतर्गत कल दिनांक 5 मई 2024 को 9 बजे पीयूष तिवारी, एसडीम बिलासपुर द्वारा एवं 5 बजे विवेक जोगलेकर, मोटिवेशनल स्पीकर के द्वारा बच्चों से सीधे संवाद किया जाएगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने बालकों, शिक्षकों और पालकों से अपील की है कि इस फेसबुक लाइव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में जुड़े और वक्ताओं के प्रेरक संवाद को सुनें।

■ न्यूज गैलरी

कोरबा में पसीना बहा रहे कांकेर के भाजपा नेता

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं को शेष चुनाव के लिए कोरबा, बिलासपुर, रायपुर के लिए रवाना किया गया है। अधिकतर कांकेर के भाजपा नेताओं को कोरबा भेजा गया है। कांकेर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं में भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया धनेलीकन्हार मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक भानुप्रतापपुर मंडल अध्यक्ष अरविंद जैन को कोरबा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे के पक्ष में विधानसभा कटघोरा के दीपका नगर पालिका शहर के वार्डों में डोर टू डोर प्रचार प्रसार करते हुए कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय का प्रचार कर रहे हैं।

राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप में कृति यादव ने जीता स्वर्ण

किरंदुल/नवप्रदेश। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2024 का आयोजन देश की राजधानी नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में विगत दिनों किया गया था। इसमें केवीएस किरंदुल की छात्रा कृति यादव ने अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय, किरंदुल नगर, दंतेवाड़ा जिले तथा छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है। इसी स्पर्धा में केंद्रीय विद्यालय किरंदुल की कक्षा 10वीं की छात्रा अनुष्का यादव, पाखी बघेल और रुचिता पात्रे ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर केंद्रीय विद्यालय किरंदुल के प्राचार्य बलजिंदर सिंह, समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं, अभिभावकों ने मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की है तथा खिलाड़ियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय व्यायाम शिक्षक विनोद तबूना, ताइक्कांडो प्रशिक्षक तरुण गंगबेर तथा अपने माता पिता को दिया है।

कस्टम मिलिंग में धमतरी जिला अव्वल

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में इस बार रिकार्ड लक्ष्य से अधिक धान की खरीदी हुई है। इसके पश्चात धान का उठाव व कस्टम मिलिंग में भी धमतरी जिला अग्रणी बना हुआ है। गौरतलब है कि इस साल जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी लक्ष्य से ज्यादा रिकॉर्ड 61 लाख 7 हजार 332 हुई। जो अब तक की सबसे ज्यादा धान की खरीदी है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य परधान बेचने के लिए जिले के 1 लाख 24 हजार 987किसानों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से 1 लाख 21हजार 660 किसानों ने समर्थन मूल्य पर जिले के सभी 100 केंद्रों में धान बेचा है। 3 हजार 327 किसानों ने इस साल धान नहीं बेचा है। धान बेचने की कुल राशि 1335 करोड़ 64 लाख 47 हजार 532 रुपए थी। इनमें से 261करोड़ 49 लाख 4 हजार 750 रुपए की कर्ज वसूली किसानों से की गई। खरीदी के पश्चात केन्द्रों में रखे धान काउठाव कस्टम मिलिंग करने हेतु जिले के मिलरों ने अनुबंध किया है। इसके पश्चात खरीदी के साथ ही धान का उठाव प्रारंभ हुआ। वर्तमान में खरीदी लक्ष्य से संबंधित धान का उठाव पहले ही हो गया है।

पालक शिक्षक सम्मेलन में छात्रों को मिला हॉलिडे होमवर्क

■ पिछले माह हुए ऑफलाइन, ऑनलाइन अध्ययन और टेस्ट की समीक्षा

■ बच्चों के रचनात्मक विकास के लिए समर कैंप

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकंडरी स्कूल में पालक शिक्षक सम्मेलन रखा गया। इसमें अप्रैल माह में हुए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन अध्ययन एवं टेस्ट की समीक्षा की गई, बच्चों के सभी विषयों की प्रगति की चर्चा करते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए गृहकार्य की प्रति प्रदान की गई।

विगत दिनों में बच्चों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से सभी विषय अंग्रेजी, हिन्दी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, शारीरिक शिक्षा, कम्प्यूटर आदि विषय का अध्ययन एवं अध्यापन कर बच्चों ने घर पर ही ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी पढ़ाई को जारी रखा और गुगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन टेस्ट देकर नवीन एवं विश्व स्तरीय शिक्षण पद्धति से जुड़कर अपनी विशेष योग्यता का परिचय दिया।

पालक शिक्षक सम्मेलन में बच्चों के सर्वांगीण विकास की चर्चा करते हुए ऑनलाइन टेस्ट की समीक्षा की गई और ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिऐ हॉलिडे होमवर्क के रूप में लिखित एवं मौखिक कार्य के अलावा पोर्टफोलियो एवं प्रोजेक्ट कार्य भी दिया गया । इसके साथ पैराडाइज स्कूल के बच्चों के साथ अन्य स्कूल के छात्रों के लिये भी समर कैंप का आयोजन 6 मई से कर रही है। जिसमें विभिन्न कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा डांस, म्यूजिक, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, मार्शल आर्ट, स्पोकन इंग्लिश, कोडिंग एवं रोबोटिक का शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके अलावा कमजोर बच्चों के लिये विभिन्न भाषा, गणित, विज्ञान,एवं अन्य विषय के लिये ब्रीज कोर्स का संचालन पालकों की अनुमति से किया जाएगा।

पैराडाइज स्कूल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश में विभिन्न बौद्धिक एक कलात्मक कार्य एवं समर कैंप के आयोजन में प्राचार्य रश्मि रजक मैनेजर योगेश रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, दीपांजली गोगोई, स्वाति गुप्ता, वर्षा रमानी, एस. मर्सी, मेघा सेवा, शबाना परवीन, तीरथ साहू, इतिश्री गोलुगिरी, सुचिस्मिता खान, भारती सेठिया, प्रतीक सिंह ठाकुर संगीता भारती रीया सोनी प्रीतिलता सोरी, सरिता मिश्रा अवतार सिंह शिखा मेहरा अनिल ढाके टाकेश्वर साहू उज्जवल निर्मलकर,सुकदेव सरकार, ज्योति सलाम अपूर्वा ठाकुर,प्रियंका शुक्ला शांतिलीना नेताम, तुलसी निषाद, यमुना बेलोधिया, लक्ष्मीनारायण नामदेव, रूमा मजूमदार, आदि शिक्षकों का अथक परिश्रम एवं महत्वपूर्ण विशेष योगदान रहेगा।

अभनपुर परसदा के 46 परिवारों ने भाजपा में किया प्रवेश

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने के लिए क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू लगातार विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता और लोगों से संपर्क कर भाजपा के लिए समर्थन मांग रहे हैं। रविवार 5 मई को अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ऊपरवारा में ग्राम परसदा के 46 परिवारों ने रतिराम साहू की सहमति, टीकू यादव और रमेश वर्मा के नेतृत्व में विधायक इंद्र कुमार की कार्य शैली से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो गए। इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि हमें देश के उज्जवल भविष्य के लिए विकसित, विकासशील और समृद्ध भारत निर्माण के लिए पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। इसके लिए हमें रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने हेतु मतदान करना भी है और लोगों को प्रोत्साहित कर मतदान कराना भी है। भाजपा मेंशामिल होने वालों में घनश्याम यादव, होरी लाल यादव, चंद्रहास यादव, लक्ष्मण यादव, विशाल यादव कोमल यादव,डेरहू यादव, लक्ष्मण यादव, नंदू यादव, दिनेश यादव,इतवारी यादव, भरोसा यादव सहित ग्राम परसदा के 46 परिवारों ने आदि शामिल हैं।

इंटक की स्थापना और मजदूर दिवस पर श्रमवीरों का सम्मान

■ मेटलमाइन्स वर्कर्स यूनियन का आयोजन

किरंदुल/नवप्रदेश। मेटलमाइन्स वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल द्वारा सचिव ए.के. सिंह के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस एवं इंटक स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जयस्तम्भ चौक, किरंदुल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देवेंद्र साहू, कीर्तनीया राणा, रीमा दिवाकर की टीम द्वारा प्रस्तुत राजगीत ÷अरपा पैरी के धार÷ की प्रस्तुति के साथ की गई। एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नाईक, महाप्रबंधक (उत्पादन) आर. राजाकुमार, महाप्रबंधक (विद्युत) सेवायें एन. सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक (कार्मिक) एस. चटर्जी, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) मनीष तोपनो, समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, किरंदुल थाना प्रभारी प्रहलाद साहू, एसकेएमएस के अध्यक्ष देवरायलु, सचिव राजेश संधू, कार्यकारी अध्यक्ष रोशन मिश्रा, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना, राजेन्द्र सक्सेना, रामकृष्ण बैरागी, अरुण शर्मा, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता, बैलाडीला व्यापारी संघ के अध्यक्ष मंजू छालीवाल तथा इंटक यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा एनएमडीसी से सेवानिवृत्त हुए लगभग 150 वरिष्ठ नागरिकों पर पुष्पवर्षा, टोपी, गमछा एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित गणमान्य एवं नगरपरिवार के लिए शीतल पेय एवं मिष्ठान की व्यवस्था की गई थी। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के सचिव ए के सिंह के कुशल नेतृत्व में समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सहयोग से यह वृहद कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें नगरपरिवार, पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार बंधुओं का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। बी एल तारम एवं दिनेश साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया।

विहिप और बजरंग दल ने धर्मांतरण के प्रयास को किया विफल

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम मुजगहन, पचपेड़ी,करेली छोटी, भेलवाकुदा, भटगांव में पुलिस प्रशासन के सहयोग से अवैध रूप से चल रहे धर्मांतरण को रोका गया। इस कार्य में पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग रहा। मुजगहन में जामवंत देशमुख के नेतृत्व में सभा चलाने वाले मुखिया को शांतिपूर्ण तरीके से निर्देशित किया गया कि जो व्यक्ति जाति से हिन्दू है उन्हें कार्यक्रम में शामिल न किया जाए, और यदि उनको शामिल करना है तो उनका नियमानुसार धर्म परिवर्तन कर गिरजाघर में प्रार्थना कराई जाए, उनका विधिवत बप्तीस्मा कराया जाए। तब ही वो ईसाई धर्म के अनुयायी कहलाएंगे।

शहीद स्मारक की उपेक्षा से गंदगी

■ समाजसेवी संस्था और भूतपूर्व सैनिक संघ ने अभियान चलाकर शहीद स्मारकों को चमकाया

कांकेर/नवप्रदेश। शहर की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था हर रविवार स्वच्छता अभियान चलाकर शहर के अलग अलग जगहों पर अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया जाता है।

रविवार 5 मई को जन सहयोग समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी उनकी टीम ने शहर के घड़ी चौक स्थित शहीद स्मारक तथा उसके आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान में जन सहयोग संस्था के साथ भूतपूर्व सैनिक संघ भी इस अभियान के साक्षी बने।

जन सहयोग समजासेवी संस्था और भूतपूर्व सैनिक संघ के द्वारा चलाए अभियान में शहीद स्मारक परिसर की सफाई की। अभियान से उक्त स्थल को स्वच्छ किया गया। इसके लिए समाजसेवी संस्था जन सहयोग के सदस्यों तथा पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने कई घंटों तक मेहनत की। गौरतलब है कि शहर काँकेर में स्थित अनेक प्रतिमाओं तथा स्मारकों की साफ़ सफ़ाई का पुण्य कार्य पिछले अनेक वर्षों से ÷जन सहयोग÷ द्वारा ही सेवाभाव से किया जाता रहा है। आज के स्वच्छता अभियान में जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, बल्लू राम यादव ,संत कुमार रजक, करण नेताम ,पप्पू साहू, गजेंद्र सिंह ठाकुर ,भूपेंद्र यादव ,डोमेश वलेचा, भूतपूर्व सैनिकों टी के जैन, संयोग साहू इत्यादि ने भाग लिया। घड़ी चौक से होकर गुज़रने वाले नागरिकों ने सफ़ाई अभियान से चमक रहे शहीद स्मारक को देखकर समाज सेवी संस्था जन सहयोग तथा उनके सहयोगियों की प्रशंसा की।

भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन में जुटा सर्व ब्राम्हण समाज

कांकेर/नवप्रदेश। 10 मई को ब्राम्हण समाज के आराध्य भगवान विष्णु के छठवें आवेशावतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव हर्षोल्लास व भव्य आयोजन की तैयारी के लिए विगत दिनों बाबा रामदेव मंदिर में बैठक आहूत की गई थी। जिसमे सर्व ब्राम्हण समाज के पदाधिकारी व सदस्य के समक्ष होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में तय हुआ कि संध्या 4 बजे कांकेर मरीन ड्राइव में स्थापित भगवान परशुराम चौक में सामुहिक पूजन अर्चन पश्चात विराट शोभायात्रा निकाली जाएगी, शोभायात्रा पश्चात पुनः भगवान परशुराम चौक में एक संगोष्ठी कार्यक्रम बाद कांकेर चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर इत्यादि स्थानों से आये समस्त विप्र परिवार के भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्व ब्राम्हण समाज के सारे सदस्य युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं। प्रत्येक ब्राम्हण समाज के सदस्यों तक आमंत्रण पहुचाने के लिए दायित्व दे दिए गए है, समाज के वरिष्ठ डॉ दिनेश मिश्रा, दीपक मुखर्जी, नीतेश उपाध्याय, बलराम भट्ट, डॉ दुर्गेश अवस्थी, गुलराज शर्मा, देवेश मिश्रा, आयुषि मिश्रा,श्रीमती भावना हड़प, श्रीमती बिंदू दुबे, श्रीमती गायत्री गुलराज शर्मा, किशन पांडेय, सुरेश मिश्रा, कौशलेंद्र दत्त उपाध्याय, रमाकांत दुबे, ज्ञानेश शर्मा सहित समाज के युवा प्रभाग, महिला प्रभाग के सदस्य तैयारी में लगे हुए है। डॉ दिनेश मिश्रा एवम पंडित दीपक मुखर्जी ने बताया कि सर्व ब्राम्हण समाज विगत कई वर्षो से भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव को धूमधाम से एकजुट होकर मनाते चले आ रहे है, ब्राम्हण समाज के आराध्य भगवान श्री परशुराम जी, भगवान श्री हरि विष्णु के दस अवतारों में छठवे अवतार माने जाते है, ये ऋषि जमदग्नि माता रेणुका के पुत्र है और सप्त चिरंजीवी में से एक है, भगवान शिव ने उन्हें दिव्य अस्त्र परशु / फरसा प्रदान किया था, जिस फरसे से उन्होंने 21 बार समूचे धरती को क्षत्रिय विहीन किया था, भगवान परशुराम महान मातृ पितृ भक्त थे, भगवान परशुराम दुर्वासा मुनि के बाद सर्वाधिक क्रोधी ऋषि के रूप में माने जाते है। जिला कांकेर सर्व ब्राम्हण समाज समस्त विप्रो से आह्वान करता है कि 10 मई को होने वाले भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होकर ब्राम्हण समाज का गौरव बढ़ाये।

डीआरटी कोर्ट के आदेश पर यूनियन बैंक द्वारा की गई कुर्की

रायपुर/नवप्रदेश। माननीय न्यायलय ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर म.प्र. छ.ग. वसूली अधिकारी वात्सल्य कुमार के निर्देश पर पर कोर्ट कमिश्नर एडवोकेट महेश पाण्डेय के द्वारा यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की पंडरी शाखा रायपुर छ.ग. के एन. पी.ए. खाता प्रेमलाल सागर डेयरी प्रकरण में बंधक संपत्ति भूमि एवं शेड, प्लाट न. ष्ट-3, गोकुल नगर, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड न. 52, मठपुरेना, रायपुर को कुर्क किया गया. कुर्की प्रक्रिया के दौरान अचल संपत्ति पर कुर्की वारंट चस्पा कर मुनादी कराई गयी. उल्लेखनीय है कि ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर में केस वसूली हेतु लगभग 5 वर्षों से लंबित है. ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर के आदेश पर पुलिस थाना टिकरापारा द्वारा संपत्ति की कुर्की की गयी. शीघ्र ही माननीय न्यायलय ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा संपत्ति की नीलामी कर बैंक की बकाया राशि वसूल की जायेगी.

ग्राम लड़ेर और दोनर में रेत के अवैध उत्खनन पर कार्यवाही

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर शनिवार 4 मई को ग्राम पंचायत लड़ेर में खनिज अमला द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के समीप महानदी पर चैन माउंटेन मशीन एवं एक हाईवा क्रमांक ष्ट्त04 एल पी 5609 को अवैध उत्खनन एवं परिवहन में सम्मिलित पाया गया । जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त वाहनों पर खन और खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 24(4) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए मौके पर ही जप्ती कर सील बंद किया गया। ग्राम लड़ेर के ही समीप ग्राम दोनर में पट्टेदार देवकांत पटेल को स्वीकृत रेत उठानी पट्टे की भी जांच की गई । स्वीकृत रेत पट्टा में शर्तों का उल्लंघन पाया गया, जिसमें स्वीकृत खदान को दर्शाने वाला कोई बोर्ड स्थापित नहीं होना, स्वीकृत खदान में सीमा स्तंभ, खदान में रोजी मजदूरी पंजी संधारित, फर्स्ट एड बॉक्स नहीं पाया गया। नियम अनुसार वृक्षारोपण नहीं किया गया है। उक्त संबंध में खदान संचालक को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

यह चुनाव विकसित भारत...

गया है कि छत्तीसगढ़ की जनता लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने वाली है। यह चुनाव केवल सांसद चुनने का नहीं है, बल्कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है।

नड्डा ने कहा यूपीए शासन में कहा जाता था कि इस देश में कुछ नहीं बदलेगा न ही सरकार और न भारत की दशा, लेकिन पिछले 10 के अंदर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के विकास की दिशा और दश दोनों बदली है और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का समय आ गया है।

नड्डा ने कहा कांग्रेस के शासन में आए दिन घोटाले होते थे, मगर मोदी सरकार में एक भी घोटाला नहीं हुआ। 10 वर्ष पूर्व भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था, मगर पीएम मोदी की कुशल नीतियों के कारण आज विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार मे सरगुजा में मेडिकल कॉलेज स्थापित किया गया, भिलाई में आईआईटी स्थापित की गई, राजनंदगाँव में भारत का सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम खुल रहा है, अमृत भारत के तहत 32 रेलवे स्टेशन बनाए जा रहे हैं और छत्तीसगढ़ के रेलवे के बजट में 22त्न की वृद्धि हुई है।

मोदी जी ने देश के हित में ऐतिहासिक और क्रांतिकारी फैसले लिए : साय

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, दलित, आदिवासियों के उत्थान के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर उसका क्रियान्वयन किया गया। अब फ़िर से श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने सरगुजा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज को 7 मई को कमल के निशान पर बटन दबाकर रिकार्ड मतों से जिताएं। साय ने कहा कि मोदी जी की गारंटी पर पूरे देश को भरोसा है। इसके पीछे एक ही वजह है कि मोदी जी 140 करोड़ जनता की चिंता करते हुए 24 में से 18 घंटे लगातार काम कर रहे हैं।

सभा को विधायक रेणुका सिंह, विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, विधायक रामकुमार टोप्पो व भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंच पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, सरगुजा लोकसभा प्रभारी लखन लाल साहू, संभागीय भाजपा प्रभारी राजा पांडे, सूरजपुर जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, सरगुजा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, बलरामपुर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, लोकसभा चुनाव संयोजक कमलभान सिंह, सहसंयोजक अखिलेश सोनी, वरिष्ठ नेता भीमसेन अग्रवाल तथा अनिल सिंह मेजर सहित काफी संख्या में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विशाल जनसमूह की उपस्थिति रही।

कांग्रेस शासन में ये ...

आज प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकासवाद, रिपोर्टकार्ड, जवाबदेही की राजनीति होती है। पीएम मोदी जी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र पर काम करते हुए इस देश को आगे ले जाने का काम किया है।

भाजपा का आरक्षण खत्म ...

कांग्रेस नेता ने तेलंगाना में जन-केंद्रित शासन के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार बनने पर महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता और आदिवासी मुद्दों के त्वरित समाधान का वादा किया। उन्होंने जातिगत जनगणना और आर्थिक सर्वेक्षण कराने का संकल्प लिया और 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटाने की वकालत की।

सीएम रेवंत रेड्डी ने किया वादा

इस दौरान मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने भारतीय कपास निगम (सीसीआई) को फिर से खोलने का वादा करते हुए आदिलाबाद के विकास के प्रति अपना समर्पण व्यक्त किया। उन्होंने नौ मई तक किसानों के खातों में रायथु भरोसा निधि जमा करने और 15 अगस्त तक दो लाख रुपये तक का फसल ऋण माफकरने की योजना की घोषणा की।

रेड्डी ने कांग्रेस सरकार की ओर से छह में से पांच गारंटियों के सफल कार्यान्वयन पर प्रकाश डाला और अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान तेलंगाना में भाजपा की कथित कार्रवाई की कमी की आलोचना की। बैठक में मंत्री सीतक्का और अन्य गणमान्य हस्तियों ने भाग लिया।

सरकार की सुस्त कार्यशैली से ...

न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में कुछ दिन पहले उपभोक्ता अदालतों में आरक्षण को लेकर सुनवाई चल रही थी। इस मामले में केन्द्र के साथ ही प्रदेश सरकार प्रतिवादी हैं। अदालत ने जब प्रदेश सरकार से उसका पक्ष जानना चाहा तो सरकार की ओर से जवाब के लिये समय की मांग की गयी।

सरकार के जवाब से अदालत ...

से निर्देश प्राप्त नहीं किये गये। अदालत ने हालांकि सरकार को जवाब देने के लिये समय की मोहलत दे दी लेकिन साथ ही कहा कि इस रवैये से अदालत का समय नष्ट होता है और न्यायिक प्रक्रिया बाधित होती है। अदालत ने अपने आदेश में भी राज्य सरकार को नई प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये हैं।

नक्सलियों को मुठभेड़ में ...

चलते नक्सलवाद से जुड़े छोटे कैडर के नक्सली लगातार सरेंडर कर रहे हैं. एसपी गौरव रॉय और सीआरपीएफ डीआईजी विकास कठेरिया के समक्ष 35 नक्सलियों ने लोन वर्राटू अभियान के तहत सरेंडर किया है. सभी आत्मसमर्पित नक्सली भैरमगढ़ एरिया कमेटी, मलंगीर एरिया कमेटी और कटेकल्याण एरिया कमेटी में नक्सलियों के संगठन में जुड़े हुए थे.

भारत में कीटनाशक उपयोग...

जड़ी-बूटियों के लिए कोडेक्स द्वारा निर्धारित एमआरएल 0.1 से 80 मिलीग्राम प्रति किग्रा तक है।

एक कीटनाशक का उपयोग विभिन्न एमआरएल वाली 10 से अधिक फसलों में किया जाता है। बैंगन में फ्लुबेंडियामाइड का उपयोग 0.1 एमआरएल के साथ किया जाता है, जबकि बंगाल चने के लिए एमआरएल 1.0 मिलीग्राम प्रति किग्रा, पत्तागोभी के लिए 4 मिलीग्राम प्रति किग्रा, टमाटर के लिए 2 मिलीग्राम प्रति किग्रा और चाय के लिए 50 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। इसी तरह, मोनोक्रोटोफॉस का उपयोग एमआरएल वाले खाद्यान्नों के लिए 0.03 मिलीग्राम प्रति किग्रा, खट्टे फलों के लिए 0.2 मिलीग्राम प्रति किग्रा, सूखी मिर्च के लिए 2 मिलीग्राम प्रति क्रिग्रा और इलायची के लिए 0.5 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम किया जाता है।

295 में से 139 कीटनाशक मसालों के लिए पंजीकृत

प्राधिकरण ने कहा कि भारत में केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और पंजीकरण समिति (सीआईबी और आरसी) से पंजीकृत कुल कीटनाशकों की संख्या 295 से अधिक है, जिनमें से 139 कीटनाशक मसालों में उपयोग के लिए पंजीकृत हैं। कोडेक्स ने कुल 243 कीटनाशकों को अपनाया है जिनमें से 75 कीटनाशक मसालों के लिए लागू हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

कैबिनेट मंत्री और योगेश ने किया सीएम का स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चुनावी जनसभा को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संबोधित किया। इस दौरान हेलिपैड में केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल एवं योगेश तिवारी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मंच पर गजमाला से सर्व हिन्दू सनातन संगठन के सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी के नेतृत्व में स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले के कार्यकर्ता भाजपा प्रत्यासी विजय बघेल को चुनाव में जिताने के लिए कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए हैं। डोर टू डोर जन संपर्क किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को सम्मानित किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने से महिलाओं में हर्ष का माहौल है। कांग्रेस पार्टी अभी से चुनाव में हार मान चुकी है। इस अवसर अंजु बघेल, के सुरुज, अजय मिश्रा, राजेश मार्कंडे, मनोज सिन्हा, उत्सव सलुजा, मासुम पान्डे, अवकाश शर्मा, मनोज पटेल, नीलकंठ पटेल, आशिष जैन, सौरभ निर्वाणी, बबलु साहु, सूर्यदेव टडंन, गिरी रांव, अविनाश रांव, नवल शाह, राज यादव, यंशवत टंडन, नरेश रांय उपस्थित थे।

महिलाओं का सम्मान बढ़ाने में सफल मोदी और साय सरकार

खैरागढ़/नवप्रदेश। तीसरे चरण मे होने लोकसभा चुनाव के लिए दूर्ग के वैशाली नगर विधानसभा मे प्रचार अभियान की कमान संभाल रहे जिलाभाजपाध्यक्ष घम्मन साहू ने भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष मे चुनावी सभा को संबोधित करते कहा कि केन्द्र की मोदी और प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ही देश मे महिलाओं का सम्मान बढ़ाने मे सफल हो पाई है । वैशाली नगर विधानसभा के रामनगर, भिलाई व सुपेला में महतारी वंदन कार्यक्रम में मुख्यवक्ता घम्मन साहू ने कहा कि मोदी सरकार बनने के बाद से महिलाओं के उत्थान एवं नारी को सशक्त बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 28 से अधिक योजनाओं का संचालन नारी शक्ति के लिए चलाए जा रहे हैं महतारी वंदन योजना देकर विष्णूदेव सरकार ने प्रदेश में महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है साहू ने कहा कि लोकसभा दुर्ग में विजय बघेल को दूसरी बार और मोदी को तीसरी बार सरकार बनाने के लिए सभी से मतदान की अपील करते सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस अवसर पर महामंत्री रामाधार रजक ,प्रकाश सिंह ,नरेंद्र श्रीवास ,दीनदयाल सिन्हा, सहित अन्य मौजूद रहे।

संतोष पांडे का कद बढ़ेगा 2 लाख से ज्यादा मतों से जीतेंगे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। देश की 18 वीं लोकसभा के लिए 26 अप्रैल को संपन्न हुए मतदान में संपन्न हुए मतदान में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त रुझान देखने को मिल रहा है। रुझान के आधार पर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-8 के जिला पंचायत सदस्य व संचार संकर्म विभाग के सभापति अशोक देवांगन ने कहा कि 4 जून को निवर्तमान सांसद संतोष पांडे का कद एकदम से बढ़ जाएगा। वह छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के अहंकारी उम्मीदवार भूपेश बघेल को 2 लाख से भी ज्यादा वोट से हराकर केंद्र में नरेंद्र मोदी नित भाजपा सरकार में राज्य मंत्री या फिर कैबिनेट मंत्री बनेंगे। श्री देवांगन ने आगे कहा कि कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता यदि डायरी रखते हैं, तो इस बात को नोट करके अवश्य रख ले। इस चुनाव में भूपेश बघेल को राजनंदगांव लोकसभा क्षेत्र की उपेक्षा का प्रतिफल करारी शिकस्त के रूप में मिलने वाला है। उन्होंने राजनांदगांव को पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह निर्वाचन क्षेत्र जानकर दुर्भावना से ग्रस्त होकर उपेक्षा की है। यहां के कांग्रेसियों को भी अपेक्षा पूर्ण बर्ताव करने से नहीं छोड़ा है। ऐसे में उन्हें जिन्होंने भी वोट किया है मानकर चलें कि सोच समझ कर वोट नहीं किया है। समझदार जनता मतदाता अच्छी तरह सोच समझ कर भाजपा के पक्ष में वोट देकर अभी से जीत का एहसास कर रहे हैं।

सीईओ ने ग्रामों में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला पंचायत राजनांदगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह ने जिले के जनपद पंचायत छुईखदान अंतर्गत ग्राम पंचायत समुंदपानी, गेरुखदान, गोलरडीह क्षेत्र का दौरा कर इन ग्रामों में अलग-अलग योजनाओं के तहत चल रहे निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया। गांव मे पहुँची सीईओ सिंह ने इस दौरान ग्रामीण हितग्राहियों से चर्चा कर उनका हालचाल जाना । सीईओ सिंह ने ब्लाक स्तरीय अधिकारियों से विभिन्न कार्य योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश देते निर्माण कार्यो को समयसीमा मे पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने, समय समय पर सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए ।

आगजनी करने वाले दो सगे भाई भेजे गए रिमांड पर

कबीरधाम/नवप्रदेश। मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 3/5 /2024 को प्रार्थिया गोदावरी चंद्राकार और उसका पति न्यायालय कार्य से पंडरिया गए थे घर सुना था उसी का फायदा उठाकर जमीन विवाद के लेकर रंजीश रखने वाले उसके पड़ोसी नरेंद्र चंद्राकर ,हरेंद्र चंद्राकर एवं नीतू चंद्राकर ने प्रार्थियां के जानवर रखने की झोपड़ी को तोड़फोड़ कर आग लगा दिया जिससे प्रार्थीय का मकान का दीवाल में क्रैक आ गया प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना कुंडा में अपराध क्रमांक 86 /24 धारा 435, 436, 427, 34 भादवि का अपराध दर्ज कर विवचना में लिया गया और आरोपी हरेंद्र चंद्राकर पिता कौशल चंद्राकर ,नरेंद्र चंद्राकर पिता कौशल चंद्राकर, नीतू चंद्राकर पति नरेंद्र चंद्राकर के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया और आरोपी नरेन्द्र तथा हरेंद्र को सकुणत से गिरफ्तार किया गया।

हिप्नोटाइज करके ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह पुलिस गिरफ्त में

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थिया कंचन टेम्भुलकर कालकापारा, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव ने दिनांक 24 अप्रैल 2024 को थाना डोंगरगढ़ में एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 अप्रैल 2024 के प्रातः लगभग 10 बजे सांई रथ के साथ 4 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर के पास आकर चारों आरोपीगण एक राय होकर पुजा-पाठ का ढोंग करते हुये प्रसाद खिलाकर व अगरबत्ती जलाकर पूजा करने तथा पति एवं बच्चों के साथ दिनांक 26 अप्रैल 2024 तक कोई गंभीर हादसा होने का भय दिखाकर हिप्नोटाईज (सम्मोहन) करके प्रर्थिया को सांई बाबा में घर में रखे पुरा सोना-चांदी, पैसा को चढ़ा दो कहने पर आरोपियों के झांसे में आकर प्रार्थिया कंचन टेम्भुलकर घर में रखे सोने का नेकलेस 1, सोने का चैन 2 नग, सोने का टाप्स 2 नग, सोने का झुमका 2 नग किमती-330000 रूपये का आभूषण को निकालने पर चारों

आरोपीगण द्वारा एक राय होकर ठगी करके महाराष्ट्र अमरावती अपने घर लेकर चले गये थे, जिसकी रिपोर्ट होते ही पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये अज्ञात आरोपियों का पता तलाश किया गया। जो पतासाजी दौरान थाना डोंगरगढ़ की पुलिस टीम व सायबर सेल की मदद से आज दिनांक 4 मई 2024 को आरोपीगणों को ठगी किये माल व ठगी में इस्तेमाल हुये सांई रथ वाहन क्रमांक एमपी 20-एफ 4206 को जप्त किया गया है एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया है। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के किसी भी थाना में सांई रथ में आकर चोरी, लूट या हिप्नोटाईज करके ठगी करने वाले गिरोह के संबंध में कोई रिपोर्ट दर्ज हुआ होगा तो थाना डोंगरगढ़ से संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

सरगुजा लोस सीट पर युवा बनाम वरिष्ठ में जंग

कांटे की टक्कर

सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा लोकसभा का चुनावी इतिहास बताता है कि यह छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पूर्व तक कांग्रेस का सबसे मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन वर्तमान में सरगुजा भाजपा का गढ़ बन चुका है. सरगुजा में कमल लगातार खिल रहा है और पंजे की पकड़ की हर लोकसभा चुनाव में कमजोर होती चली गई है. सन् 1952 के पहले चुनाव में सरगुजा लोकसभा में दो सांसद चुने गए थे. एक सामान्य वर्ग से एक आदिवासी वर्ग से. पहला और दूसरा चुनाव इसी तरह से बड़ी सीटों पर हुआ था. 1952 में बाबूनाथ सिंह आदिवासी वर्ग से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीते थे, जबकि सामान्य वर्ग से सरगुजा महाराजा रहे चंडिकेश्वर शरण सिंह जूदेव निर्दलीय चुनाव जीते थे. 1957 के चुनाव में दोनों ही दूसरी बार सांसद बने, लेकिन कांग्रेस की टिकट पर. 1962 में यह सीट पूरी तरह आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित हो गई थी और अब एक ही सांसद यहां चुने जाने की शुरुआत हो गई थी. आदिवासी आरक्षित सीट पर कांग्रेस नेता बाबूनाथ सिंह का विजयी अभियान जारी रहा. 52 के पहले चुनाव से लेकर 71 तक लगातार वे 5 बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे. 1975 में आपातकाल के बाद कांग्रेस विरोधी लहर सरगुजा में चल रही है. 77 के चुनाव में इसका असर भी दिखा. 77 में कांग्रेस को इस सीट पर करारी हार का सामना करना पड़ा और भारतीय लोक दल से लरंग साय चुनाव जीतने में सफल हुए थे. हालांकि 80 और 84 के चुनाव में

कांग्रेस ने वापसी की. 80 में चक्रधारी सिंह और 84 में विजय प्रताप सिंह कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीते थे, लेकिन 89 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा का खाता खुल गया. भाजपा की टिकट पर लरंग साय चुनाव जीते थे. 1989 में सरगुजा में भाजपा का कमल खिला ही था कि दो साल बाद 91 के चुनाव में मुरझा गया. 91 के चुनाव में कांग्रेस फिर से शानदार वापसी की. कांग्रेस ने चेहरा बदला और खेलसाय सिंह जीतकर संसद पहुँचे. 96 के चुनाव में खेलसाय के साथ कांग्रेस को फिर जीत मिली. हालांकि 98 के चुनाव में लरंग साय के सहारे फिर कमल खिल गया, लेकिन 99 के चुनाव में भाजपा की हार और खेलसाय के संग कांग्रेस की एक और जीत हुई. 2000 में मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ अलग राज्य बना. राज्य बनने के 2004 में लोकसभा का पहला चुनाव हुआ. इस चुनाव से पहले 2003 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के गढ़ को भाजपा जीतकर सरकार बना चुकी. 2004 के चुनाव के दौरान राज्य और केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार थी. इस तरह भाजपा हर दृष्टि से मजबूत स्थिति में थी. इसी का फायदा भाजपा को मिला और सरगुजा में अबकी बार कमल ऐसा खिला कि वह मुरझा ही नहीं पाया. 2004 में सरगुजा से भाजपा की टिकट पर नंदकुमार साय चुनाव जीते और संसद पहुँचे थे. हालांकि 2004 में देश में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनीं थी. लेकिन इसका असर 2009 के चुनाव में सरगुजा पर नहीं पड़ा और कमल खिलना जारी रहा. 2009 के चुनाव में भाजपा ने चेहरा बदला, लेकिन सरगुजावासियों ने मन नहीं बदला. 09 के चुनाव में भाजपा ने मुरारीलाल सिंह को टिकट दिया और वे भी जीतकर संसद पहुँचे. 09 के बाद 14 और 19 में भाजपा प्रयोग करती चली और चेहरों में बदलाव भी जारी रहा. 14 के चुनाव में कमलभान सिंह जीते तो 19 के चुनाव में पहली बार इस सीट से महिला सांसद के रूप में रेणुका सिंह जीतीं. 1952 के पहले चुनाव से लेकर 2019 के चुनाव सरगुजा सीट में गोंड जाति का ही वर्चस्व रहा है. क्योंकि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टी की ओर से इसी जाति से टिकट दिया जाता रहा है. लेकिन 2004 के चुनाव से लगातार नए चेहरे को चुनाव में उतराने वाली भाजपा ने इस बार कंवर जाति से टिकट देकर सबकों चौंका दिया है. क्योंकि आबादी के हिसाब से इस सीट पर गोंड जाति की बहुलता है. भाजपा ने इस सीट से संत गहिरा गुरु के बेटे चिंतामणि महाराज को टिकट दिया है. चिंतामणि महाराज कंवर जाति से हैं. गुरु परिवार से होने के नाते सामाजिक रूप से क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखते हैं. राजनीतिक रूप से भी अपनी पैठ अंचल में बना चुके हैं. राजनीतिक जीवन की शुरुआत भाजपा से ही हुई थी. लेकिन 2013 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़ कांग्रेस में चले गए थे. कांग्रेस की टिकट पर दो बार अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से विधायक भी रहे. 13 में लुंड्रा से और 18 में सामरी से विधायक रहे।

पारा 42 के पार, दोपहर से पहले ही सुनसान हो रही शहर की सड़कें

खैरागढ़/नवप्रदेश। मौसम खुलने के बाद अब प्रचंड गर्मी का असर दिखने लगा है । शहर मे ही पारा 42 डिग्री के पार पहुँच रहा है । दोपहर मे बढ़ती गर्मी के चलते शहर की सड़के दोपहर से पहले ही सुनसान होने लगी है । शासकीय कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, दुकानों बाजारों मे भी गर्मी के चलते ग्राहकों की संख्या कम हो गई है । पिछले तीन दिन से दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है । आगामी दिनों मे भी इससे राहत की उम्मीद नही है । ऐसे मे गर्मी के चलते दिनभर मे होने वाले काम सुबह शाम तक सिमट रहे है ।

गर्मी का व्यापक असर जनजीवन पर भी पड़ने लगा है । दोपहर से पहले ही शहर की सड़के सुनसान हो रही है । गर्मी के चलते लोगो की आवाजाही मे व्यापक असर पड़ा है । शासकीय कार्यालयों मे लगने वाली भीड़ छंटने लगी है । बाजारों , दुकानों मे दोपहर की बजाय शाम को लोग पहुँच रहे है । हीट वेव के चलते लोग दोपहर के कामों को टाल रहे है । दोपहर मे भरी रहने वाली सड़के समय से पहले ही सुनसान हो रही है । इसका असर खरीदारी और व्यापार पर भी पड़ रहा है । शादियों के कम मुहुर्त होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों मे अक्षय तृतीया पर शादियों का दबाव है । लेकिन गर्मी के च लते लोग दोपहर की बजाय शाम को खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे है।

बढ़ रही मौसमी मरीजों की संख्या

गर्मी के व्यापक असर का प्रभाव अब लोगो पर भी पड़ रहा है । हीटवेव सहित गर्मी और उमस के चलते मौसमी बिमारियों वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है । लू , सर्दी,खांसी, वायरल फीवर , बुखार सहित उल्टी दस्त के मरीज बढ़ रहे है । स्थानीय अस्पतालों सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों मे बड़ी संख्या मे मरीज पहुँच रहे है । लोगो को गर्मी से बचने, दोपहर मे जरूरत न हो तो घरो से नही निकलने, अधिकाधिक पानी पीने, गमछा ,चश्मे का उपयोग करने की सलाह दवाईयों के साथ दी जा रही है ।

और बढ़ेगा तापमान, बचाव ही राहत

मौसम विभाग ने अगले सप्ताह भर मे तापमान और बढ़ने का अंदेशा जताया है । विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मई माह मे पर्याप्त गर्मी पड़ेगी । इसका असर जनमानस पर भी पड़ेगा । गर्मी से राहत के कोई आसार नही है । ऐसे मे गर्मी से बचने के लिए घरेलू सहित चिकित्सकीय नुस्खों का उपयोग जरूरी है । दोपहर मे घरो दफ्तरों से निकलने से बचने, किसी प्रकार की परेशानी आने पर तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र मे इलाज कराने कहा गया है ।

श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के प्रबंधन ज्यादा दामों पर बेच रहे पुस्तक, डीईओ मौन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल द्वारा बच्चों की सुरक्षा को नजर अंदाज करते हुए निर्माणाधीन भवन मे ही पिछले एक वर्ष से स्कूल का संचालन रायगढ़ शहर में किया जा रहा है। साथ ही इस शिक्षा रूपी संस्था को व्यवसायिक रूप में परिवर्तित कर श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के प्रबंधन द्वारा स्वयं स्कूल परिसर से ही विभिन्न कक्षाओं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को पुस्तक, नोट बुक, यूनिफॉर्म, ऐप आदि अधिकतम मूल्य पर विक्रय किया जा रहा है। किसी भी स्कूल द्वारा अपने परिसर से स्वयं अध्यनरत छात्र-छात्राओं को पुस्तक, नोट बुक, स्कूल यूनिफॉर्म आदि के विक्रय करने का कोई प्रावधान नहीं है, इसके बावजूद भी डीईओ मौन क्यों? क्यों अभी तक डीईओ ने कार्यवाही नहीं की। श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के प्रबंधन द्वारा विभिन्न कक्षाओं मे सीबीएसई एफिलिएटेड की जो पुस्तक, नोट बुक, पाठ्यक्रम लगाई गई है, उन पुस्तक, नोट बुक को उनके द्वारा रायगढ़ जिले मे स्थित अन्य सीबीएसई एफिलिएटेड स्कूल के पाठ्यक्रम की तुलना में स्वयं अपने स्कूल परिसर से महंगे और बहुत अंतराल मूल्यों मे अध्यनरत छात्र-छात्राओ को विक्रय किया जा रहा है, जो स्कूल शिक्षा का मंदिर होता है, वहीं श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के प्रबंधन द्वारा इस शिक्षा रूपी संस्था को व्यवसायिक रूप मे परिवर्तित कर रखा है।

श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के प्रबंधन द्वारा हाल ही मे शैक्षणिक वर्ष 2024-25 मे एक एप इन्फिनिटी मेटा के नाम से पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

युवक से मोबाइल लूटने वाला गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। पत्नी के प्रसव के दौरान सिविल अस्पताल से आधी रात दवाई लेने मेडिकल जा रहे ग्रामीण से रास्ता रोककर लूटपाट कर मोबाइल लूटने वाले आरोपियों को पुलिस ने मशक्कत के बाद गिरस्तार किया है ।

29 अप्रेल को प्रार्थी योगेश देशलहरे 30 वर्ष निवासी मुढ़ीपार अपनी पत्नी को प्रसव के लिए सिविल अस्पताल मे भर्ती कराया था । देररात एक बजे प्रसव के दौरान सिविल अस्पताल से दवाई लेने मेडिकल जाने के दौरान अज्ञात आरोपियों ने प्रार्थी योगेश से रास्ता रोककर पैसे की मांग करने पर पैसा नही होने पर मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे । प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच करते मुखबीर की सूचना पर बाजार मे मोबाइल बेचने घुम रहे आरोपियों की जानकारी होने पर मौके पर पहुँच आरोपियों को ग्राहक तलाशते गिरस्तार किया । संदेह के आधार पर आरोपी मनीष यादव 24 वर्ष बरेठपारा खैरागढ़ को गिरस्तार किया तो उसने प्रार्थी से मोबाइल लूटने की बात कबूली । उसके साथ सह आरोपी के रूप मे नाबालिग को गिरस्तार किया गया है । चोरी के कई मामलो मे गिरस्तार हो चुके आरोपी मनीष की निशानदेही पर पुलिस ने मोबाइल भी जप्त किया है । गिरस्तारी के बाद न्यायालय के आदेश पर आरोपी मनीष को जेल भेजा गया है नाबालिग आरोपी को बालसंप्रेक्षण गृह भेजा है । कार्यवाही में सउनि0 प्रकाश सोनी, आर शैलेन्द्र पटेल, शिवलाल वर्मा मणिशंकर वर्मा, विजय कुर्रे की अहम भूमिका रही है।

हमारी न्याय योजनाओं को लेकर जनता बेहद उत्साहित हैं : ताम्रध्वज

बेमेतरा/नवप्रदेश। दुर्ग लोकसभा चुनाव में बेरला ब्लाक के ग्राम पतोरा पहुंचे छत्तीसगढ के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र के विषय में जानकारी दी जैसे ही केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है उक्त घोषणाओं की पूरा होने की शत प्रतिशत गारंटी हैं, क्योंकि कांग्रेस उन पार्टियों की तरह नहीं हैं, कांग्रेस गरीब मजदूर वर्ग की पार्टी हैं और उन्हीं के हित में कार्य करना कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता रही हैं जिसे आप छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार के दौरान महसूस कर चुके हैं अब मौका है दिल्ली में अपना प्रतिनिधि भेजने की ताकि आपके क्षेत्र की समस्याए जिनमे केंद्रीय मामलों के चलते पेज अटक जाता है उनका समाधान हो सके इसलिए आप सभी 7 मई को दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को दो नबर पंजा छाप में बटन दबाकर भारी मतों से जिताएं, कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण योजनाओं से आज भी ग्रामीण स्तर में रोजगार संभव हो पा रहा है यदि फिर से कांग्रेस सरकार केंद्र में आती है तो मनरेगा में मजदूरी दर ?400 प्रतिदिन होगी मजदूरों को 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज होगा और दुर्घटना बीमा का भी लाभ केंद्र में

कांग्रेस की सरकार आने से मिलेगा। साथ ही युवाओं को 30 लाख नौकरी किसानों का कर्ज माफ जैसी कई जनहितैषी योजनाओं का लाभ मिलेगा, महंगाई में कमी आएगी और सभी वर्ग खुशहाल होंगे, केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों की आय को दुगनी करने का वादा किया था, किंतु आज देश में किसान पीड़ित है परेशान है एवं किसानों की आय दुगनी होने की बजाय किसान परेशान हो रहे हैं एवं मोदी सरकार ने अपने किए वायदे के अनुरूप कुछ भी काम नहीं किया हैं। भारत देश में जो विकास दिख रहा है एवं संचार की जो क्रांति है वह कांग्रेस की सरकार की देन है किंतु विगत के 10 वर्षों में इस भारत देश में भाजपा की सरकार ने केवल मतदाताओं एवं देश की जनता से वादे की है किंतु इन बातों पर अमन नहीं हो पा रहा हैं। पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सियान, माता, बहनों एवं युवा साथियों से निवेदन करता हूं कि आने वाले 7 मई को दुर्ग कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को पंजा छाप में बटन दबाकर प्रचण्ड मतों से जिताए।

रामनगर में हत्या का फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

चार महीने पूर्व ही हत्या के मामले से हुआ था जेल रिहा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी दिनेश साहू पिता स्व. चतुर राम साहू, उम्र 32 वर्ष, साकिन कब्रिस्तान के पीछे वार्ड नंबर-7, रामनगर, ओपी चिखली, थाना कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 28 अप्रैल 2024 के रात्रि करीबन 21:00 शंकरपुर मदरसा मैंदान के पास ईश्वर साहू के घर सामने में गली में छोटू राधे उर्फ अविनाश और अन्य के द्वारा मेरे भाई महेश छोटू को लड़ाई-झगड़ाकर हाथ-मुक्का और डंडा से मारपीट कर किसी धारदार वस्तु से वार करने से सिर व गले में चोट लगने के कारण मृत्यु हो गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामला गंभीर प्रवृत्ति का होने से जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। तत्काल ही पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया। साक्ष्य संकलन कर पता-तलाश किया जा रहा था। आज दिनांक को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि हत्या के मुख्य आरोपी छोटू राधे को चिखली बस्ती में लुका-छिपा घुमना दिखा है, तब तत्काल स्टॉफ के साथ चिखली बस्ती में जाकर घेराबंदी कर आरोपी के तलाश किया गया, जो चिखली बस्ती में आरोपी छोटू राधे को और एक विधि से संघर्षरत बालिका के साथ पकड़ा गया। पुछताछ पर आरोपी अविनाश गजभिये ने बताया कि घटना दिनंक को मैदान में हम लोग मैं, मेरी गर्लफ्रेंड, बादी, प्रदीप साहू, मृतक छोटू महेश, चिकन पार्टी शराब

के साथ खाना पीना कर रहे थे। शाम-रात्रि हो गया था, करीबन 8.30 बजे मैं मेरी दोस्त के साथ सिगरेट पी रहा था, उसी समय प्रदीप साहू आकर मेरी गर्लफ्रेंड के सामने अबे सिगरेट दे बोला, तो मुझे बहुत गुस्सा आ गया, तो उसे लात से मार कर गिरा दिया, वह और गंदी-गाली देने लगा तो मेरी गर्लफ्रेंड ने उसे झापड़ मार दिया। बादी ने भी मारा फिर हम तीनों मिलकर उसे हाथ-मुक्का-लात-डंडा तब छोटू महेश इसे क्यो मार रहे हो करके गली-गलौच किया तो उसे भी मारने लगे, वह भी हम लोगों को हाथ-मुक्का और डंडा से मार रहा था, फिर मैंने से छोटू महेश के गले में टंगिया से मारा तो उसका बहुत खुन निकलने लगा तब हम लोग घबरा गये, मरा हुआ समझ कर भाग गये। दो-तीन दिनों तक कवर्धा, बिलासपुर तरफ छिपत, घुमते रहे। पैसा खत्म होने पर वापस आये है। बाद पुछताछ आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टंगिया, पहने हुये कपड़े और एक्टीवा को बरामद कर जप्त किया गया। बाद आरोपी के विरुद्ध प्रर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से विधिवत गिफ्तार कर साथ माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। विधि से सघर्षरत बालिका को, विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। घटना में शामिल अन्य आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है।उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुघन टंडन, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, प्रधान आरक्षक समारु सर्पा, आरक्षक राजकुमार बंजारा, सिन्धु सिन्हा, कमल साहू, देवेन्द्र, मनोज जैन, अशलम मिर्जा, महिला आरक्षक ज्योति साहू का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रहा है।

मोदी गरीबों का दर्द भली भांति समझ कर रहे कार्य : साव

बेमेतरा/नवप्रदेश। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के बेमेतरा विधानसभा के अंतर्गत बेरला नगर पंचायत के गौठान चौक में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में चुनावी सभा को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव देश की तकदीर बदलेगा। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का यह चुनाव है। आज पूरा लोग मोदी के परिवार से जुड़ना चाह रहा है आज भी जनपद सदस्य दरबारी साहू व साथी भाजपा प्रवेश किया। प्रधानमंत्री मोदी गरीब के बेटे है गरीब का दर्द वह भली भांति समझ कर कार्य कर रहे है वह लगातार 140 करोड़ भारतीयों की चिंता में लगे रहते है कि मेरा भारत कैसे दिन ब दिन आगे बढ़ते चले जाए। श्री साव ने कहा कि एक तरफ पिकनिक मनाने के लिए कांग्रेस के युवराज है, दूसरी ओर प्रधानमंत्री 24 घंटे में 18 घण्टे वह काम करते है। पिछले 10 साल से देश के गरीब किसान मजदूर के लिए घर,गैस सिलेंडर, हर घर साफ पानी, इज्जत घर (शौचालय), जनधन खाता जिससे अब दिल्ली से भेजा गया 100 रुपया सीधा हितग्राही के पास 100 रुपया पहुँच रहा है।नरेंद्र मोदी कार्यकाल में दो विधान दो निशान वाले अनुच्छेद 370 को सम्पात किया गया।छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में 5 साल तक प्रदेश में राज करने वाली कांग्रेस ने केंद्र की योजनाओं को रोकने का काम किया। कांग्रेस सरकार ने सरकारी योजनाओं में भर्ष्टाचार किया। महिलाओं को अपमानित करना कांग्रेस की कार्यशैली है। आप सभी ने 4 महीने पहले भर्ष्टाचार कांग्रेस सरकार को सबक सिखाया और प्रदेश में सुशासन की सरकार भाजपा सरकार को बिठाया और केवल 100 दिन में ही अभूतपूर्व कार्य किया।

न्यूज गैलरी

तिहार में शामिल होने न्योता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् एक और अभिनव पहल की गई है। मतदान फीसदी बढ़ाने के उद्देश्य से पंचायत सचिव, बीएलओ एवं युवोदय दुर्ग के दूत स्वयंसेवकों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी बोली में आमंत्रण पत्र वितरित किये जा रहे है। जिसमें मतदातागणों को मतदान का महत्व बताते हुए चुनई तिहार में शामिल होकर मतदान करने की अपील की है।

कानून व्यवस्था को लेकर बैठक

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए मतदान दिवस 7 मई के 72 घंटे पूर्व कानून व्यवस्था के संबंध में प्रेक्षकगणों की अध्यक्षता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 5 मई को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

भाजपा का घर-घर जनसंपर्क

कुम्हारी। बूथ नं 13 वार्ड 07 रामनगर में शक्ति केंद्र सह संयोजक सुजीत यादव एवम बूथ अध्यक्ष गीता निर्मलकर के नेतृत्व में घर घर सघन जनसंपर्क भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा हैं मोदी के नारे अबकी बार 400 पार को पूरा करने एवं प्रत्याशी विजय बघेल को प्रचंड मतों से विजयी बनाने निवेदन किया जा रहा हैं साथ ही मोदी के उपलब्धियों जैसे पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, कन्या शुरक्षा योजना, अमृत जल मिशन योजना तथा अन्य योजना और जिनका महतारी वंदन आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे है।

श्री 1008 मुनिसुव्रत नाथ भगवान का जन्म कल्याणक मनाया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः काल पांडुक शिला में भगवान मुनिसुव्रत नाथ की प्रतिमा विराजमान कर अभिषेक संपन्न हुआ। शनिवार 4 मई की शांति धारा का सौभाग्य अभिषेक मोदी को प्राप्त हुआ। शांति धारा के पश्चात श्री जी की मंगल आरती की गई।मूल नायक मुनिसुव्रत नाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक हुआ। भगवान का जन्म एवं तप कल्याण दिवस है। भगवान ने राजगृह क्षेत्र बिहार में जन्म लेकर सारी दुनिया में धर्म की प्रभावना की है। पहले संरक्षक मंडल एवं उसके पश्चात सभी भक्तों ने भगवान का महामस्तकाभिषेक किया। उसके पश्चात भगवान की मंगल पूजा अष्ट द्रव्य से संपन्न की गई। कार्यक्रम में प्रकाश,अंजू नितिन ,पंकज, गदिया ,महेंद्र कुमार जैन, शालिनी जैन विदिशा आदि उपस्थित थे।

किसानों और गरीबों की रोटी छीनकर बड़े उद्योगपतियों का पेट भर रही है भाजपाः भूपेश

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार राजेन्द्र साहू के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वाले ग्राम पंचायतों एवं अमलेश्वर नगर पालिका का दौरा कर राजेंद्र साहू की स्तिथि को और मजबूत कर दिया है। चुनावी रणक्षेत्र में उनके उतरने के बाद दुर्ग लोकसभा का माहौल कांग्रेस मय हो गया है।गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवागढ़, साजा, विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत थान खम्हरिया, बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बारगांव और अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मूरमून्दा में आमसभा लेकर पांच महीने पहले छत्तीसगढ़ राज्य की सत्ता संभालने वाले विष्णुदेव साय की नाकामियों को जनता जनार्दन के समक्ष रखा। मतदाता अब यह पूरी तरह समझ चुके हैं कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में बहुत फर्क है भारतीय जनता पार्टी लोकलुभावने वादें करके कैसे मुकर जाती है जिसे जनता पूरी तरह समझ चुकी है। भूपेश बघेल ने आमसभाओं

को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में हमने जिन मुद्दों को शामिल किया था सभी को पूरा किया कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही दो घण्टे के अंदर किसानों का कर्जा माफ कर दिया था। बिजली बिल को आधा किया, धान का समर्थन मूल्य पच्चीस सौ रुपये किया, बेरोजगार युवाओं को पच्चीस सौ रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया। गोबर को दो रूपये में खरीदकर छत्तीसगढ़ राज्य को देश का इकलौता राज्य बनाया जहां गोबर की खरीदी होती थी । भूपेश बघेल ने शुक्रवार को जामगांव आर में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमने सरकार बनते ही दो घंटे के भीतर किसानों का कर्जा माफ किया था लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने किसानों का एक रुपये भी माफ नहीं किया बिजली का पूरा बिल लिया जा रहा है बेरोजगारी भत्ता हमने देना चालू किया लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने साय साय प्रदेश हित में चल रही सभी योजनाओं को बंद कर दिया है इससे भारतीय जनता पार्टी का चाल चरित्र अब जनता को समझ आ रहा है मैं सभी देवतुल्य मतदाताओं से विनम्र निवेदन करता हूं कि सात तारीख को आने वाले लोकतंत्र के महापर्व के दिन एक आम कार्यकर्ता राजेन्द्र साहू को दो नम्बर पर पंजा छाप में बटन दबाकर भारी मतों से जिताएं क्योंकि आपकी पीड़ा को राजेन्द्र साहू ही संसद में उठाएगा क्योंकि मौजूदा सांसद कितना निष्क्रिय यह बताने की जरूरत नहीं है वह लापता सांसद हैं। जामगांव आर में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए राजेन्द्र साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक जुमलेबाज पार्टी है जो वादा करती है उसे कभी पूरा नहीं करती बदले की भावना की मानसिकता के तहत काम करती है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने घोषणापत्र में पांच योजनाओं को शामिल किया है अगर केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है तो तीस लाख पद रिक्त है सरकार बनने के ठीक छह माह बाद रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर देगी जिसमें कांग्रेस सरकार तीस लाख बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैय्या करायेगी महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत एक परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपये देगी जिससे महिलाओं के अंदर आत्मनिर्भरता आएगी यह योजना नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक नया इतिहास रचेगी। भिलाई इस्पात संयंत्र बदहाली के दौर से गुजर रहा है इसके निजीकरण का मसौदा तैयार है अगर भाजपा की सरकार आती है तो इसे अडानी के हाथों में सौप दिया जाएगा अगर मुझे सांसद चुनकर संसद में भेजते हो तो मैं भिलाई इस्पात संयंत्र का निजीकरण नही होने दूंगा चाहे मुझे जान की बाजी भी लगानी पड़े तो पीछे नही हटूंगा मनरेगा के तहत कार्यरत श्रमिकों को 243 रुपए की जगह चार सौं रुपये दिया जाएगा और शहरी रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत की जाएगी। आज भारतीय जनता पार्टी अबकी बार चार सौ पार का नारा दे रही है अगर चार सौ पार कर गई तो बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को बदल दिया जाएगा जिससे आरक्षण एवं लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा हम अगर चार सौ पार करते है तो जिस तरह छत्तीसगढ़ के किसानों का कर्जा माफ किया था उसी तरह पूरे देश के किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक लगा दिया जाएगा। मोदी सरकार जब उद्योगपतियों का सोलह लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर सकती है तो हम किसानों का कर्जा माफ करेंगे क्योंकि कांग्रेस पार्टी किसानों एवं आम मजदूरों की पार्टी है। भूपेश बघेल ने भिलाई तीन बेल्हारी गातापर दरबार मोखली घुघवा रानीतराई सहित 45 ग्राम पंचायतों का दौरा किया।

भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटा रहे विधायक गजेंद्र

दुर्ग/नवप्रदेश। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने विधायक गजेंद्र यादव लगातार जनसंपर्क कर रहे है। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में यादव समाज के प्रतिनिधियों, महिलाएं व किसानो ने समर्थन देते हुए बोले हम भी मोदी के परिवार है देशहित में भाजपा को वोट देने आश्वासत किये। ग्राम तिलई की अधिष्ठात्री मावली माता का आशीर्वाद लेकर बेरला ब्लॉक में जनसंपर्क आरंभ किये। ग्राम कंडरका, भिंभौरी, सुरहोली में यादव समाज के नागरिकों से मुलाकात कर बीजेपी के पक्ष मतदान करने समर्थन मांगे। विधायक यादव ने कहा की देश के विकास में मोदी जरूरी है, किसी के बहकावे में न आए सबके साथ सबका विकास करने वाले भाजपा को वोट दे। महिलाओं ने बताया की महतारी वंदन की 3 किश्त आ चुकी है अब नाती पोते और बच्चों को देने हाथ में पैसे बच रहे है। राशि से छोटी छोटी जरूरत पूरी हो रही है वहीं 3100 में धान खरीदी और किसान सम्मान निधि से किसान भी खुशहाल है, उन्होंने मोदी की गारंटी पर भरोसा कर भाजपा प्रत्याशी को जिताएंगे।

लोकसभा में फिर खिलेगा कमल, मोदी की गारंटी पर है सबको विश्वास : प्रेमप्रकाश

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। लोकसभा अंतर्गत भिलाई नगर विधानसभा में जनआशीर्वाद यात्रा निकाली गई। पूर्व विस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय एवं भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के नेतृत्व में यह यात्रा सेक्टर -5 श्री गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई। यात्रा में हजारों की संख्या में युवा, महिलाएं एवं भिलाईवासी सम्मिलित हुए और एक स्वर में दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह आमजनों से किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर यात्रा का महिलाओं और युवाओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। खास बात यह रही कि जिस भी मार्ग से काफिला निकला लोग जुड़ते चले गए और कारवां बनता चला गया। इसी क्रम में संध्याकाल में खुर्सीपार शिवालय से जनआशीर्वाद यात्रा प्रारंभ हुई जो विभिन्न वार्डों से होते हुए बजार चौक छावनी पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा की शुरूआत सेक्टर -5 श्री गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई, जो सेक्टर -5 से होते हुए भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के सभी सेक्टरों,

हुडको तत्पश्चात खुर्सीपर छावनी के वार्डों का भ्रमण कर बाजार चौक छावनी पहुंची। इस दौरान श्री बघेल ने मतदाताओं का आर्शीवाद व समर्थन प्राप्त किया। आज के जनसैलाब को देखकर सहज ही यह अहसास हो जाता है कि लोगों ने कमल खिलाने की ठान ली है। लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है और दुर्ग लोकसभा में विजय की विजय निश्चित है। इस दौरान श्री पाण्डेय ने कहा कि देश में मोदी जी की गारंटी पर जन-जन को विश्वास है। उन्होंने कहा कि देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए, सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए, किसानों के सम्मान के लिए, सेना का हौसला बढ़ाने के लिए और भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की जरूरत है। इसी तरह दुर्ग लोकसभा के सर्वांगीण विकास के लिए भी यहां कमल खिलाते हुए विजय बघेल को जीताकर फिर से सांसद बनाना जरूरी है। प्रत्याशी बघेल ने कहा कि पूरा देश मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्साह है। इस बार 400 पार का नारा निश्चित रूप से साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करती है। विधानसभा चुनाव में किए गए बड़े-बड़े वादों को 100 दिनो के भीतर पूरा करने का रिकार्ड भाजपा ने बनाया। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय ने भी अपने विचार रखे।

निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए 1829 सैनिक तैनात

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग में निर्वाचन प्रकिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन हेतु कुल 1829 सैनिक बल तैनात किए गए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री बी.के. दुबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 8 विधानसभा क्षेत्रों में 1070 वर्दीधारी, 439 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 320 क्षेत्र अर्ध्द.सैनिक बल (1/2 सेक्शन) बल तैनात किए गए है। विधानसभा पाटन 62 में 234 वर्दीधारी, 12 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 53 क्षेत्र अर्ध्द.सैनिक बल लगाए गए। इसी प्रकार विधानसभा दुर्ग ग्रामीण 63 में 153 वर्दीधारी, 77 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 51 क्षेत्र अर्ध्द.सैनिक बल, विधानसभा पाटन 64 में 138 वर्दीधारी 86 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 60 क्षेत्र अर्ध्द.सैनिक बल, विधानसभा भिलाई नगर 65 में 103 वर्दीधारी, 66 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 45 क्षेत्र अर्ध्द.सैनिक बल, विधानसभा वैशाली नगर 66 में 149 वर्दीधारी, 107 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 55 क्षेत्र अर्ध्द.सैनिक बल, विधानसभा अहिवारा 67 में 182 वर्दीधारी, 78 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 45 क्षेत्र अर्ध्द.सैनिक बल, विधानसभा साजा 68 में 95 वर्दीधारी, 7 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 08 क्षेत्र अर्ध्द.सैनिक बल एवं विधानसभा बेमेंतरा 69 में 16 वर्दीधारी, 06 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 03 क्षेत्र अर्ध्द. सैनिक बल लगाए गए है। इसके अलावा 320 संवेदनशील मतदान केंद्रों में सीएपीएस/एसएपी के हाफ सेक्शन में कुल 19 कंपनी, पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी टीम 70 अंतर्गत कुल 280 बल लगाए गए। जिनमें 70 उप निरीक्षक/सउनि/प्रधान आरक्षक (प्रभारी) एवं 210 वर्दीधारी बल शामिल है। पुलिस सेक्टर अधिकारी 134 अंतर्गत कुल 134 बल जिनमें 50 अनुसचवीय बल एवं 84 वर्दीधारी बल लगाए गए। एसएसटी/एफएसटी अंतर्गत 66 एसएसटी-22 एवं 66 एफएसटी-22 बल लगाए गए।

ससुर पर गोली चलाने वाला दामाद गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पिस्टल से फायर कर ससुर पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी दामाद को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पति-पत्नि के विवाद पर आरोपी ने ससुर पर गोली चला दिया था। सुपेला पुलिस ने आरोपी से 01 नग पिस्टल, 03 नग जिन्दा कारतूस, 01 नग खाली खोखा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 307, 34 भादवि, 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्र ने बताया कि 25 अप्रैल के शाम 7 बजे सूचना मिली कि शासकीय अस्पताल सुपेला में एक व्यक्ति को उपचार के लिए लाये है जिनके चेहरे पर गोली मारकर चोट पहुंचाया है। पुलिस तत्काल शासकीय अस्पताल सुपेला पहुंची जहां ज्ञात हुआ कि ओमप्रकाश को स्पर्श अस्पताल सुपेला रिफर किया गया है। तत्पश्चात स्पर्श अस्पताल पहुंचकर मुर्तजरर का मरणासन्न कथन लिया जो बताये कि मुर्तजरर दामाद चन्द्रभूषण सिंह शराब पीने का आदि है। जो अपनी पत्नि से आये दिन लड़ाई झगड़ा करता है। मुर्तजरर की बेटी घर आयी थी जिसे लेने आरोपी चन्द्रभूषण सिंह साथी रोशन निषाद् के साथ मिलकर मुर्तजरर को पिस्टल फायर कर दिया।ह्य

20 लाख 90 हजार 414 मतदाता चुनेंगे सांसद

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लोकसभा चुनाव अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग में तीसरे चरण में 07 मई को मतदान होगा। 20 लाख 90 हजार 414 मतदाता चुनेंगे सांसद संसदीय क्षेत्र दुर्ग में 09 विधानसभा क्षेत्र (62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रामीण, 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर, 67 अहिवारा, 68 साजा, 69 बेमेतरा, 70 नवागढ़) शामिल है। मतदान केन्द्रों की संख्या 2223 है। सहायक मतदान केन्द्रों की संख्या 36 (29 जिला दुर्ग 07 जिला बेमेतरा) है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 2090414 है। जिसमें पुरूष 1042000 मतदाता, महिला 1048360 एवं अन्य 54 मतदाता है। आयु वर्ग के अनुसार मतदाताओं की संख्या 18 से 19 वर्ष के 56330, 20 से 29 वर्ष के 460852, 30 से 39 के 620513, 40 से 49 के 416849, 50 से 59 के 294945, 60 से 69 के 153535, 70 से 79 के 68935 और 80 प्लस वर्ष के 18445 मतदाता है।

मतदान दलों को सामग्री वितरण/वापसी विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण एवं 67 अहिवारा हेतु शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन, 64 दुर्ग शहर 68 साजा आंशिक, 69 बेमेतरा आंशिक के लिए मानस भवन दुर्ग को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर एवं 66 वैशालीनगर के लिए शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र बनाया गया है। श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई में मतदान सामग्री वापसी, स्थल, मतगणना एवं स्ट्रांग रूम बनाया गया है। विधानसभा 68 साजा आंशिक तथा 69 बेमेमतरा आंशिक के क्रमशः 101 तथा 22 मतदान केन्द्रों की सामग्री का वितरण मानस भवन दुर्ग से किया जाएगा तथा वापसी श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी में होने के उपरांत कृषि उपज मंडी बेमेतरा को भेजा जाएगा।

विवि ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

कुम्हारी/नवप्रदेश। दि आईसीएफएआई विश्वविद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता सहसेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं पहली बार मतदान कर रहे मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विवि कुलपति डॉ. एसपी दुबे द्वारा व्याख्यान से किया गया उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को चुनावी साक्षरता बढ़ाने हेतु निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया मतदान के प्रति मतदाताओं खासतौर पर दिव्यांग, युवा व महिलाओं के बारे में चर्चा किया गया साथ ही मतदान के दिन अधिक से अधिक लोगों को बूथ पर जाकर मतदान करने के लिए भी प्रेरित किया गया। विवि कुलसचिव प्रो. मनीष उपाध्याय ने निर्वाचन प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए एनवीएसपी, वोटर पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाईन ऐप के बारे में बताया। ऐप के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध है। विवि के विद्यार्थियों, शैक्षणिकअशैक्षणिक कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर मतदाता जागरूकता सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी लिया एवं मतदान करने हेतु शपथ लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पीडी शर्मा, डॉ. शुभ्रा तिवारी एवं शशांक दयाल ने किया।

मतदाता जागरूकता हेतु अभिनव पहल

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत तृतीय चरण में 07 मई 2024 को मतदान संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में शत्-प्रतिशत् मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विविध पहल किये जा रहे हैं। मतदान के प्रति लोगों का रूझान बढ़ाने निजी चिकित्सालयों, व्यापारिक वर्गों सहित विभिन्न संस्थानों द्वारा छूट देने की एलान की गई है। इसी कड़ी में नगर के छबिगृह संचालक जी जुड़ने जा रहे हैं। उन्होंने भी मतदान करने वालों के लिए आकर्षक ऑफर दिये है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी अनुसार दुर्ग जिले स्थित भिलाई के सूर्या मॉल जुनवानी स्थित पी.वी.आर. भिलाई में मतदान दिवस 07 मई 2024 को मतदान पश्चात् उंगली के निशान दिखाने पर प्रथम शो प्रातः 10.15 बजे प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर प्रथम 50 लोगों को प्रोत्साहन स्वरूप 150 रूपये की कीमत का पॉपकार्न का पैकेट मुफ्त में दिया जायेगा। बेबीलॉन छबिगृह (मुक्ता) भिलाई-3 चरौदा में मतदान दिवस 07 मई 2024 को समस्त नागरिकों के लिये 110 रूपये प्रति टिकट के स्थान पर सम्पूर्ण दिवस के 99 रूपए प्रति टिकट किया गया है।

इसी प्रकार स्वरूप छबिगृह स्टेशन रोड दुर्ग में मतदान दिवस 07 मई 2024 को प्रथम शो दोपहर 12 बजे में मतदान का निशान दिखाने पर प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर प्रथम 25 लोगों को 60 रूपये का पॉपकार्न पैकेट प्रोत्साहन स्वरूप मुफ्त दिया जाएगा। यह प्रशासन का मतदाता जागरुकता हेतु अभिनव पहल है।

समर कैंप में बच्चों को योग, नैतिक और व्यक्तिगत स्वास्थ्य की शिक्षा

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भाटापारा में बच्चों के लिए दिव्य मुस्कान समर कैंप की शुरुआत योगेश पोपट प्रिंसिपल दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल और मिस्टर बाबू मैथ्यूज प्रिंसिपल गुरुकुल स्कूल के आशीर्वचनों के साथ हुई। दोनों ने अपने जीवन के अनुभव बच्चों और संस्था के साथ साझा किया। राजयोग मेडिटेशन का महत्व तथा 7 दिन का शेड्यूल बताया। दूसरे दिन सुशील कुमार राजगढ़े के द्वारा संगठन की शक्ति विषय पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान कुछ कहानी और वीडियो के द्वारा संगठन की शक्ति को समझाने का प्रयास किया गया।

बीएसपी द्वारा त्रैमासिक जूट शिल्प प्रशिक्षण शिविर उद्घाटित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के सहयोग से महिला सशक्तिकरण कौशल विकास योजना के तहत श्रमिक क्षेत्र कैम्प-1, भिलाई में त्रैमासिक जूट शिल्प प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन 03 मई 2024 को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयंत्र के महाप्रबंधक प्रभारी (प्लांट गैरेज) बीडी बाबू द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि बीडी बाबू ने कहा कि देश के विकास के साथ-साथ हमारे संयंत्र के संचालन में महिलाओं की हमेशा से अहम भूमिका रही है। महिलाएं जब घर के प्रत्येक कार्य को कुशलतापूर्वक प्रबंधित कर सकती हैं तो वे किसी भी

काम को करने में सक्षम है। आज महिलाएं इस जुट शिल्प प्रशिक्षण को प्राप्त कर एवं इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाकर कैम्प क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगी तथा अन्य लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएँगी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण हेतु मुख्य महाप्रबंधक (टीएसडी एवं सीएसआर) जेवाय सपकाले तथा महाप्रबंधक (सीएसआर) शिवराजन नायर के मार्गदर्षन में सीएसआर विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड से संयोजन प्रमुख सीएस केहरी ने प्रषिक्षण षिविर आयोजन के उद्देष्य को रेखांकित किया। इस कार्यषाला के तहत गांव की महिलाओं को जूट हस्तशिल्प की प्रषिक्षिका श्रीमती भुवनेष्वरी साहू द्वारा तीन महीने तक प्रषिक्षण दिया जाएगा। श्री केहरी एवं प्रषिक्षिका श्रीमती साहू ने जूटषिल्प के विविध पहलू एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाष डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) सुषील कामड़े ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए विभागीय गतिविधियों पर प्रकाष डाला। प्रशिक्षण के दौरान सभी महिलाओं को तीन महीने की अवधि तक 3,000/- रुपये मासिक स्टाइपेड (मानदेय) भी दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन रजनी रजक ने तथा धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक (सीएसआर) कमलकांत वर्मा ने किया।

सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे गैर-कार्यपालकों को सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कलामंदिर में आयोजित गरिमामयी समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन) पवन कुमार ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर संयंत्र मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) संदीप माथुर, महाप्रबंधक (पर्सनल नॉन-वर्क्स एवं माइन्स) एस के सोनी उपस्थित थे। कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन) पवन कुमार ने सेवानिवृत्त होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों को सेवानिवृत्ति आदेष प्रदान करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

बृजमोहन के रोड़ शो में छलका उत्साह

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन ने अग्रवाल ने भाटापारा में रोड शो कर जनता से भाजपा और नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने वोट देने की अपील की। रोड शो को लेकर भाटापारा की जनता में गजब का उत्साह था। अपने चहेते बृजमोहन अग्रवाल का आतिशबाजी और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इसकी शुरुआत बस स्टैंड से भाजयुमो की ऐतिहासिक बाइक रैली के साथ हुई। सती मंदिर, सदर लाइन, गोविंद चौक, राम सप्ताह चौक, जयस्तंभ चौक, फव्वारा चौक,सुभाष बाजार, रामलीला मैदान, आजाद चौक , रेलवे स्टेशन, अंडर ब्रिज, बाबूलाल टाकीज, मातादेवालय मंदिर आरके मिल जैतखाम के पास रोड शो का समापन हुआ। रोड शो के

दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव एक नए भारत के निर्माण की नींव रखने वाला चुनाव है। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना होगा। उन्होंने कहा कि जैसे विधानसभा चुनाव में उन्हें ऐतिहासिक जीत दिलाई है वैसे ही इस बार सभी को मिलकर रायपुर का नाम पूरे देश में ऊंचा करना है। उन्होंने इस अपार जन समर्थन के लिए जनता का माना आभार। भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि कोई ताकत नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से नहीं रोक सकती।

नए सत्र में भी बच्चे जर्जर स्कूल भवनों में करेंगे पढ़ाई!

मुंगेली/नवप्रदेश। स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए फंड मिलने के बाद भी काम पूरा नहीं होने के कारण नए सत्रों में भी जर्जर सरकारी स्कूलों में बैठकर बच्चे पढ़ाई करेंगे।सरकारी एजेंसियां इतनी लापरवाह हैं कि समय पर काम भी नही करा सकी।पहली बार पंचायतों के बजाय स्कूलों की मरम्मत की जिम्मेदारी आरईएस को दिया गया एजेंसियां इस मामले में फेल हो गई। जिन स्कूलो की मरम्मत संभव नहीं है उनके लिए फंड की मांग की गयी है। मरम्मत के लिए निकले फंड का उपयोग दूसरे कार्यों में कर दिए गए जो जांच का विषय है।

नया सत्र प्रारंभ होने में कुछ माह ही बचे है विभागीय लापरवाही के चलते कई स्कूलों का मरम्मत एवं सुधार कार्य अब तक नही हो पाये है। बच्चों को फिर से उसी आधे-अधूरे एवं जर्जर स्कूलों में भविष्य गढ़ना पड़ेगा।जिले में स्कूलों की मरम्मत के लिये 579 स्कूलों को मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्वीकृति के लिये भेजा गया था। जिसमें से समग्र शिक्षा एवं शिक्षा विभाग से 542 स्कूलों की स्वीकृति मिली।

जिसके लिये 15 करोड़ 63 लाख 48 हजार रूपये की स्वीकृति मिली थी। जिसमें से 10 करोड़ 99 लाख 30 हजार रूपये उपलब्ध हुआ था। मरम्मत के लिये एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को बनाया गया था। एक साल गुजर जाने के बाद भी अब तक मात्र 324 स्कूलों का मरम्मत कराया गया। आज भी 182 स्कूल प्रगतिरत है तथा 36 स्कूलों का मरम्मत अब तक प्रारंभ नही हो पाया है। कई स्कूलों की हालत मरम्मत की राशि खर्च होने के बाद भी समस्या

फंड का अन्य कार्यों में उपयोग

बनी हुई है। जिसकी वजह यह बताया जाता है की स्कूलो मे छत मरम्मत के लिये के लिए आयी राशि का उपयोग टाईल्स लगाने व पेंट करने मे लगा दिया गया जिसके चलते आज भी कई स्कूल ऐसे है जहां छत से पानी टपकता है,प्लास्टर उखड़कर गिर रहा है, दरारें आ गई हैं। कुछ स्कूलों में छत से प्लास्टर गिरने से बच्चों को चोट भी आ गई है। इसके बाद भी सरकारी एजेंसियां इतनी लापरवाह हैं कि साल भर बाद भी 542 स्कूलों में से सिर्फ 324 स्कूलों का ही मरम्मत कर पाएं है। 182 स्कूलों में कार्य प्रारंभ है। वही कुछ स्कूलों में मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि प्राप्त नही हुई है। स्कूलों की मरम्मत का काम पूरा होने के बाद शेष स्कूलों के लिए फंड मिलता, लेकिन काम पूरा नहीं होने के कारण इस सीजन में इन स्कूलों की मरम्मत संभव नहीं है। 16 जून से इन्हीं स्कूलों में बैठकर बच्चे पढ़ाई करेंगे।

उल्लेखनीय है कि जर्जर स्कूलों का मामला विधानसभा में उठा तो तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल ने स्कूल जतन योजना के तहत जिले के 542 स्कूलों की मरम्मत के लिए 15 करोड़ 63 लाख 48 हजार रूपये स्वीकृत किए थे। कलेक्टर की निगरानी में काम होना था। पहली बार पंचायतों के बजाये आरईएस को काम दिया गया। प्रशासन से लेकर आरईएस और स्कूल शिक्षा विभाग किस तरह लापरवाह है, इसकी बानगी देखिए कि दोनों विभागों में सामंजस्य की कमी के चलते एक ओर काम धीमी गति से चल रहा है, वही दूसरी ओर स्वीकृत कार्यो को परिवर्तन कर स्कूल के अन्य कार्य कराये जा रहे है। ऐसा नहीं है कि आरईएस के पास पर्याप्त अमला नहीं है। यहां पर्याप्त इंजीनियर और 3 एसडीओ पदस्थ हैं, फिर भी काम में इतनी लेटलतीफी। नगर के ही कई स्कूलों की हालत बहुत जर्जर है रायपुर रोड फोकटपारा स्थित रामानुज देवांगन प्राथमिक शाला, नगर पालिका स्कूल, रमाबाई पाण्डेय स्कूल मरम्मत के विरोध में पैरेंट्स ने आवाज उठाई। कुछ स्कूलों में जहां छत से पानी टपकने, दरार या प्लास्टर गिरने जैसी शिकायत थी, वहां भी कोई काम नही हुआ। अब इन्हीं जगहों पर नए शैक्षणिक सत्र से पढ़ाई शुरू होगी।

मरम्मत कार्यों की रिपोर्ट मंगायी जा रही है

जर्जर स्कूलों की मरम्मत का काम आएईएस द्वारा कराया जा रहा है। उनके द्वारा रिपेयरिंग की जानकारी दी जाती है। स्कूल के प्राचार्य एवं संबंधित संकुल तथा बीईओ से अलग-अलग स्कूल में की गई मरम्मत कार्यो की रिपोर्ट मंगायी जा रही है।
-सीके धृतलहरे, डीईओ मुंगेली

न्यूज गैलरी

ट्रैक्टर से दबकर नाबालिग की मौत

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम बगदरी में एकं ट्रैक्टर के पलटने से ईजन में दबकर एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रविन्द्र सिंह पिता धरमदेव सिंह पावले उम्र 16 साल सोल्ड ट्रेक्टर इंजन में बैठा था। सड़क मोड़ में तेज रफ्तार ट्रेक्टर पर से चालक अपना नियंत्रण खो दिया जिससे ट्रेक्टर ट्राली सहित पलट गई। इंजन में दबने से मौके पर ही नाबालिग की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए मकतुल के शव को कब्जे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर मरच्युरी में रखवा दिया। दूसरे दिन शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। हादसे के बाद ट्रेक्टर चालक फरार है तथा घटना कारित सोल्ड ट्रेक्टर को जप्त कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया है। तथा मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया है।

40 बच्चों को अंग्रेजी स्पोकन की दी जा रही निशुल्क शिक्षा

सक्ती/नवप्रदेश। नगर पालिका सक्ती के पूर्व अध्यक्ष एवं अग्रवाल सभा शक्ति के संरक्षक श्यामसुंदर अग्रवाल के मार्गदर्शन में एवं उनकी पहल पर शक्ति के 40 बच्चों को सामान्य अंग्रेजी स्पोकन की निशुल्क शिक्षा दी जाएगी तथा उपरोक्त कार्यक्रम का शुभारंभ 5 मई को सुबह हटरी धर्मशाला शक्ति के सभागार में हुआ, इस अवसर पर वीणा वादिनी मां सरस्वती एवं भारत माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर निशुल्क स्पोकन इंग्लिश शिविर का शुभारंभ हुआ, तो वही इस अवसर पर कार्यक्रम के मार्गदर्शक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल,मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के संरक्षक हरिओम अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक मनीष कथूरिया, मंच के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल (साई कंप्यूटर),विशाल शर्मा, अनिल सराफ,प्रकाश चंद अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे तथा इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मार्गदर्शक,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में बच्चों को सामान्य दैनिक जीवनचार्य में भी अंग्रेजी की आवश्यकता होती है। आज यह निशुल्क स्पोकन इंग्लिश की कक्षा प्रारंभ हो रही है जिससे आने वाले दिनों में हमारे इस शहर के भी बच्चे अंग्रेजी बोलने में निपुण हो सकेंगे, वहीं श्यामसुंदर अग्रवाल ने कार्यक्रम की आयोजक मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के भी सभी सदस्यों को इस शिविर के सफलतम प्रयास के लिए बधाई शुभकामनाएं दी।

सुख-समृद्धि की कामना के साथ की गई कठोरी पूजा

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा लोक संस्कृति में कठोरी पूजा का विशेष महत्व है। सदियों से चली आ रही परम्परा को कायम रखते हुए नगर लखनपुर के वार्ड क्रमांक 01 झिनपुरीपारा स्थित महादेव कलेसरी देव स्थल में कृषक वर्ग के लोगों ने पूरे आस्था के साथ 4 मई दिन शनिवार को कठोरी पूजा मनाया । प्रथा अनुसार ग्राम बैगा ने विधिवत गौरा महादेव, माता कलेसरी, देवी अन्नपूर्णा, इन्द्र, वरुण ,धरती रासबढावन डीह डिहारीन के पूजा अर्चना किये। दरअसल देवी देवताओं के अलावा कठोर भूमि की पूजा अर्चना किया जाना ही कठोरी पूजा है। ऐसी मान्यता है कि कठोरी पूजा के दौरान ग्राम बैगा द्वारा पूजित धान को ही सर्वप्रथम किसान अपने खेत में बोकर कृषि कार्य का श्रीगणेश करता है। कठोरी पूजा किसानो के लिए खास होता है प्रत्येक वर्ष वैशाख मास के कृष्ण पक्ष में कठोरी मनाया जाता है। इस पूजा में किसान एक जुट होकर

अपने धान की पूजा कराते हैं। जनश्रुति से पता चलता है कि रियासत काल में खास कठोरी पूजा दिन के लिये सख्त नियम बनाये गये थे । कठोरी पूजा के एक रोज पहले पूरे गांव में मुनादी करा दी जाती थी कि बिना पूजा अनुष्ठान हुये रास ढोढी जलस्त्रोत से पानी ना भरें। बल्कि एक रोज पहले पीने के पानी का इंतजाम कर लें।कठोरी पूजा से पहले ढोढी से पानी भरने पर मनाही थी। उस जमाने में ढोढी पोखर ही पेयजल के मुख्य स्त्रोत हुआ करते थे। इस लिए पानी वाले स्थानों को पूजनीय माना जाता था। और आज भी मानते हैं। उनके सम्मान में ऐसे नियम बनते थे। भूमि की खोदाई जोताई पर पहरा लगा दिया जाता था। शर्तों के दायरे में रहते हुए लोग कठोरी पूजा के एक रोज पहले ढोढी से पीने का पानी भर लिया करते थे। ताकि पूजा होने तक इस्तेमाल कर सकें ? जमीन की खुदाई जोताई नहीं करते थे। यह प्रथा आज भी कहीं-कहीं जिंदा है, लेकिन कुछ कायदे वक्त के साथ मिटने लगे है। कठोरी पूजा में गौरा महादेव, इन्द्र ,वरुण पवन आकाश अग्नि धरती आदि देवी देवता की पूजा किया जाना समाहित था। कठोरी पूजा के दिन आमजन धरती माता के सम्मान में फावड़ा चलाने खोदने जोतने से परहेज़ करते हुए शाही फरमान का अनुपालन किया करते थे। बताया जाता है उस काल खंड में बनाये नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों को अर्थ दंड से दंडित किया जाता था। यह एक सामंती व्यवस्था थी। कठोरी पूजा के बाद ही लोग रासढोढी से पानी भरते थे। पूजा उपरांत शाम को ग्राम बैगा किसानों के घरो में जाकर पूजा किया हुआ जल (रास पानी) बांटता था ,और आज भी बांटते हैं। माना जाता है इस पानी से धन धान्य की वृद्धि होती है। इस पानी के एवज में किसान तबके के लोग ग्राम बैंगा को चावल दाल कुछ पैसा दान स्वरूप देते रहे हैं। पानी को घरों में छिड़का जाता है। यह प्रथा आज भी चलन में है। गौरा महादेव को प्रसन्न करने के लिए गांव के लोग सामुहिक रुप से ढ़ोल नगाड़ों के धून पर बायर नृत्य किया करते थे।

जिला पुलिस, सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च निकाल शांतिपूर्ण चुनाव का दिया संदेश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल से सैकड़ों की संख्या में पुलिस एवं सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का दाउपारा, पुराना बस स्टैण्ड, बलानी चैक, पड़ाव चैक, कृषि उपज मण्डी, सिन्धी कॉलोनी, मल्हापारा होते हुए वीर शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम में समापन हुआ। इस दौरान मार्च पास्ट कर शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए संदेश दिया गया।

कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य चुनाव के दौरान शहर एवं जिले में शांति एवं कानून की स्थिति को बरकरार रखने का संदेश देना है। उन्होंने पुलिस एवं सुरक्षा बलों के जवानों को शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए पुलिस पूरी तरह से सतर्क और तत्पर है।

आज मतदान दलों की होगा सामग्रियों के साथ रवानगी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पॉलीटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर परिसर में मतदान सामग्री वितरण का ड्राय रन किया गया। इस दौरान मतदान दलों द्वारा काउंटर से मतदान सामग्री प्राप्त करना , सेक्टर अधिकारियों द्वारा चेकलिस्ट के अनुरूप मतदान सामग्री की जांच और दलों की रवानगी की प्रक्रिया की गई। संगवारी, सक्षम और युवा मतदान केंद्रों के मतदान दलों को सुबह 9 बजे सामग्री वितरण किया जाएगा, वहीं शेष सभी मतदान दलों को सुबह 5.30 बजे से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। गौरतलब है कि सरगुजा जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 9 काउंटर बनाया गया है, जिसमें 8 सामान्य तथा 01 संगवारी एवं दिव्यांग मतदान दलों के लिए होगा। वहीं विधानसभा क्षेत्र भटगांव के लिए एक काउंटर बनाया गया है। प्रत्येक काउंटर पर पांच कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है, ये कर्मचारी उस काउंटर के लिए आबंटित मतदान केन्द्र हेतु सामग्रियों का वितरण करेंगे एवं मतदान के उपरांत उन्हीं मतदान केन्द्रों के सामग्रियों का संग्रहण कार्य भी करेंगे। जिले के समस्त 786 मतदान केंद्रों में मतदान कराने के लिए 3900 से ज्यादा मतदान

चौक-चौराहों से निकली स्वीप मशाल रैली

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 में 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान हेतु शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से भव्य मतदाता जागरूकता मशाल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा नूतन कुमार कंवर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थित थे। घड़ी चौक से संगम चौक होते हुए महामाया चौक तक मशाल रैली निकाली गई। स्वीप गतिविधियों के तहत मशाल रैली में जन शिक्षण संस्थान सरगुजा, शहरी स्वच्छता मिशन, संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, स्काउट गाइड, रोवर रेंजर, एन एस एस के स्वयंसेवक, जिला साक्षरता तथा जिला पंचायत, लाइवलीहुड कॉलेज की टीम शामिल हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मशाल प्रज्वलित कर रैली का शुभारंभ किया। जिले के विभिन्न संस्थानों के द्वारा बैनर, फ्लेक्स तथा जागरूकता दफ्ती के साथ नारा लगाते हुए आगामी लोकसभा में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मशाल रैली के आगे मतदाता जागरूकता गीत के साथ जागरूकता रथ चलकर शानदार माहौल बनाया। शहर के मतदाताओं को कलेक्टर की चिट्ठी भी बीच बीच में वितरित की गई।

19 वर्ष आयु वर्ग की बालिका टीम ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

मुंगेली/नवप्रदेश। 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता विगत दिनों रेवाड़ी हरियाणा में नेटबॉल बालक/बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ की 19 वर्ष बालिका की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के लिए ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली सीके घृतलहरे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ, प्रभारी सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी स्कूल शिक्षा विजय कुमार वर्मा खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

छत्तीसगढ़ टीम के मुख्य दल प्रबंधक एवं प्रशिक्षक शरद पंसारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की 19 वर्ष बालक बालिका की दोनों टीमें अपने पुल के लीग मैच में सभी को हराकर सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।

19 वर्ष बालक टीम ने अपने पुल सी में रहते हुए मध्यप्रदेश को 10-20 से तथा तेलंगाना को 5-10 से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में विद्या भारती को 1-15 से हराकर सेमी फाइनल में दिल्ली से हारकर हार्ड लाईन मैच में पंजाब से 14-18 से हार गई जिससे चैथे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा। 19 वर्ष बालिका टीम ने पुल बी में रहते हुए डीएव्ही को 7-16 से तथा चंडीगढ़ को 9-21 से हराकर क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 9-21 से हराकर सेमीफाइनल में दिल्ली से 11-13 से हार गई तथा हार्ड लाईन मैच में केरल को 27-31 से हरा कर तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। 19 वर्ष बालक टीम में कृष्णा कुमार कुर्रे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकू, सूरज साहू, भीषम ध्रुव, वीरेंद्र साहू, सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेगा, लालाराम यादव शिवलाल मेहता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा, मेराज खान गुरुकुल स्कूल भाटापारा के अलावा सागर धमतरी, सौरभ रजक, देव रजक बिलासपुर, राजबहादुर दुर्ग, टिकेश्वर बेमेतरा टीम में शामिल थे। बालिका वर्ग में सर्वाधिक 6 खिलाड़ी बलौदाबाजार-भाटापारा जिला से टीम में शामिल हुए।

जिसमें केवरा यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकू मुंगेली, गायत्री साहू, राजकुमारी भारती, टनिसा साहू, रागिनी साहू सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेगा, चंचल यदु शिवलाल मेहता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा, तनीशा नामदेव गुरुकुल स्कूल भाटापारा, झरना धमतरी, साक्षी वर्मा सेवांर बिलासपुर, तुलसी मानिकपुरी कोरबा, कृष्णा चंद्राकर दुर्ग, कृषि राजपुत राजनांदगांव से टीम में शामिल थी। कोच और मेनेजर निर्मल जांगड़े व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकू एवं राजनंदिनी निराला व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगांव थी।

धर्म-संस्कृति | भागवत कथा वाचिका चित्रलेखा ने जीवन में आध्यात्म के महत्व पर की चर्चा

भागवत है गंगा प्रवाह, युवा वर्ग आध्यात्म व धर्म से जुड़ें-चित्रलेखा

सक्ती/नवप्रदेश। स्थानीय ठाकुरदिया पारा वंदना ट्रेलर्स में प्रसिद्ध भागवत कथा वाचिका चित्रलेखा का आगमन हुआ जहां उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भागवत कथा का आयोजन जहां होता है। इसका संदेश जन जन तक जाना चाहिए और वह मीडिया के माध्यम से पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि आज से कथा प्रारंभ हो रही है जो 10 मई तक चलेगी। भागवत कथा वाचीका देवी चित्रलेखा ने आगे कहा कि जो भागवत कहती है वही 18000 श्लोक है वही भागवत है। मुझे लगता है की भागवत एक ऐसा गंगा का प्रवाह है, कि जब इसमें बहाना शुरू करते हैं। तो कोई व्यक्ति पूर्व से नहीं बता सकता कि हम क्या बोलेंगे । यह जरूर है, कि जीवन से जुड़ी चीज भगवान को पाने के लिए क्या करना चाहिए, जीवन का कल्याण कैसे होता है, धर्म जीवन में क्यों आवश्यक है, जीवन की जरूरी वास्तविक चीज हैं, जिससे हमारा जीवन ऊर्जावान बनता है। जीवन का कल्याण होता है । तो भागवत के प्रसंग के माध्यम से वही संदेश लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

सभी वर्गों के लिए जरूरी है भागवत

भागवत कथा वाचिका से जब यह सवाल किया गया कि युवाओं का एक वर्ग आज भटक गया है इसे सही रास्ता में लाने के लिए

भागवत कथा कितना सार्थक सिद्ध होगा। इस पर उन्होंने कहा कि आज से नहीं हमेशा से भागवत मार्गदर्शन के लिए सुनाई जाती है। केवल युवा नहीं जो भी, जिस भी क्षेत्र के लोग हैं, आयु के लोग हैं सबके लिए भागवत जरूरी है। लेकिन हां जैसा कि आपने कहा युवाओं के लिए, क्योंकि सोशल मीडिया हो गया, दूसरी टेक्नोलॉजी हो गई जिसके कारण बच्चों में मन दूसरी जगह जाने का एक ज्यादा एक अवसर रहता है। तो उससे बचाने के लिए भागवत या सत्संग एक अच्छा माध्यम है। मैं कहती हूं । यह सत्संग एक डेली डोज है। जैसे हर आदमी डेली खाना खाता है। तो यह सत्संग भी हमारे जीवन हमारे मन हमारी आत्मा के लिए जरूरी है। हमारा मन सत्संग से जुड़ेगा तो अवश्य उनका कल्याण होगा। उनका भविष्य भी । जो हम हमेशा कहते हैं की उज्जवल होना चाहिए। ब्राइट फ्यूचर होना चाहिए। तो वह सत्संग से ही मिलता है। सत्संग आपको सही रास्ते पर लेकर जाता है। युवा वर्ग के लिए संदेश यही है कि, अक्सर मैं एक बात कहती हूं हम सारी दुनिया में घूमते हैं ।हम पढ़ाई करते हैं। हम सिनेमा जाते हैं ।हम पार्टियों में जाते हैं ।किस लिए जाते हैं। कि हमें सुख मिले। पर वहां से हमें नहीं मिलता, तो मैं कहती हूं कि एक बार अध्यात्म भी ट्राई करके देखो। एक बार धर्म से जुड़ कर देखो। आपको जो आज तक कहीं भी नहीं मिला वह आपको धर्म से और अध्यात्म से मिलेगा। उन्होंने अपने प्रेरणा स्त्रोत के संबंध में कहा कि मैंने कथा 7 वर्ष के उम्र में शुरू की, लेकिन 7 साल की आयु से पहले भी जो घर परिवार का माहौल था वह भक्ति मय रहा ।तो मेरे गुरुदेव मेरे माता-पिता और मेरे आस-पास जितने भी साधु संत रहे उन सब के आशीर्वाद से उन सब की कृपा से मुझे भागवत कथा कहने की प्रेरणा मिली।

भगवान ही भागवत का फल

उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जीवन में व्यक्ति सुख की दिशा में दौड़ रहा है। वह गलत दिशा में दौड़ रहा है । अगर वह सही दिशा में दौड़ेगा, भगवान को साथ लेकर दौड़ेगा। तो उसको जीवन में कहीं ना कहीं सुख शांति आनंद अपने आप मिलेगा। मैं 400 भागवत कथा कह चुकी हूं। कथा मैं फल के लिए नहीं कहती। कथा का जब सातवां दिन होता है तो जो 7 दिन का फल है। हमें नहीं चाहिए वह ठाकुर जी के चरणों में समर्पित कर दो तो मुझे लगता है कि भगवान ही भागवत का फल है। अगर भगवान हमें मिल जाए तो वही भागवत का सच्चा फल है।

राम-कृष्ण, बुद्ध और महावीर का देश

जो हमारे देश समाज हमारे धर्म के लिए अच्छा हो जानता उसको चुने ।जरूर वोट करने जाएं ।आपको लगता है कि इसमें हमारे समाज का हित होगा। सही पार्टी सही प्रत्याशी को जीताना है। लोग कहते हैं कि हिंदू राष्ट्र बनाना है बनाना नहीं, यह हिंदू राष्ट्र है। यह देश राम का, कृष्ण का, बुद्ध का, महावीर का देश है तो यहां तो हिंदुत्व, सनातन आज से नहीं यहां की खून में ही आता है। कोई व्यक्ति नेता पार्टी अगर हिंदुत्व की बात करता है तो प्रणाम के योग्य है। उनका स्वागत होना चाहिए। इसे किसी पार्टी से नहीं जोड़ना चाहिए, क्योंकि धर्म धर्म है और धर्म राजनीति में सहायक है। यह जरूर है कि पहले के समय में राजनेता होते थे तो उसमें धार्मिक एक व्यक्ति सलाहकार होता था। तो उस रूप से धर्म जरूरी है। हमें गर्व है कि हम हिंदू राष्ट्र में पैदा हुए हैं। और उसको हमें आगे बढ़ना चाहिए।

सनातन धर्म हमें दया जीना सिखाता है

सनातन धर्म जीने की कला है, ड्रामा नहीं है। सनातन धर्म हमें जीना सिखाता है हमें सांस लेना सिखाती है। हम पशु ना बन जाए, मानव ही बने रहे यह हमें धर्म सिखाता है । भागवत इसलिए विशेष है कि राजा परीक्षित की मृत्यु होने जा रही थी ।तो उनके उद्धार के लिए कथा विशेष सुनाई गई । बाकी हमारे सभी पुराण है वह प्रणाम के योग्य है। उनसे कुछ ना कुछ हमें सीखने को मिलती है।

न्यूज गैलरी

ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस प्रशिक्षण में भाग ले रहे बच्चे

डोंगरगांव/नवप्रदेश। जिला टेबल टेनिस संघ कोंडागांव द्वारा 1अप्रैल से 30 मई तक दो माह का निःशुल्क ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस प्रशिक्षण एन सी सी मैदान हाल व छात्रावास हाल में किया जा रहा है जिला टे टे संघ कोंडागांव।अध्यक्ष-गीतेशगांधी व सचिव व छ ग राज्य टे टे संयुक्त उपाध्यक्ष आर के जैन के मार्गदर्शन में अश्विन थावरे, ओस्तवाल रतनदीप डॉक्टर कृष्ण कुमार मरकाम, परवीन नाग, शेखर दास, मुकेश सोनी, हर्ष श्रीवास्तव, बंशी दास , मोहित दास बालक -बालकाओं को निरंतर प्रशिक्षण दे रहे हैं । जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा जिले के अजा,अनु जनजाति, पिछड़ावर्ग व सामान्य वर्ग के बालक, बालिकाओं को विगत 30वर्षों से निःशुल्क प्रशिक्षण देते आ रहे हैं। संसाधनों के अभाव में भी यंहा के प्रशिक्षित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिला व राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं।सीखने वाले खिलाड़ी बच्चों को वर्ष भर नि- शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। कोंडागांव जिला के वो खिलाड़ी जो राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिताएं खेलना चाहते हैं उन्हें जिला टेबल टेनिस संघ कोंडागांव का पंजीयन फार्म सशुल्क जमा करना होगा चाहे वे किसी भी क्लब/अकादमी में खेलते हों ।

सेवानिवृत्त होने पर लालाराम प्रधान पाठक को दी गई विदाई

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। शा.पूर्व मा.शा.सिंघीचुवा लालाराम साहू प्रधान पाठक का विदाई सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यकम के मुख्य अतिथि लालाराम साहू प्रधान पाठक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती दोल बाई साहू ,श्री सरदार जी प्राथमिक प्रधान पाठक, शिव देवांगन जी संकुल समन्वयक ,रतिराम पटेल जी अध्यक्ष स्स्छ, बुदेश्वर पटेल जी,कुनु दाऊ पटेल जी,सुदर्शन पटेल रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का तिलक एवं पुष्पाहार से स्वागत किया गया।

नगदी रकम, सट्टा-पट्टी सहित 6 सटोरिए किए गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। साइबर सेल कवर्धा को सट्टा संचालित करने वालों खाइवालों सहित अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर विशेष अभियान के अंतर्गत पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम मे उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में साइबर सेल एवं कोतवाली कवर्धा की सयुंक्त टीम गठित की गयी है टीम को दिनांक 05.05.24 को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली कवर्धा क्षेत्रांतर्गत कुछ व्यक्ति अंको पर दांव लगाकर सट्टा खेल रहे हैं। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में साइबर सेल कवर्धा तथा थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थानो पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम क्रमशः 01. शिवकुमार मिरि निवासी कवर्धा जिला कबीरधाम 02. लोकेश देवार कवर्धा जिला कबीर धाम 03. भाई राम देवार कवर्धा जिला कबीरधाम 04. अब्दुल नईम कवर्धा जिला कबीरधाम 05. पवन देवांगन कवर्धा 06. लक्ष्मण निषाद कवर्धा का होना बताये । वहीं एक अन्य खाइवाल धर्मेंद्र आडिले निवासी सतनामी पारा कवर्धा पुलिस के डर से फरार हो गया टीम के सदस्यों द्वारा पकड़ाए व्यक्तियों पास रखे मोबाईल फोन में अंको के माध्यम से सटटा खेलने का चैटिंग पाया गया तथा जेब से सट्टा पट्टी भी बरामद किया गया।

आईपीएल के बीच एप का नाम बदलकर सट्टेबाजों ने फिर शुरू की ऑनलाइन बेटिंग

■ छग में ऑनलाइन सट्टेबाजी का नया खेल

कांकेर/नवप्रदेश।आईपीएल मैच को शुरु हुए 40 दिन से अधिक हो चुके हैं. मैच शुरू होने के बाद से ही क्रिकेट पर सट्टे का बाजार भी मई की गर्मी से भी ज्यादा गर्म है. कांकेर शहर में स्वास्तिक बुक नाम से ऑनलाइन सट्टे का धंधा जोरों से चल ही रहा था. जिसकी खबर छपने के बाद अब ऑनलाइन सट्टेबाजी एप्लीकेशन में बदलाव कर दिया गया है और BETONLY|||.com नामक एप्लिकेशन लॉन्च कर सट्टेबाजी के जरिए रोजाना करोड़ों की रकम मैंचों पर लगाई जा रही है.

बताया जा रहा है कि यह सब कांकेर के एक चावल व्यापारी द्वारा किया जा रहा है जो पहले भी सट्टे के मामले में जेल जा चुका है. वह पुलिस की नाक के नीचे यह सब कर रहा है. लेकिन पुलिस के कान में अब तक जू तक नहीं रेंगी है. युवा अपने मेहनत की कमाई आईपीएल सट्टे में लूटा रहे है और पुलिस को अभी भी और सबूत का इंतजार है. BETONLY|||.comबुक नाम से ऑनलाइन सट्टेबाजी का गोरख धंधा

खुलेआम फल फूल रहा है.वहीं शहर में स्वास्तिक बुक नाम से ऑनलाइन सट्टा पहले चल रहा था. पुलिस उन तक पहुंच पाती उससे पहले नए-नए एप्लिकेशन बुक के जरिए सट्टेबाजी का खेल सामने आ रहे है. स्वास्तिक बुक के जरिए जिन लोगों ने इस खेल को शुरु किया है. उनका पता अभी तक नहीं चल पाया है और अब BETONLY|||.comबुक नामक नया एप्लिकेशन मार्केट में लॉन्च कर दिया गया है. इस मामले को लेकर कांग्रेस के प्रवक्ता अजय भासवानी ने भाजपा सरकार को ही आड़े हाथों लेते हुए निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सट्टे का कारोबार करने वालों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त होगा तब तो बिना डर के ऑनलाइन सट्टे का कारोबार कर रहा है। इस मामले में एडिशनल एसपी मनीषा रावटे ने कहा कि वर्तमान में ऐसी शिकायत आई है कि BETONLY|||.com बुक के नाम से ऑनलाइन बेटिंग के लिए नंबर दिया जा रहा है. पूरे मामले की जांच की जा रही है और जो भी इस गलत काम में संलिप्त होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को निर्देश दिया गया है कि वो बेटिंग और जुआ-सट्टे के खिलाफ एक्शन शुरू करे. आईपीएल टूर्नामेंट शुरु हुए 40 दिनों से अधिक हो चुके हैं मैचों के शुरु होते ही सट्टेबाज भी अपने धंधे में जुट गए हैं।

जिले में तेजी से एक बार फिर क्रिकेट मैचों पर सट्टेबाजी का दौर शुरू हो चुका है. पिछले साल भी जिले में आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाने वाले सटोरिए पकड़े गए थे. पुलिस के सख्ती के बावजूद भी सट्टेबाज अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं. ऐसे में अब देखना होगा कि पुलिस तंत्र ऑनलाइन सट्टा बाजार के ठेकेदारों पर क्या कार्रवाई करती है।

नदी में फिसलकर डूबने से युवक की मौत

मामा के घर आया था घूमने परिवार में पसरा मातम

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर के लोहंडीगुड़ा में रहने वाला युवक अपनी मां के साथ अपने नैनिहाल में घूमने के लिए आया हुआ था। लेकिन शनिवार की दोपहर को घर से कुछ मीटर की दूरी में शौच के लिए गया हुआ था, जहां पैर फिसलने से नदी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर का पता चलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं शव का पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

मामले के बारे में पुलिस ने बताया कि छिंदगांव निवासी राजेन्द्र ठाकुर (22) अपनी मां प्यासी ठाकुर के साथ ननिहाल खोरखोसा आया हुआ था। शनिवार की दोपहर को शौच के लिए मारकंडी नदी गया था। इस दौरान फिसल कर नदी में गिर पड़ा। जिससे वो पानी में डूब गया। पानी से बाहर नहीं आने के कारण उसकी मौत हो गई, जहां पुलिस ने शव को बरामद करते हुए परिजनों को सौप दिया।

मतदान करने गृहग्राम लौट रहे तीन युवक हादसे का शिकार, एक की मौके पर मौत, दो का उपचार जारी

कोरबा, जिले के पोड़ी उपरोड़ा के समीप बाइक सवार तीन युवक सड़क हादसे में घायल हो गए। उनकी बाइक सड़क पार कर रही है भैंस से टकरा गई। लहू लुहान सड़क पर पड़े युवकों की तमाशबीनों ने मदद नहीं की। कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा के समीप बाइक सवार तीन युवक सड़क हादसे में घायल हो गए। उनकी बाइक सड़क पार कर रही है भैंस से टकरा गई। लहू लुहान सड़क पर पड़े युवकों की तमाशबीनों ने मदद नहीं की। जब तक 108 घटनास्थल पर पहुंचती तब तक एक युवक की मौत हो चुकी थी। शेष दोनों घायल युवकों को कटघोरा लाकर भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि मृतक 25 वर्षीय रूपेश कुमार सूर्यवंशी अपने बड़े भाई कमलेश और एक मित्र के साथ सरगुजा से अपने गृह ग्राम बिलासपुर लौट रहे थे ताकि 7 तारीख को हुए मतदान में हिस्सा ले सकें। मृतक के बड़े भाई कमलेश ने बताया कि मूलतः बिलासपुर के परसाहि गांव के रहने वाले हैं वो और उसका छोटा भाई रूपेश और गांव में रहने वाला एक शैलेन्द्र तीनों एक साथ काम करते थे। सरगुजा के परसा में अडानी कंपनी का काम चल रहा है जहाँ केजीएस कम्पनी के अंर्तगत पोताई का काम चल रहा है। कमलेश ,रूपेश और एक अन्य मित्र रविवार की सुबह काम करने के बाद अपने गृहग्राम बिलासपुर परसाहि मतदान करने जा रहे थे।

जंगल में डेरा डाले थे नक्सली, जवानों के पहुंचने पर सामान छोड़कर भागे

महासमुंद/नवप्रदेश।सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिले में पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके ठिकानें से विस्फोटक सहित कई सामानों का ज़खीरा बरामद किया है। यहां क्षेत्र के बड़े नक्सलियों का डेरा था. हालांकि ये सभी भागने में कामयाब हो गए।

इन नक्सलियों की थी मौजूदगी

दरअसल सुकमा पुलिस को खबर मिली थी कि जगरगुंडा के जंगल में इस एरिया कमेटी की इंचार्ज मनीला, सचिव माड़वी भीमे, एलओएस कमांडर लखमा अपने अन्य साथियों के साथ डेरा डालकर बैठे हुए हैं. इस सूचना के बाद पुलिस ने एक ऑपरेशन लांच (ह्रङ्क×ङ्क्ष्य ह्लश्चद्दह्लङ्कह्लद्बश्ठ्ठ) किया। बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को चिन्नाबोड़केल, रायगुड़ा, पेद्दाबोड़केल, मेडवाही, जोन्नागुडा, तुमालपाड़, बंडीगुड़ेम व आसपास क्षेत्र की ओर रवाना किया गया. टीम जब जगरगुंडा के जंगलों में पहुंची तो जवानों को आते देख नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी. जवानों ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया. जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली बचकर भाग निकले. पुलिस ने जब घटनास्थल की तलाशी

ली तो डंप विस्फोटकों और सामानों का ज़खीरा देख जवान भी चौंक गए।

ये सामान हुए बरामद

मौके से जवानों ने 3 नग भरमार, पाइप बम, बीजीएल बड़ा, बीजीएल सेल छोटा, सिंगल शॉट बैरल रॉड, ईलेक्ट्रिक डेटोनेटर, बम पटाखा, नक्सली वर्दी, पिट्ठु बैग, बारूद, नक्सलियों की फोटो, नक्सल साहित्य, पर्चे, कैमरा, दवाइयां सहित कई सामानों को बरामद किया है. एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि नक्सलियों के कोर जोन में पहली बार विशेष रणनीति के तहत किए गए ऑपरेशन के फलस्वरूप नक्सलियों के साथ भीषण मुठभेड़ में हुई थी. नक्सलियों के डंप हथियार, विस्फोटक सामग्री को बरामद किया गया है।

21 दिन बाद आज नीचे उतारी गई एक साथ लटकी प्रेमी युगल की लाश

गरियाबंद/नवप्रदेश।ओडिशा के जंगलों में बीते 21 दिनों से एक ही फंदे पर लटकी प्रेमी युगल की लाश को आखिरकार पुलिस ने नीचे उतारा. प्रेमी युगल की पहचान होने के बाद भी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के बीच सीमा विवाद की वजह से पेड़ पर लटकी हुई थी. आखिरकार आज मृतक के परिजनों के साथ देवभोग पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई की.

बता दें कि गरियाबंद के देवभोग थाना क्षेत्र के कुम्हडी कलागांव से बीते 14 अप्रैल से लापता प्रेमी युगल का शव ओडिशा के जंगलों में एक ही फंदे पर लटका मिला. फैले बदबू से 1 मई को ही बॉडी होने की भनक लग चुकी थी. पहले 3 मई को देवभोग पुलिस डेड बॉडी लेने गई, लेकिन गूगल मेप के लोकेशन ओडिशा में नजर आने पर आगे की कार्रवाई नहीं की.देवभोग पुलिस ने इसके बाद ओडिशा के चंदाहांडी पुलिस को सूचना दी. चंदाहांडी पुलिस 4 मई को मृतक के परिजनों को लेकर मौके पर भी पहुंची, लेकिन घटनास्थल को अपनी सीमा के भीतर नहीं बताकर पल्ला झाड़ लिया था, जिसके बाद आज देवभोग पुलिस दोबारा डेड बॉडी को लेने के लिए मृतक के परिजनों के साथ मौके के लिए निकली थी।

पुलिस विभाग की नाकामी की खिल्ली उड़ा रहा महाठग शिवा

हाईप्रोफाइल मामले में पुलिस की निष्क्रियता से लोगों के मन में मिलीभगत की आशंका

सरसींवा/नवप्रदेश । रायकोना के महाठग शिवा साहू पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुए लगभग 2 माह बीत चुके पर पुलिस विभाग शिवा और उसके साथियों को अबतक पकड़ने में असफल है । जहाँ पुलिस विभाग इस हाईप्रोफाइल मामले में किसी प्रकार से गंभीर नजर नही आ रही । जहाँ इस मामले में महीनों बीत जाने पश्चात भी पुलिस विभाग द्वारा किसी प्रकार की संतोषजनक पहल और कार्यवाही न किये जाने से लोगो का पुलिस विभाग से भरोसा ही उठ चुका है । लोगो का मानना है कि पुलिस केवल मजबूर,असहाय और गरीब लोगों पर ही अपना कानून चलाती है

वही रइस और पैसे वालों को पुलिस खुद सरंक्षण देने में लग जाती है । लोगो का ऐसा सोचना भी लाज़मी है क्योंकि पुलिस विभाग छोटे से अपराध में पूरी तत्परता दिखा कर कैसे कार्यवाही कर आरोपियों को धर दबोचती है पर जहाँ पैसे वालों की बात आती है विभाग की भूमिका संदिग्ध हो जाती है । क्षेत्र के लोगो का कहना है कि महाठग द्वारा अपने बचाव के सारे पैतरे आजमाए जा रहे है वही इसने सत्ता पक्ष के किसी बड़े नेता और पुलिस विभाग को मोटा नजराना भेंट किया है । जिसके कारण ही आज यह महाठग अय्यासी से खुले आम बेखौफ घूम पा रहा है और कानून को ठेंगा दिखा रहा । क्षेत्र में सत्ता पक्ष के सरंक्षण,राजीनामा और हाइकोर्ट से जमानत की चर्चाएं अभी जोरों पर है । जानकारों का कहना है कि इस हाईप्रोफाइल मामले का मास्टरमाइंड शिवा जो पैसे डबल करने का कार्य करता था उसके पास बेहिसाब पैसा है जो पैसों के दम पर किसी को भी खरीद सकता है कुछ भी कर सकता है पुलिस उसका एक बाल भी बांका नही कर सकती । शिवा के करीबियों का तो यहाँ तक कहना है कि कोई कुछ नही उखाड़ पायेगा थाने के सामने तहसील ऑफिस के पास के कॉम्प्लेक्स में शिवा अब ऑफिस खोलेगा । गौरतलब है महीनों बीत जाने पश्चात भी इस महाठग को पकड़ने पुलिस विभाग द्वारा किसी प्रकार की कठोर पहल नही की गई जिससे लोगो के मन मे बहुत से आशंकाएं बनी हुई है । बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि इस हाईप्रोफाइल मामले को दबाने की कोशीश की जा रही है । आलम यह है कि पुलिस विभाग की निष्क्रियता और नाकामी से महाठग शिवा साहू के हौसले बुलंद नजर आ रहे है । जहाँ शिवा अपने सोशल मीडिया में तरह तरह के पोस्ट के माध्यम से पुलिस विभाग की खिल्ली उड़ाते नजर आ रहा है । उसके सोसल मीडिया पर उसके दोस्तों ने पोस्ट मेंशन किया है जिसे उसने अपने इंस्टाग्राम पर डाला है।

शांति फाउंडेशन के प्रयासों से मिला एक महिला को उसका परिवार

कोंडागांव/नवप्रदेश।जिले के सामाजिक संस्थान शांति फाउंडेशन द्वारा लगातार सड़कों पर घूमने वाले मानसिक बीमार लोगों का इलाज कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया रहा है। जिस कड़ी में तीन माह पूर्व कोंडागांव जगदलपुर नाके के पास भटक रही एक अज्ञात मानसिक विक्षिप्त महिला जिसके फटे पुराने कपड़े गंदे बाल नाखून बड़े हुए और कुछ बता पाने में असमर्थ थी, ऐ महिला की जानकारी संस्थान को मिलने पर संस्थान द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संस्थान के एम्बुलेंस से अज्ञात विक्षिप्त महिला को रेस्क्यू कर शांति फाउंडेशन पुनर्वास केंद्र इलाज हेतु लाया गया। इलाज प्रारंभ होने के लगभग 2 महीने बाद यह अपने पति वह दो छोटे बच्चे तथा अपने घर का पता कोरंगा बताई

थी। इसके बाद संस्थान द्वारा महिला के द्वारा बताए गए पते पर खोजबीन प्रारंभ कर कुरेंगा बस्तर के सरपंच को मोबाइल द्वारा इस विक्षिप्त महिला की सूचना दिया गया। सरपंच जी के माध्यम से इस महिला के घर वालों को महिला के कोंण्डागांव पुनर्वास केंद्र में होने की बात बताई गई। जिसके बाद विक्षिप्त महिला के पति नत्थलू राम कुरेंगा निवासी शांति फाउंडेशन पुनर्वास केंद्र अपनी पत्नी को लेने पहुंचे। पुनर्वास केंद्र पहुंचने के बाद नत्थलू राम के द्वारा बताया कि मेरी पत्नी 6 माह से मानसिक बीमारी के कारण गुम हो गई थी।

परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव दूर करने प्राचार्यों को प्रशिक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष घोषित किए जाते हैं विद्यार्थियों के अपेक्षित परिणाम नहीं आने से विद्यार्थी प्रायः तनाव में रहते हैं तथा कुछ विद्यार्थी तो डिप्रेशन में चले जाते हैं, जिला प्रशासन द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जिले के हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल के सभी प्राचार्यों का प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने उदबोधन में कहा कि बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने वाले है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पहले या बाद में विद्यार्थियों को निराश होने या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। पालकों को भी बच्चों से बहुत अधिक एक्सपेक्टेशन नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे में यह प्रवृत्ति पायी जाती है या इस संदर्भ में कोई भी सूचना

मिलती है तो स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर ÷104/14416 आरोग्य सेवा निःशुल्क परामर्श÷ पर सूचित किया जा सकता है । यह टोल फ्री नंबर 24म7 संचालित रहेगा। इसके अलावा जिले के 07723299858 पर भी संपर्क किया जा सकता है। सूचना प्राप्त होने पर विद्यार्थियों के हित में तत्काल समाधान उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कई बच्चे अपेक्षा अनुसार परिणाम नहीं ला पाते इस स्थिति में तनाव नहीं लेना चाहिए। कम नंबर लाने का मतलब यह नहीं है कि नॉलेज कम है, कई व्यक्तित्व ऐसे हैं जो अपने बचपन में अच्छे नंबर नहीं ला पाए पर आगे जाकर उन्होंने बहुत ख्याति प्राप्त की। श्री मलिक ने शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों व अधिकारियों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के संबध में सतत काउंसलिंग करने के आवश्यक निर्देश दिए। ब्लाक स्तर पर भी इसी तरह का ट्रेनिंग आयोजित किए जाएंगे। अपर कलेक्टर श्री रवि साहू ने अपने अनुभव और नवजीवन के बारे में विस्तार से बताते हुए पालक व जन सहयोग आधारित कार्यक्रम, स्वयंसेवी की मदद लेने की प्रक्रिया और क्रियान्वयन के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

चट्टान से टकराकर मालगाड़ी पटरी से उतरी रोकी गई विशाखापट्टनम-किरंदुल पैसेंजर

जगदलपुर/नवप्रदेश।किरंदुल-कोट्टावालसा रेललाइन में बोडवारा और शिवलिंगपुरम स्टेशन के बीच रेलमार्ग पर चट्टान से टकराकर मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया।

इसके चलते रेल आवागमन बंद हो गया है, विशाखापट्टनम से किरंदुल आने वाली पैसेंजर को विशाखापट्टनम में अभी रोक दिया गया है। मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतरने की घटना जगदलपुर से 230 किलोमीटर दूर आंध्रप्रदेश में रविवार सुबह 6 बजे की बताई गई है। इस इलाके में रेललाइन का दोहरीकरण कार्य चल रहा है। अरकू और कोरापुट रेलखंड में रेलमार्ग अनंतगिरी घाट से गुजरती है। रेललाइन दोहरीकरण के लिए यहां पहाड़ों को काटा जा रहा है। जिससे कभी कभार चट्टानें पहाड़ से टूटकर पटरी पर गिर जाती है। इंजन के पटरी से उतरने की घटना के कारण अरकु रेलखंड में रेल आवागमन बंद है।

दहशत कोल कंपनी के अस्पताल में जमकर हुआ था हंगामा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी का मामला, नर्स पर कार्रवाई

डॉक्टर पर फेंकी चाय, कॉलर पकड़ घसीटा, 3 साल बाद बर्खास्त

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के ऊपर चाय फेंकने और कॉलर पकड़कर घसिटने के मामले में कोयला कंपनी के प्रबंधन ने मेट्रन नर्स दीपा दास को बर्खास्त कर दिया है। उसकी ग्रेच्युटी को रोकने का निर्णय लिया है।

घटना वर्ष 2021 का है। दीपका के प्रगति नगर स्थित डिस्पेन्सरी डॉ. यूपी सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। जुलाई 2021 में कार्य में लापरवाही बरतने पर डॉ. यूपी सिंह ने नर्स दीपा दास के कार्यों को लेकर असंतोष जताया था। इससे दीपा दास नाराज हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया था कि 17 जुलाई 2021 को डॉ. यूपी सिंह के ऊपर दीपा दास ने चाय फेंक दिया था।

मरीजों के सामने डॉक्टर को दी गाली उनके कॉलर को पकड़ लिया था और डॉक्टर को घसिट कर बाहर तक ले आई थी। मरीज पंजीयन कक्ष के पास गाली-गलौज और मारपीट भी की थी। इसके बाद अस्पताल में जमकर हंगामा और विवाद हुआ था। यूपी सिंह ने दीपा दास के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्रबंधन के अधिकारियों से मांग की

थी। इस मामले में प्रबंधन के समक्ष लिखित में शिकायत दर्ज कराया था। गवाह पेश नहीं कर सकी नर्स

प्रबंधन मामले की जांच कर रहा था। दीपा दास के खिलाफ 30 जुलाई 2021 को आरोप पत्र देकर स्पष्टिकरण मांगा गया था। लेकिन उनकी ओर से संतोषजनक जवाब नहीं आया। मामले की विभागीय जांच का निर्णय कोयला कंपनी ने लिया। तब से लेकर 11 अप्रैल 2024 तक दीपा दास के विरूद्ध विभागीय जांच हुई। इसके लिए टीम 54 बार बैठी। 34 बैठकों में दीपा दास की ओर से जांच कार्रवाई को आगे की बढ़ाने अर्जी दी गई। लेकिन वह ऐसा कोई गवाह प्रस्तुत नहीं कर सकी।

विदेशी संसदीय मंडल की वापसी

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारतीय लोकतंत्र के महापर्व आम चुनाव को करीब से देखने 4 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचा विदेशी संसदीय मंडल आज वापिस चलें गए । विदेशी संसदीय मंडल में नेपाल, बांग्लादेश, मॉरीशस और रूस के संसदीय सदस्य शामिल थे । विदेशी संसदीय मंडल को पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू द्वारा छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी की ओर से आत्मीय विदाई दी गई । श्री साहू ने बताया कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में हो रहे आम चुनाव का करीब से अवलोकन करने वाले विदेशी संसदीय मंडल के सदस्य, छत्तीसगढ़ से मीठी यादें साथ ले गए हैं । 4 दिवसीय प्रवास के दौरान विदेशी संसदीय मंडल का, छत्तीसगढ़ सरकार ने सनातन संस्कृति के ÷अतिथि देवो भवः÷ को चरितार्थ करते हुए, सत्कार किया, जिस पर विदेशी संसदीय मंडल ने काफी भावविभोर होकर छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

दिग्गज निवेशक बफे ने भारत में दिखाई दिलचस्पी, कहा- यहां अवसरों की भरमार

नई दिल्ली। वॉरेन बफे ने कहा कि भारत में मौजूद अवसरों को पता लगाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि बर्कशायर का नया प्रबंधन भारत में निवेश पर फैसला करेगा। दुनिया के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे आजकल काफी चर्चा में हैं। उनकी कंपनी ने इस तिमाही में जबरदस्त कमाई की है। करीब 92,719

करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। इस बीच, बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन और सीईओ वॉरेन भारत को लेकर काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने रविवार को कंपनी के शेयरधारकों के साथ सालाना बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में काफी अवसर हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी कंपनी बर्कशायर भारत में अवसरों की तलाश कर रही है। इस पर बफे ने कहा कि भारत में ऐसे अवसर और क्षेत्र हैं, जिन पर ध्यान नहीं दिया गया है। वॉरेन बफे ने भारत में निवेश को लेकर भी अपनी बात रखी। उनसे पूछा गया कि क्या उनकी भविष्य में भारत में भी निवेश करने की संभावना है? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश में अवसरों की भरमार है। सवाल यह है कि क्या हमें उन कारोबारों या संपर्कों के बारे में जानकारी मिलने से कोई फायदा है जिससे कुछ ऐसे लेनदेन संभव हो सकें जिनमें भारत के प्रतिभागी विशेष रूप से हमारी भागीदारी चाहते हों। उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि यह कुछ ऐसा है जिससे कंपनी को और अधिक ऊर्जावान बनाएगा। अब हमें दुनियाभर में जाना जाता है।हमारा जापान के साथ भी अनुभव काफी आकर्षक रहा है। इसी तरह भारत में कुछ ऐसे क्षेत्र और अवसर हो सकते हैं, जिनके बारे में जानकारी न हो।

जापान में निवेश को लेकर संतुष्ट

बफे से जब पूछा गया कि उन्होंने जापान की कंपनियों में जो निवेश किया है, वे उसे अब कैसे देखते हैं? इस बारे में बफे ने कहा कि वह जापान में निवेश को लेकर संतुष्ट हैं। बफे ने पिछले साल जापान की चार कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई थी। इनमें मारुबेनी, मित्सुई, मित्सुबिशी और सुमितोमो प्रमुख हैं। बफे चीन की कंपनियों में भी निवेश कर चुके हैं। साल 2008 में उन्होंने चीन की ऑटोमोबाइल कंपनी बीवाईडी में निवेश किया था। बफे ने अब इस कंपनी में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है।

अवसरों को पता लगाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा

भारत में प्रवेश करने का संकेत देते हुए उन्होंने कहा कि वहां मौजूद अवसरों को पता लगाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि बर्कशायर का नया प्रबंधन भारत में निवेश पर फैसला करेगा। उन्होंने कहा की देखना होगा कि आने वाले समय में कंपनी कैसा काम करती है। अच्छी बात यह है कि अब इंतजार करने के लिए ज्यादा समय नहीं है।

जीडीपी में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि

चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान भारत की जीडीपी में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक के अनुसार, भारत 2024 में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेगा।

भारत के साथ रुपये में व्यापार करेगा नाइजीरिया

नई दिल्ली। भारत और नाइजीरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 1,108 करोड़ डॉलर रहा है। इसके अलावा 2,700 करोड़ डॉलर के निवेश के साथ करीब 135 भारतीय कंपनियां नाइजीरिया में सक्रिय हैं। ये निवेश विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं, जिनमें बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, उपभोक्ता वस्तुएं और सेवाएं शामिल हैं। भारत और नाइजीरिया ने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए स्थानीय मुद्रा में व्यापार पर जल्द एक समझौता करेंगे। इसके अलावा नाइजीरिया डिजिटल भुगतान के लिए भारत के यूपीआई का इस्तेमाल करेगा। वाणिज्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल में ही नाइजीरिया की यात्रा की है, जहां अबूजा में दोनों पक्षों ने कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, औषधि, बिजली उत्पादन सहित कई ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जिनमें व्यापार व सहयोग बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा दोनों देश इस बात के लिए सहमत हुए हैं कि स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) समझौता किया जाए, ताकि दोनों देश एक-दूसरे की मुद्रा में व्यापार के लिए भुगतान कर सकें। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय एक्जिम बैंक और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के अधिकारी शामिल थे। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार के साथ-साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी निवेश को बढ़ाने के लिए कई क्षेत्रों की पहचान की है।

एफआईआई की बिकवाली का असर लार्ज कैप शेयरों पर

नई दिल्ली। शेयर बाजार में लार्ज कैप शेयरों का परफॉर्मेंस एफआईआई की बिकवाली से प्रभावित हो रहे है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अभी चौथी तिमाही के नतीजे का मौसम चल रहा है, इसमें निवेशकों को अपना पोर्टफोलियो इसी आधार पर बनाना चाहिए। बाजार बैंक ऑफ़ इंग्लैंड की नीति और यूरोजोन के जीडीपी आंकड़ों को लेकर भी सतर्क रहेगा।उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि हाई वैल्यूएशन और चुनाव संबंधी किसी झटके के कारण बाजार में कुछ हद तक करेक्शन हो सकता है।उन्होंने कहा कि एफआईआई बाजार में बिकवाली करते रहे, जिससे लार्ज कैप शेयरों के प्रदर्शन पर असर पड़ा।उम्मीद से थोड़ी बेहतर चौथी तिमाही की आय और तेल की कीमतों में सुधार के कारण सप्ताह के दौरान घरेलू बाजार की सकारात्मक शुरुआत हुई। उन्होंने कहा, हालांकि हाई इन्फ्लेशन की स्थिति जारी रहने की फेड की चेतावनी के चलते घरेलू बाजार में करेक्शन होने लगा। ऑटो कंपनियों की अच्छी कमाई के कारण सेक्टर का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा। उन्होंने कहा, इसके अलावा, चौथी तिमाही के सकारात्मक नतीजों और बिजली की मांग में बढ़ोतरी के कारण बैंकों और पावर सेक्टर में हलचल दिखाई दे रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा- हमें उम्मीद है कि बाजार व्यापक दायरे में मजबूत होगा।

स्नैक्स कंपनियों की लिवाली से फूल मखाने में आई एकतरफा तेजी

जयपुर। स्नैक्स कंपनियों एवं उपभोक्ताओं की निरंतर लिवाली निकलने तथा स्टॉक तंगी के चलते स्थानीय किराना एवं ड्राई फ्रूट मार्केट में फूल मखाना और महंगा हो गया है। जयपुर मंडी में बाल राजभोग फूल मखाना 100 रुपए और उछलकर गुरुवार को 950 रुपए प्रति किलो बिक गया। इसी प्रकार बैस्ट फूल मखाने के थोक भाव 1300 रुपए प्रति किलो बोले जाने लगे हैं।

फूल मखाने का उत्पादन मुख्य रूप से बिहार के दरभंगा, गुलाबबाग, काढ़ागोला, पूर्णिया एवं कटिहार के अलावा पश्चिम बंगाल के मालदा, उत्तर दिनाजपुर जिले के सीमावर्ती तराई वाले क्षेत्रों में होता है। बता दें फूल मखाने की फसल को भरपूर पानी की जरूरत होती है। पिछले साल तालाबों में पानी नहीं होने से मखाने की करीब 60 फीसदी फसल जल गई थी। परिणामस्वरूप फूल मखाने में भारी तेजी देखने को मिल रही है। नवरात्रा के बाद कारोबारियों का यह रूझान था कि एक बार फूल मखाने में गिरावट आएगी। मगर स्टॉक की भारी कमी के चलते भावों में और मजबूती आ गई। चांदपोल बाजार में दीनानाथ की गली स्थित कारोबारी हंसराज अग्रवाल ने बताया कि बिहार की पूर्णिया एवं दरभंगा आदि मंडियों में फूल मखाने के भाव लगातार तेज हो रहे हैं। नई फसल आने में अभी ढाई माह का समय है, तब तक फूल मखाने के दाम और उछल सकते हैं। उत्पादन केन्द्रों पर मात्र दो फीसदी व्यापारियों के पास फूल मखाने का स्टॉक है। ऐसी स्थिति में मखाने के नए भाव बनने के भरपूर आसार हैं। अग्रवाल का कहना है कि आज सौदा होने पर 10 दिन बाद भी माल मिलना मुश्किल हो गया है। क्योंकि उत्पादक मंडियों में ही इस बार स्टॉक नहीं है। गौरतलब है कि व्यापारियों को इस बार उत्पादन कम होने से फूल मखाने में भारी तेजी का अनुमान तो था, लेकिन इतना भी नहीं कि अकाल जैसी स्थिति हो गई है। जानकारों का कहना है कि दिल्ली एवं एनसीआर में 1050 रुपए बिकने वाला मखाना शीघ्र ही 1350 रुपए प्रति किलो को पार कर सकता है। रिटेल में बढ़िया मखाना 1500 रुपए प्रति किलो बिकने के समाचार हैं।

कोटक बैंक की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 4,133 करोड़ रुपए पर

मुंबई। निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पिछले साल की समान तिमाही में यह 3,496 करोड़ रुपये था।घोषित वित्तीय परिणामों में बैंक ने बताया कि तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध ब्याज आय 13 प्रतिशत बढ़कर 6,909 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 6,103 करोड़ रुपये थी।बैंक ने अपनी परिसंपत्ति की गुणवत्ता में भी सुधार दर्ज किया है। सकल गैर-निष्पादित परसंपत्ति (एनपीए) पिछले साल के 1.78 प्रतिशत से घटकर 1.39 प्रतिशत रह गई है। शुद्ध एनपीए भी एक साल पहले के 0.37 प्रतिशत से गिरकर 0.34 प्रतिशत पर आ गया।बैंक द्वारा दिया गया ऋण मार्च के अंत में एक साल पहले के मुकाबले 20 प्रतिशत बढ़कर 3,91,729 करोड़ रुपये हो गया।

रियलमी के 6 साल : इनोवेशन, डेडीकेशन और कस्टमर पर रहा कंपनी का फोकस

नई दिल्ली। इस साल की शुरुआत में रियलमी ने ब्रांड के स्लोगन मेक इट रियल को लॉन्च किया था। यह नया स्लोगन कंपनी के पिछले स्लोगन डेयर टू लीप से आगे बढ़ते हुए ब्रांड का विस्तार दिखाता है। कंपनी का मकसद युवा यूजर्स को इसके लाभ के बारे में बताना है।मेक इट रियल की शुरुआत रियलमी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई, जो बाजार में एक चुनौती बनने से लेकर उपयोगकर्ता की जरूरतों और आकांक्षाओं पर फोकस करते हुए एक ठोस ब्रांड पहचान स्थापित करने तक के ब्रांड के विकास को दिखाता है। यह बदलाव एक टेक ब्रांड बनने के लिए रियलमी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो युवा यूजर्स के साथ मेल खाता है और युवाओं के साथ इसके संबंध को मजबूत बनाता है।रियलमी अपनी छठी वर्षगांठ के करीब पहुंच रहा है, ब्रांड को शुरुआत से लेकर एक ग्लोबल पहचान बनाने तक कंपनी ने अपना अब तक का सफर तय किया है। यह किसी उपलब्धि से कम नहीं है। ब्रांड के दुनिया भर में 120 मिलियन से अधिक प्रशंसक हैं और रियलमी के रिकॉर्ड के अनुसार अकेले भारत में लगभग 100 मिलियन शिपमेंट हैं। ब्रांड का मकसद मेक इट रियल से कहीं अधिक है। यह रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाने वाली तकनीक प्रदान करने के लिए रियलमी की उत्कृष्टता और समर्पण को दिखाता है। 2024 में रियलमी ने 10 नए स्मार्टफोन मॉडल लॉन्च किए, जिनमें इसकी सबसे ज्यादा बिकने वाली नारजो सीरीज भारतीय बाजार के लिए तैयार की गई एक नई सीरीज है। ये लॉन्च इनोवेशन के प्रति रियलमी की प्रतिबद्धता और भारतीय मिड-प्रीमियम बाजार का नेतृत्व करने की उसकी महत्वाकांक्षा के प्रमाण के रूप में खड़ा है।अपनी पांचवीं वर्षगांठ के बाद से पिछला वर्ष रियलमी के लिए विशेष रूप से बेहतर रहा है। ब्रांड ने बाजार में 20 से अधिक नए उपकरण पेश किए और कई महत्वपूर्ण मील के पत्थर पार किए।

टी20 क्रिकेट का एक महत्वपूर्ण पहलू बना रहेगा : गांगुली

कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि टी20 क्रिकेट खेल का एक अभिन्न अंग है, जो इसे आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। गांगुली को लगता है कि खेल का सबसे छोटा प्रारूप कहीं नहीं जा रहा है और यह खेल का एक महत्वपूर्ण पहलू बना रहेगा।

उन्होंने टी20 प्रारूप की भी प्रशंसा की और बताया कि यह क्रिकेट में इतना महत्वपूर्ण क्यों हो गया है। गांगुली ने शुक्रवार को यहां कोलकाता में बंगाल प्रो टी20 लीग ट्रॉफी के अनावरण के दौरान ये टिप्पणी की। बंगाल प्रो टी20 लीग ट्रॉफी का अनावरण बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली, सौरव गांगुली और पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर झुलन गोस्वामी की उपस्थिति में किया गया।गांगुली ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह खेल के लिए एक शानदार परिचय है। हर चीज में बदलाव अपरिहार्य है। हम में से कई लोग जिन्होंने 2-दिवसीय क्रिकेट और 4-दिवसीय क्रिकेट खेलना शुरू किया है, उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि टी20 क्रिकेट यहीं रहेगा और यह कुछ ऐसा है जो इसे आगे ले जाएगा।बंगाल प्रो टी20 लीग

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) की आधिकारिक फ्रेंचाइजी-आधारित प्रीमियर टी20 क्रिकेट लीग है।इस बारे में मीडिया से बात करते हुए गांगुली ने कहा कि यह (टी20 लीग) हर राज्य में हो रहा है। हम शायद इसमें 5-6 साल पीछे हैं।

खेल खेलने का कोई भी तरीका हमेशा बहुत मददगार होगा। टी20 एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन दिनों क्रिकेट का चलन है और यह सभी के लिए प्रदर्शन करने का एक बड़ा अवसर होगा।बंगाल प्रो टी20 लीग का बहुप्रतीक्षित उद्घाटन संस्करण 11 जून, 2024 से कोलकाता में शुरू होने वाला है, क्योंकि 8 टीमें बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं।

बड़े मियां छोटे मियां पर भारी पड़ रही अजय की मैदान

ईद के मौके पर सिनेमाघरों में अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' और अजय देवगन की 'मैदान' रिलीज हुई थी। दोनों फिल्मों के बज को देखते हुए लग रहा था कि ये साल 2024 की सबसे बड़ी हिट साबित होंगी। लेकिन इन दोनों की परफॉर्मेंस बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब रही है। दोनों ही फिल्में रिलीज के तीन हफ्तों से बॉक्स ऑफिस पर कमाई के लिए स्ट्रगल कर रही हैं। चलिए यहां जानते हैं 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' ने रिलीज के 23वें दिन कितनी की कमाई?

अब्बास जफर के निर्देशन में बनी 'बड़े मियां छोटे मियां' एक हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस से लेकर कॉमिडी और रोमांस सब कुछ डाला गया था। हर किसी को उम्मीद थी कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर गदर उड़ा देगी। लेकिन ईद जैसे त्योहार पर रिलीज होने के बावजूद इस फिल्म ने बेहद कम कमाई की। हालांकि फिल्म ने पहले हफ्ते में 49.9 करोड़ का कलेक्शन किया। जिसके बाद लगने लगा था कि फिल्म अपना बजट तो निकाल ही लेगी. हालांकि रिलीज के दूसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई का ग्राफ गिरता चला गया और इसके सेकंड वीक का कलेक्शन 8.6 करोड़ रुपये रहा.इसके बाद फिल्म की तीसरे हफ्ते की कमाई महज 3.9 करोड़ रुपये रही. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के चौथे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और इसके चौथे फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'बड़े मियां छोटे मियां' ने रिलीज के 23वें दिन यानी चौथे फ्राइडे 30 लाख की कमाई की. इसी के साथ 'बड़े मियां छोटे मियां' का 23 दिनों का कुल कलेक्शन अब 62.70 करोड़ रुपये हो गया है. देश के बेहद फेमस फुटबॉल कोच रहे सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन ने एक बार फिर अपनी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाया है. इस इंस्पायरिंग स्टोरी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में देखकर निकलने वाले हर दर्शक ने सराहा है लेकिन फिर भी 'मैदान' कमाई के मामले में फिसड्डी साबित हुई है.शानदार रिव्यू के बावजूद 'मैदान' ने रिलीज के पहले हफ्ते में 28.35 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं दूसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई 9.95 करोड़ रुपये रही. तीसरे हफ्ते में 'मैदान' ने 7.3 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के चौथे हफ्ते में पहुंच चुकी है औ इसी के साथ 'मैदान' के चौथे फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ चुके हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मैदान' ने रिलीज के चौथे फ्राइडे 50 लाख की कमाई की है. इसी के साथ 'मैदान' का 23 दिनों का कुल कलेक्शन अब 46.10 करोड़ रुपये हो गया है.'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' बॉक्स ऑफिस पर रेंग-रेंग कर कमाई कर रही है. दोनों ही फिल्में अपने बजट की आधी लागत भी वसूल नहीं पाई है. फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर अगले हफ्ते कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है. ऐसे इन दोनों फिल्मों के पास अभी टिकट काउंटर पर थोड़ी बहुत और कमाई करने का मौका है।

बजरंग पूनिया की पेरिस ओलंपिक जाने की उम्मीदों को झटका

नई दिल्ली। बजरंग पूनिया की पेरिस ओलंपिक जाने की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी ने ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल, बजरंग पूनिया ने 10 मार्च को सोनीपत में हुए सेलेक्शन ट्रायल में डोप टेस्ट नहीं दिया था, जिसके बाद राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी (ह्रख्र) ने बजरंग पूनिया को सस्पेंड कर दिया है। नाडा के इस फैसले से बजरंग पूनिया के पेरिस ओलंपिक जाने की उम्मीदों के झटका लग सकता है। नाडा ने लिखा, 'ह्रख्र2021 के आर्टिकल 7.4 के मुताबिक आपको (बजरंग पूनिया) तत्कालीन प्रभाव से प्रोवेशनली सस्पेंड किया जाता है। जब तक इस मामले की सुनवाई और फैसला नहीं होता है तब तक आप किसी भी प्रतियोगिता या गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकते हैं। अगर बजरंग पर यह आरोप कायम रहते हैं तो वह ओलंपिक के लिए होने वाले सेलेक्शन ट्रायल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। ट्रायल्स जीतने वाला खिलाड़ी ही पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करेगा।

लाइव शो में भड़के सुनील गावस्कर

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में विराट कोहली की परफॉर्मेंस को लेकर चल रहे इंटरव्यू से महान भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर को भड़का दिया। गावस्कर का ये गुस्सा विराट कोहली पर तो निकला ही लेकिन उससे ज्यादा वो टूर्नामेंट के ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स पर भड़क गए और मैच से पहले चैनल के ही लाइव शो में जमकर खरी-खोटी सुना दी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच शनिवार 4 मई को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच से पहले गावस्कर का ये गुस्सा फूटा। संयोग से विराट कोहली का ये इंटरव्यू भी दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मैच के बाद ही आया था। अहमदाबाद में खेले गए उस मुकाबले में कोहली ने 44 गेंदों में 70 रनों की नाबाद पारी खेली थी और टीम को जीत तक पहुंचाया था। कोहली ने इस मैच में स्पिनरों को जमकर निशाना बनाया था। इस मैच से ठीक पहले सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कोहली ने 43 गेंदों में सिर्फ 51 रन ही बनाए थे, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 118 का था। इसके बाद कमेंटेटर्स से लेकर फैंस तक ने कोहली की जमकर आलोचना की थी और उनकी धीमी बैटिंग पर सवाल खड़े किए थे, फिर बेंगलुरु की जीत और अपनी दमदार पारी के बाद कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ इंटरव्यू में अपनी भड़ास निकाली थी। कोहली ने कहा था कि कॉमेंट्री बॉक्स में बैठकर लोग उनके स्ट्राइक रेट और स्पिनर्स के खिलाफ गेम पर सवाल उठाते हैं लेकिन उन्हें पता है कि वो क्या कर रहे हैं। इस इंटरव्यू के लिए भी कोहली की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी। इसके बाद से ही स्टार स्पोर्ट्स पर कई बार ये इंटरव्यू चलाया गया। यहां तक शनिवार को टॉस से पहले भी ये इंटरव्यू चलाया जा रहा था और इसी दौरान प्री-मैच शो में मौजूद सुनील गावस्कर भड़क गए। उन्होंने सीधे स्टार स्पोर्ट्स और कोहली को निशाने पर ले लिया। गावस्कर ने कहा कि कोहली ने उस मैच में जिन लोगों को निशाने पर लिया, वो स्टार स्पोर्ट्स के लिए कॉमेंट्री कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्टार स्पोर्ट्स उस इंटरव्यू को बार-बार चलाकर क्या अपने कमेंटेटर्स को ही नीचा दिखाना चाहता है?

सिराज और यश से अधिक आक्रामक गेंदबाजी देखने की उम्मीद है - फ्लावर

बेंगलुरु। लगभग तीन सप्ताह के बाद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में वापसी के साथ, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने आईपीएल 2024 अभियान में आज होने वाले मैच के लिए उत्साहित है। हैदराबाद और अहमदाबाद में आरसीबी की लगातार जीत का एक महत्वपूर्ण घटक उनकी आक्रामक तेज गेंदबाजी थी। मुख्य कोच एंडी फ्लावर गुजरात टाइटंस के खिलाफ आज के मुकाबले में मोहम्मद सिराज और यश दयाल जैसे खिलाड़ियों को और अधिक देखने के लिए उत्सुक हैं। आरसीबी मैच के दिन मुख्य कोच फ्लावर ने कहा कि हमारे बल्लेबाज निश्चित रूप से न केवल अच्छे बल्लेबाजी डेक पर बल्कि हमारे शानदार दर्शकों के सामने भी बीच में बल्लेबाजी करना चाहेंगे। मुझे यह देखकर आनंद आया कि हमारी तेज गेंदबाजी इकाई वास्तव में आक्रामक अंदाज में गेंदबाजी कर रही है। हमने पिछले तीन मैचों में उन्हें पावरप्ले में अधिक विकेट लेते देखा है।

■ न्यूज गैलरी

दुकान के सामने खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। चिकनी मंदिर के पीछे अमित एजेंसी दुकान के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुमार हरपाल 37 वर्ष बीएसयूपी कालोनी भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएक्स 7669 को चिकनी मंदिर के पीछे अमित एजेंसी दुकान के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। पीली बिल्डिंग के पास फाफाडीह में पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुक्कु सोनकर 40 वर्ष संतोषी नगर खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह फाफाडीह पीली बिल्डिंग के तरफ घुमने गया था, तभी आरोपी आशीष सोनकर, जुगनु व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जुआ व सट्टा खेलते तीन युवक पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन और गुढ़ियारी थाना पुलिस ने अभियान चलाकर जुआ व सट्टा खेलते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 7150 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संत कंवरराम चौक के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी लक्ष्मीकांत वैष्णव 28 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 5500 रुपए जब्त किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने लोको कालोनी मंदिर के पास दबिश देकर सट्टा खेलते आरोपी जयंत गोश्वामी 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1650 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते दर्जन भर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना रेलवे फाटक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी प्रताप सिंह ध्रुव 33 वर्ष व करण भारती 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी अक्षय पाठक 29 वर्ष एवं सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी नेतराम साहू 45 वर्ष व घनश्याम देवांगन 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मौदहापारा पुलिस ने आरोपी सलीम धोबानी 55 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी मोह.आमीर 22 वर्ष व सरफराज खान 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी पंकज टण्डन 25 वर्ष व कमलेश टण्डन 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी नारायण चतुर्वेदी 44 वर्ष व गोवर्धन गायकवाड़ 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

गुम महिला को मुंबई से सकुशल लेकर लौटी पुलिस

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। गुम महिला श्रीमती शारदा बाई वर्मा पति सुनील वर्मा 40 साल साकिन ग्राम गाजमर्रा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव जो घटना दिनांक- 30.04.2024 को ग्राम गाजमर्रा से गुम हो गई थी। जिसकी पता मुबंई में चलने पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा एवं सउनि एसएम कुरैशी के द्वारा तकनिकी सहायता एवं महिला हेल्प लाईन व सखी सेन्टर के मदद से महिला को आज दिनांक 05.05.2024 को दस्तयाब कर महिला को उसके परिजन से मिलाया गया। महिला से पुछताछ करने पर अपने बड़े लड़का से मिलने दुर्ग जाने के लिये स्टेशन आई टेऊन आने पर उसमें धोखा से बैठ गई वह टेऊन मुम्बई लेकर चली गई जहां से किसी व्यक्ति के फोन के माध्मम से घर में संपर्क करना बताई व अपने साथ कोई अप्रिय घटना घटित नहीं होना बताई।

बोर्ड परीक्षा के परीणाम चुनाव के बाद होंगे जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के नतीजे की घोषणा 9 अथवा 10 मई को की जा सकती है. दोनों परीक्षाओं के नतीजे तैयार करने का काम लगभग पूरा हो चुका है. अब नतीजे घोषित होने का इंतजार है. माशिमं ने दोनों परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय पर पूरा कर लिया. इसके बाद नतीजे तैयार किए गए. बताते हैं कि नतीजे तैयार करने का काम भी लगभग पूरा हो चुका है. प्रयास किया जा रहा है कि रोके गए नतीजे के

प्रकरणों की संख्या कम से कम हो. इसके अलावा टॉपर बच्चों के अंकों का पुनर्मिलान किया जा रहा है ताकि किसी तरह की कोई दिक्कत न हो. सूत्रों के अनुसार 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं के नतीजे अन्य वर्षों की भांति एक साथ 9 अथवा 10 मई को घोषित किए जाएंगे. नतीजे के साथ दोनों परीक्षाओं के टॉप टेन की सूची भी जारी की जाएगी. इस बार बोर्ड परीक्षा में 6 लाख 6 हजार 578 विद्यार्थी पंजीकृत हुए थे. इनमें 12वीं में 2.61 लाख तथा 10वीं में 3 लाख 45 हजार 543 बच्चे पंजीकृत थे।

मरीन ड्राइव के पास चलती कार में लगी आग

■ **मामलो में किसी को शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचने की खबर नहीं है**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में चलती कार में आग लग गई। मामला तेलीबांधा के पास मरीन ड्राइव का है। हालांकि इन दोनों ही मामलो में किसी को शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचने की खबर नहीं है। रायपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में कपड़ा कारोबारी संतोष माखीजा अपनी पत्नी के साथ कार से सदर बाजार किसी काम से आए हुए थे। काम निपटाकर वे घर जाने के लिए निकल रहे थे। कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद कार से अचानक तेजी से धुआं उठने लग गया। संतोष माखीजा कुछ समझ पाते तभी कार के बोनट से आग की लपटें तेजी से उठने लगीं। फौरन दोनों पति-पत्नी कार से निकलकर बाहर की ओर भागे। इस बीच कार के सामने के हिस्से में आग फैल गई। आसपास मौजूद लोगों ने फौरन पानी और फायर एक्सटिंगुइशर की मदद से आग पर काबू पाया। इस घटना में कार का एक हिस्सा बुरी तरह जल गया। हालांकि किसी को चोट नहीं आई है। इसी तरह की घटना तेलीबांधा के पास मरीन ड्राइव में हुई।

आधी रात तीन दुकानों में लगी आग

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित राजधानी विहार के पास तीन दुकानों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। आग लगने से तीन गुमटीनुमा दुकानों का सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। आगजनी में दुकानदारों का लाखों का नुकसान हो गया। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। घटना देर रात डेढ़ बजे की बताई जा रही है। विधानसभा थाना क्षेत्र का मामला है।

बीएसपी के एसएमएस-3 में लगी भीषण आग

दुर्ग/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र में रात 1 बजे एसएमएस - 3 में लेडल पंचर होने से आग लग गई। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची बीएसपी फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन बीएसपी प्रबन्धन को लाखों का नुकसान हुआ है। जानकार बताते हैं कि लेडल पंचर होने की घटना आम बात है, लेकिन इस बार लेंडल भारी मात्रा में बाहर आया और जिससे आग लग गई। फिलहाल लेडल के कचरे को हटाया जा रहा है। इसके साथ ही बीएसपी प्रबन्धन इस पूरे घटना की जांच में जुट गई ।

किरंदुल लाइन पर लैंडस्लाइड से थमे ट्रेनों के पहिए

जगदलपुर/नवप्रदेश। किरंदुल-कोट्टावालसा रेललाइन में आज सुबह लैंडस्लाइड हो गया है। जिससे बोडवारा और शिवलिंगपुरम स्टेशन के बीच चट्टान से टकराकर मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया। घटना जगदलपुर से 230 किलोमीटर दूर आंध्रप्रदेश के पास घटी। जिसके चलते रेल आवागमन बंद हो गया है। विशाखापट्टनम से किरंदुल आने वाली पैसेंजर स्पेशल ट्रेन को विशाखापट्टनम में अभी रोक दिया गया है। रेललाइन का दोहरीकरण कार्य चल रहा है। अरकू और कोरापुट रेलखंड में रेलमार्ग अनंतगिरी घाट से गुजरती है। रेललाइन दोहरीकरण के लिए यहां पहाड़ों को काटा जा रहा है। जिससे कभी कभार चट्टानें पहाड़ से टूटकर पटरी पर गिर जाती है। ट्रेक को बहाल करने टीम को मौके के लिए रवाना किया गया है।

पत्थर खदान में हुआ हादसा तीन मजदूर गंभीर रूप से झुलसे

■ **घायलों को भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती कराया गया**

दुर्ग/नवप्रदेश। नंदिनी थाना क्षेत्र स्थित पत्थर खदान में हुए हादसे में तीन श्रमिक झुलस गए। घायलों को भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक ही हालत गंभीर बताई गई है। नंदिनी थाने की पुलिस टीम जांच पड़ताल में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, खदान में माउंट ड्रिलिंग मशीन में डीजल फीलिंग के वक्त अचानक गर्म डीजल ड्राइवर समेत तीन श्रमिकों पर छिटक गया, जिसे तीनों बुरी तरह झुलस गए। नंदनी थाना टीआई सतीश साहू ने बताया कि इस हादसे में ड्राइवर की लापरवाही सामने आई है।

उन्होंने बताया कि लगातार पत्थर में ड्रिलिंग की वजह से मशीन गर्म हो चुकी थी और इसी दौरान उसमें डीजल भरा जा रहा था। गर्म होने के वजह से डीजल डालते ही टैंक से डीजल छिटक गया, जिससे तीन लोग झुलस गए। घायलो को दुर्ग जिला अस्पताल लाया गया, जहां हालत बिगड़ते देख सेक्टर 9 हॉस्पिटल रिफर किया गया। अस्पताल के बर्न यूनिट में तीनों का इलाज जारी है।

माइनिंग विभाग की निष्क्रियता दे रही क्षेत्र मे अवैध खनन को बढ़ावा

सरसींवा/नवप्रदेश। नव निर्मित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ मे अनेको माइनिंग कार्य चाल रहा है जैसे की स्टोन्स माइनिंग, स्टोन क्रेसर, रेत परिवहन, ईटा भठ्ठा इत्यादि। सूत्रों द्वारा मिले जानकारी के अनुसार अधिकांश स्टोन क्रेसर इससे सम्बंधित मापदंड पर संचालित नहीं हो रहा कुछ ने अपने एन ओ सी को रिन्यूअल नहीं कराया है फिर भी सालो से चलाया जा रहा है । क्षेत्र मे रेत, गिट्टी का परिवहन नियम अनुसार नहीं किया जा रहा है और माइनिंग विभाग आय दिन कार्यवाही के नाम पर छोटे मोटे अपने घर य गाँव के आवश्यक काम के लिए ले जा रहे ट्रेक्टर पर

कार्यवाही कर रही है । वही पुरे क्षेत्र मे इसके साथ साथ बहुत सारे अवैध माइनिंग चल रहा परन्तु उन पर माइनिंग विभाग का सक्रियता नहीं दिखती । पुरे एरिया मे स्टोन माइनिंग का कई माइंस है जोकि मापदंड के अनुसार संचालित नहीं हो रह परन्तु इन पर माइनिंग विभाग का सक्रियता नहीं दीखता । कथित तौर पर माइनिंग विभाग को लेकर यह भी चर्चा है की माइनिंग विभाग नये नये कारोबारियों पर दबाव बनाने के लिए उन्हें पकड़ी है और लम्बे समय से परिवहन कर रहे उनसे सम्बन्ध स्थापित कर दोस्त

भयमुक्त और शांतिपूर्ण मतदान के लिए कोरिया तैयार

■ **दो लाख से अधिक मतदाता तय करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला**

कोरिया /नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा संसदीय सीट में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। कोरिया जिले के बैकुंठपुर व सोनहत विकासखंड के सभी मतदान केंद्रों में प्रशासन ने चुनाव को लेकर सभी तैयारियां कर ली हैं।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने मतदान दलों की रवानगी के पूर्व स्ट्रांग परिसर का मुआयना किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को 6 मई को नियत समय पर पहुंचने के निर्देश दिए। इस अवसर जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंकिता सोम व सम्बंधित नोडल अधिकारी मौजूद थे।

कोरबा लोकसभा सीट में कोरबा, कोरिया, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, व मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 8 विधानसभा क्षेत्र के 16 लाख से अधिक मतदाता भाग लेंगे। कोरिया जिले के बैकुंठपुर एवं सोनहत विकासखण्ड के मतदान केन्द्रों के लिए 6 मई को मतदान अधिकारी, मतदान सामग्री के साथ 2 लाख से अधिक मतदाताओं को मतदान कराने के लिए रवाना होंगे। मंगलवार 7 मई को सुबह सात बजे मतदान शुरू हो जाएगा, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में 16 लाख से अधिक मतदाता हैं, जबकि कोरिया जिले में 2 लाख 7 हजार 292 मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 941 है, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 344 और तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 7 है।



सीमा विवाद पर 21 दिनों तक फांसी पर लटकी रही प्रेमी युगल की लाश

■ **देवभोग पुलिस पहुंची ओडिशा, परिजनों के साथ उतारा शव**

गरियाबंद/नवप्रदेश। ओडिशा के जंगलों में बीते 21 दिनों से एक ही फंदे पर लटकी प्रेमी युगल की लाश को आखिरकार पुलिस ने नीचे उतारा. प्रेमी युगल की पहचान होने के बाद भी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के बीच सीमा विवाद की वजह से पेड़ पर लाश लटकी हुई थी. आखिरकार आज मृतक के परिजनों के साथ देवभोग पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई की.

बता दें कि गरियाबंद के देवभोग थाना क्षेत्र के कुम्हडी कलागांव से बीते 14 अप्रैल से लापता प्रेमी युगल का शव ओडिशा के जंगलों में एक ही फंदे पर लटका मिला. फैले बदबू से 1 मई को ही बॉडी होने की भनक लग चुकी थी. पहले 3 मई को देवभोग पुलिस डेड बॉडी लेने गई, लेकिन गूगल मेप के लोकेशन ओडिशा में नजर आने पर आगे की कार्रवाई नहीं की। देवभोग पुलिस ने इसके बाद ओडिशा के चंदाहांडी पुलिस को सूचना दी. चंदाहांडी पुलिस 4 मई को मृतक के परिजनों को लेकर मौके पर भी पहुंची, लेकिन घटनास्थल को अपनी सीमा के भीतर नहीं बताकर पल्ला झाड़ लिया था, जिसके बाद आज देवभोग पुलिस दोबारा डेड बॉडी को लेने के लिए मृतक के परिजनों के साथ मौके के लिए निकली थी.

अवैध शराब बेचते 7 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 113 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 1120 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने ग्राम सिनोधा में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी रोहित साहू 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है7 पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने माना बस्ती बेरियर के पास आरोपी नारद साहू 43 वर्ष, बाबू सरकार 48 वर्ष व रामकुमार बंजारे 57 वर्ष को गिरफ्तार किया है।